राष्ट्रीय दैनिक


# प्रातःकिरण

हर खबर की खबर

नई दिल्ली, पटना, एवं जबलपुर (म. प्र.) से एक साथ प्रकाशित

/Pratahkiran /Pratahkiran /Pratahkiran




12 ट्रंप के टैरिफ वार के बीच रूस में डोभाल की...

कहीं अमेरिका पर ही भारी न पड़ जाए... 10



वर्ष : 16 ■ अंक : 97 ■ नई दिल्ली, रविवार, 10 अगस्त, 2025 ■ विक्रम संवत् 2082 ■ पेज : 12 ■ मूल्य ₹ : 03.00 | www.pratahkiran.com


# रिश्तों में बढ़ेगी तल्खी: किसी भी हाल में ट्रंप के टैरिफ के आगे नहीं झुकेगा भारत

प्रात : किरण, एजेंसी

नई दिल्ली। केंद्रीय वाणिज्य और उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने एक कार्यक्रम में भारत की आर्थिक मजबूती पर भरोसा जताते हुए कहा कि वैश्विक व्यापार मार्गों और साझेदारियों में बदलाव के बीच भारत अवसरों का लाभ उठाने के लिए तैयार है। गोयल ने अंतरराष्ट्रीय व्यापार की गतिशील प्रकृति पर प्रकाश डाला और कहा कि दुनिया निरंतर विकसित हो रही है और अंतरराष्ट्रीय व्यापार नया रास्ता तलाश रहा है।

गोयल ने भरोसा जताया कि भारत विजेता के रूप में उभरेगा। ट्रम्प के भारत को डेड इकोनॉमी बताने वाले बयान का जवाब देते हुए गोयल ने तंज कसते हुए कहा कि समझने वाले समझ गए, जो न समझे वो अनाड़ी हैं। गोयल ने भारत की मजबूत आर्थिक नींव पर जोर दिया और कहा कि पूरी दुनिया भारत को सबसे तेजी से बढ़ती बड़ी अर्थव्यवस्था के रूप में देख रही है। पूरी दुनिया भारत की ताकत, हमारी डेमोग्राफिक ताकत और 1.4 अरब महत्वाकांक्षी भारतीयों की मांग को पहचान रही है। उन्होंने सवाल उठाया कि भारत एक विशाल बाजार है। उन्होंने सवाल किया कि आपको क्यों लगता है कि देश हमारे साथ व्यापार या बेहतर बाजार पहुंच के लिए कतार में हैं? यह भारत की बढ़ती वैश्विक निवेश और व्यापार साझेदारी की अपील को दशार्ता है। ट्रम्प के शुल्क से कपड़ा, दवा और इलेक्ट्रॉनिक्स जैसे क्षेत्रों में निर्यातकों के बीच चिंता है, जो अमेरिकी बाजार पर निर्भर हैं। गोयल ने वर्तमान वैश्विक आर्थिक परिदृश्य को एक स्वाभाविक उथल-पुथल बताया, जहां कुछ देश उभरते हैं और कुछ पीछे रह जाते हैं। उन्होंने जोर देकर कहा कि यह भारत का समय है और भारत को वैश्विक बाजारों में एक प्रमुख खिलाड़ी के रूप में उभरते हुए देखा जा रहा है। मंत्री ने भविष्यवाणी की कि चालू वित्त वर्ष 2025-26 में भारत का निर्यात पिछले वर्ष के रिकॉर्ड 825 बिलियन डॉलर को पार कर जाएगा, जिसमें 437 बिलियन डॉलर से अधिक मूल्य के वस्तु निर्यात शामिल थे। ये वैश्विक अनिश्चितताओं के बावजूद स्थिर रहे। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प द्वारा प्रस्तावित 50 फीसदी शुल्क के प्रभाव के बारे में पूछे जाने पर गोयल ने निश्चिंतता जताई। उन्होंने कहा कि भारत संकट में अवसर तलाशता है। राष्ट्र का मनोबल ऊंचा है और भारतीय अर्थव्यवस्था में बहुत ताकत है।



**मौसम**

अधिकतम तापमान 30.0°C

न्यूनतम तापमान 24.0°C

राजधानी दिल्ली व आसपास के क्षेत्रों में आज भी बारिश के आसार

| | |
|---|---|
| हां | 50% |
| नहीं | 40% |
| कह नहीं सकते | 10% |

**बाजार**

| | |
|---|---|
| सोना | 1,03,995 |
| चांदी | 1,17,000 |
| सेंसेक्स | 79,857 |
| निफ्टी | 24,363 |

## संक्षिप्त खबरें

### 'भारत छोड़ो आंदोलन' की वर्षगांठ पर पीएम मोदी ने आंदोलनकारियों को दी श्रद्धांजलि

नई दिल्ली। पीएम नरेन्द्र मोदी ने शनिवार को 'भारत छोड़ो आंदोलन' की 83वीं वर्षगांठ पर इसमें भाग लेने वाले आंदोलनकारियों को श्रद्धांजलि देते हुए कहा कि उनके साहस ने देशभक्ति की ऐसी चिनगारी जलाई जिसने स्वतंत्रता की ललक में असंख्य लोगों को एकजुट कर दिया था। उन्होंने कहा कि हम उन सभी बहादुर लोगों को गहरी कृतज्ञता के साथ याद करते हैं, जिन्होंने महात्मा गांधी के नेतृत्व में भारत छोड़ो आंदोलन में भाग लिया। पीएम मोदी ने कहा कि उनके साहस ने देशभक्ति की एक चिंगारी जलाई जिसने स्वतंत्रता की ललक में अनगिनत लोगों को एकजुट कर दिया था।

### रक्षाबंधन पर तेजस्वी की चिट्ठी

पटना। बिहार विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव ने रक्षाबंधन पर बिहार की बहनों को चिट्ठी लिखकर शुभकामनाएं दीं और अपने लिए राजनीतिक समर्थन मांगा। रक्षाबंधन के मौके पर बिहार की बहनों को एक मार्मिक चिट्ठी लिखी। एक्स और फेसबुक पर साझा इस पत्र में उन्होंने रक्षाबंधन की शुभकामनाओं के साथ-साथ एक विशेष राजनीतिक अपील की। राजद नेता ने बिहार में 'माई-बहन योजना', मुफ्त बिजली और सस्ता गैस सिलेंडर जैसी योजनाओं का वादा किया। तेजस्वी यादव ने लिखा, मेरी प्रिय बिहार की बहनों, आज अपने भाइयों को राखी बांधने के बाद एक राखी अपने इस भाई तेजस्वी के नाम की भी बांधें।

# रक्षाबंधन के अवसर पर स्कूली छात्राओं ने पीएम को बांधी राखी

प्रात : किरण, एजेंसी

नई दिल्ली। देश भर में शनिवार को रक्षाबंधन का पर्व पूरे हर्षोल्लास के साथ मनाया जा रहा है। भाई-बहन के रिश्ते को समर्पित इस त्योहार पर दिल्ली के 7, लोक कल्याण मार्ग स्थित प्रधानमंत्री आवास पर एक भावनात्मक आयोजन हुआ, जहां विभिन्न स्कूलों की छात्राओं ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को राखी बांधी। प्रधानमंत्री मोदी के आवास पर दिल्ली के विभिन्न स्कूलों की छात्राओं ने उत्साह और उमंग के साथ हिस्सा लिया। इन छात्राओं ने पीएम मोदी की कलाई पर राखी बांधी और उनके दीर्घायु होने की कामना की। इस दौरान प्रधानमंत्री मोदी ने भी बड़ी ही आत्मीयता के साथ सभी छात्राओं का स्वागत किया और उनके साथ समय बिताया। इससे पहले, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देशवासियों को रक्षाबंधन की शुभकामनाएं दी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर एक पोस्ट में लिखा, 'सभी देशवासियों को रक्षाबंधन की अनेकानेक शुभकामनाएं।' इससे पहले, भारतीय सेना की दक्षिणी कमान के जवानों को भी बच्चियों ने राखी बांधी। दक्षिणी कमान ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा, रक्षाबंधन के पावन अवसर पर, संस्कृति फाउंडेशन के स्वयंसेवकों और बच्चों ने बाइसन डिवीजन के सैनिकों को राखी बांधी और इस बात की पुष्टि की कि हमारे सैनिक कभी भी अपने परिवार से दूर नहीं होते। हम इस हार्दिक समर्पण, सम्मान और स्नेह के बंधन को बहुत महत्व देते हैं जो राष्ट्र निर्माण में सेवा और योगदान के हमारे संकल्प को और मजबूत करता है। रक्षाबंधन के पावन अवसर पर, नन्ही बच्चियों ने सेना प्रमुख जनरल उपेंद्र द्विवेदी को राखियां बांधी। सेना प्रमुख का हाथ, जो देश की रक्षा का प्रतीक है, इन पवित्र राखियों से सज गया। यह राखी इस बात का प्रतीक है कि भारतीय सेना देश की सीमाओं की रक्षा के लिए हमेशा तत्पर रहती है और नागरिकों को सेना पर पूरा भरोसा है। रक्षाबंधन पर्व पर बहनें अपने भाइयों की कलाई पर राखी बांधती हैं।



# साध्वी निरंजन ज्योति ने मुख्तार अब्बास नकवी को बांधी राखी, दोनों नेताओं ने रक्षाबंधन के महत्व पर डाला प्रकाश

प्रात : किरण, एजेंसी

नई दिल्ली। रक्षाबंधन के पावन अवसर पर भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की वरिष्ठ नेता और साध्वी निरंजन ज्योति ने देशवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं दी। इस खास मौके पर साध्वी निरंजन ज्योति ने मुख्तार अब्बास नकवी को राखी भी भी बांधी। इसके बाद दोनों नेताओं ने राखी के महत्व पर प्रकाश डाला। साध्वी निरंजन ज्योति ने भाजपा नेता मुख्तार अब्बास नकवी के साथ अपने रिश्ते का जिक्र करते हुए कहा कि यह बंधन राजनीतिक नहीं, बल्कि दिल से दिल तक का है। साध्वी निरंजन ज्योति ने कहा, रक्षाबंधन का धागा सिर्फ एक धागा नहीं, बल्कि भाई-बहन के प्यार और विश्वास का प्रतीक है। यह परंपरा राजा बाली के समय से चली आ रही है, जब मां लक्ष्मी ने भगवान विष्णु को राखी बांधकर रक्षा का वचन लिया था। उन्होंने बताया कि नकवी के साथ उनका रिश्ता तब से है, जब वह न तो सांसद थीं और न ही विधायक। भाजपा में शामिल होने के बाद नकवी उनके लिए भाई की तरह बन गए। मैं ईश्वर से प्रार्थना करती हूं कि हर भाई-बहन का रिश्ता अटूट रहे। यह हमारी भारतीय संस्कृति है, जो परिवार को जोड़ती है।

साध्वी ने अपने जीवन का जिक्र करते हुए कहा कि वह एक साधारण परिवार से हैं, जहां बिजली-पानी जैसी सुविधाएं नहीं थीं। भाजपा में काम करते हुए उन्हें नकवी जैसे भाई और पार्टी के कई अग्रज मिले। हर बहन अपने भाइयों के साथ खुद को सौभाग्यशाली समझती है। साध्वी ने कहा कि व्यस्तता के बावजूद वह अपने हाथों से नकवी को राखी बांधने की कोशिश करती हैं। उन्होंने एक भजन का उल्लेख किया, कई जन्मों से बुला रहे हो, कोई तो रिश्ता जरूर होगा, जो उनके रिश्तों की गहराई को दशार्ता है। वहीं, भाजपा नेता मुख्तार अब्बास नकवी ने भी रक्षाबंधन पर देशवासियों को शुभकामनाएं दीं। उन्होंने साध्वी निरंजन ज्योति को दीदी कहते हुए उनके योगदान की सराहना की और कहा, दीदी जहां भी हों, रक्षाबंधन पर अपना आशीर्वाद देती हैं। सनातन आस्था दुनिया की सबसे पुरानी और श्रेष्ठ आस्था है, जो अनेकता में एकता का संदेश देती है।



# कश्मीर मुद्दा सुलझाने अमेरिका या अन्य देश की मदद का करेंगे स्वागत

■ पाकिस्तान के विदेश कार्यालय के प्रवक्ता ने फिर अलापा कश्मीरी राग

प्रात : किरण, एजेंसी

नई दिल्ली। पाकिस्तान ने फिर कश्मीर का राग अलापा है। पाक ने कहा कि वह कश्मीर मुद्दे को सुलझाने के लिए अमेरिका या किसी अन्य देश की मदद का स्वागत करेगा। पाकिस्तान के विदेश कार्यालय के प्रवक्ता शफकत अली खान ने यह टिप्पणी एक प्रेस वार्ता में पूछे गए सवाल के जवाब में की। उन्होंने कहा कि अमेरिका या कोई भी देश जो स्थिति को स्थिर करने और कश्मीर विवाद के समाधान की दिशा में आगे बढ़ने में मदद कर सकता है। हम उसका स्वागत करेंगे। भारत का कहना है कि वह पाकिस्तान के साथ अपनी बातचीत में किसी तीसरे पक्ष की भागीदारी नहीं चाहता। 1972 में दोनों देशों के बीच हुए शिमला समझौते में कश्मीर मुद्दे पर किसी भी तीसरे पक्ष की मध्यस्थता को अस्वीकार किया गया है। मई में चार दिन के संघर्ष के बाद मुद्दों को सुलझाने के लिए पाकिस्तान और भारत के बीच किसी भी संपर्क के बारे में पूछे सवाल पर खान ने कहा कि ऐसा कोई संपर्क नहीं था, लेकिन उन्होंने कहा कि हम इस मुद्दे के समाधान के लिए दोनों पक्षों के साथ काम करने की अमेरिका की रुचि का स्वागत करते हैं।

### त्योहारों पर रेल यात्रियों के लिए खुशखबरी

नई दिल्ली। भारतीय रेलवे ने यात्रियों के लिए एक नई सुविधा की घोषणा की है, जिसके तहत आने और जाने का टिकट एक साथ बुक कराने पर रिटर्न जर्नी के बेस किराए पर 20प्रतिशत की छूट मिलेगी। इस 'राउंड ट्रिप पैकेज' स्कीम को फिलहाल प्रयोग के तौर पर लागू किया जा रहा है, ताकि इसके असर और यात्रियों की प्रतिक्रिया का आकलन किया जा सके। यह राउंड ट्रिप पैकेज योजना 14 अगस्त से शुरू की जाएगी। इसके तहत यात्रियों को पहली यात्रा का टिकट 13 अक्टूबर से 26 अक्टूबर 2025 के बीच की तारीख के लिए बुक करना होगा।

# भारत सही मायने में विश्व गुरु तब बनेगा जब देश अध्यात्म की और बढ़ेगा: भागवत

प्रात : किरण, एजेंसी

नई दिल्ली। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ प्रमुख मोहन भागवत ने दुनिया में भारत के विश्व गुरु कहे जाने को लेकर कहा कि विश्व भारत को उसके अध्यात्म के लिए महत्व देता है और इस क्षेत्र में देश को विश्व गुरु मानता है, बजाय इसके कि वह इस बात से आश्चर्यचकित हो कि हमारी अर्थव्यवस्था कितनी तेजी से बढ़ रही है। एक कार्यक्रम में भागवत ने कहा कि सभी के साथ अच्छाई बांटने और दूसरों के लिए जीने भी भावना ही भारत को सचमुच में महान बनाती है। उन्होंने जोर देते हुए कहा कि अगर हम 3000 अरब अमेरिकी डॉलर की अर्थव्यवस्था बन भी जाएं तो दुनिया को इससे कोई आश्चर्य नहीं होगा, क्योंकि कई देश हैं जिन्होंने यह उपलब्धि हासिल की है। अमेरिका अमीर है, चीन अमीर हो गया है और कई अमीर देश हैं। कई चीजें ऐसी हैं जो अन्य देशों ने की हैं और हम भी करेंगे, लेकिन दुनिया में अध्यात्म और धर्म नहीं है जो हमारे पास है। संघ प्रमुख ने कहा कि अर्थ (धन) भी महत्वपूर्ण है इसके साथ ही सभी क्षेत्रों में प्रगति भी जरूरी है, लेकिन भारत सही मायने में विश्व गुरु तब माना जाएगा जब देश अध्यात्म की और आगे बढ़ेगा। उन्होंने कहा कि अध्यात्म और धर्म में यह वृद्धि तब होगी जब हम न केवल त्योहार मनाएंगे और अपनी पूजा पद्धति से काम करेंगे, बल्कि हमारा जीवन भी भगवान शिव की तरह इतना निर्भय हो जाएगा कि हम अपने गले में सांप भी धारण कर सकें।

# चुनाव आयोग ने 334 गैर मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों का पंजीकरण किया रद्द

प्रात : किरण, एजेंसी


नई दिल्ली। देश की चुनावी प्रणाली को पारदर्शी और प्रभावी बनाने की दिशा में बड़ा कदम उठाते हुए निर्वाचन आयोग ने 334 पंजीकृत अवैमान्य राजनीतिक दलों को अपनी सूची से हटा दिया है. यह कार्रवाई लगातार छह वर्षों तक चुनाव में हिस्सा न लेने और जन प्रतिनिधित्व अधिनियम, 1951 की धारा 29ए के तहत निर्धारित नियमों का पालन न करने के आधार पर की गई है। इस कदम से अब देश में पंजीकृत दलों की संख्या 2854 से घटकर 2520 रह गई है। आयोग के अनुसार देश में वर्तमान में छह राष्ट्रीय दल, 67 क्षेत्रीय दल और 2854 अवैमान्य पंजीकृत हैं। इन दलों को पंजीकरण के समय नाम, पता, पदाधिकारियों के विवरण देने और किसी भी बदलाव की सूचना आयोग को तुरंत देने की बाध्यता होती है. साथ ही दिशा-निदेर्शों के तहत यदि कोई दल छह साल तक चुनाव में भाग नहीं लेता, तो उसका पंजीकरण रद्द किया जा सकता है. जून 2025 में आयोग ने राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के मुख्य निर्वाचन अधिकारियों (सीईओ) को 345 पंजीकृत की जांच के निर्देश दिए थे. इन दलों को शोकॉज नोटिस जारी





### 345 में से 334 दलों ने नियमों का उल्लंघन किया

मुख्य निर्वाचन अधिकारियों की रिपोर्ट के आधार पर 345 में से 334 दलों को नियमों का उल्लंघन करने के लिए डीलिस्ट किया गया, जबकि शेष मामलों को पुनः सत्यापन के लिए भेजा गया है. आयोग ने इस प्रक्रिया को निर्वाचन प्रणाली की सफाई और सुद्दढीकरण के लिए अपनी व्यापक रणनीति का हिस्सा बताया. डीलिस्ट किए गए दलों को अब जन प्रतिनिधित्व अधिनियम की धारा 29इ और 29उ, आयकर अधिनियम 1961 और चुनाव चिह्न (आरक्षण और आवंटन) आदेश 1968 के तहत कोई लाभ जैस्बे कर छूट, मुफ्त मतदाता सूची, प्रसारण सुविधाएं या चुनाव चिह्न प्राप्त नहीं होंगे। प्रभावित दलों को आदेश की तारीख से 30 दिनों के भीतर आयोग में अपील करने का अधिकार दिया गया है. यह कदम राजनीतिक दलों की जवाबदेही बढ़ाने और निष्क्रिय दलों को हटाकर चुनावी प्रक्रिया को सुव्यवस्थित करने की दिशा में है. विशेषज्ञों का मानना है कि यह कदम उन दलों की संख्या पर अंकुश लगाएगा जो पंजीकरण के लाभ उठाते हुए चुनावी राजनीति में सक्रिय नहीं होते, जिससे वास्तविक प्रतिस्पर्धी दलों को अवसर मिलेगा।

## संक्षिप्त समाचार

### गुरुद्वारे से चोरी के मामले में मुकदमा दर्ज

**डोईवाला, एजेंसी।** गुरुद्वारा दशमेश दरबार 40 मुक्ते फतेहपुर टांडा में बीते 29 जुलाई को अज्ञात चोरों ने गुरुद्वारे की गुल्लक को तोड़कर नकदी चोरी कर ली थी। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर लिया है। गुरुद्वार कमेटी प्रबंधक साहब सिंह ने दी तहरीर में बताया कि 29 जुलाई की रात तीन से चार अज्ञात लोग गुरुद्वारे में घुसे और गुल्लक दानपात्र को तोड़कर 10-12 हजार की नकदी चोरी कर ले गए। सुबह जब गुरुद्वारे में पाठ करने के लिए ज्ञानी पहुंचे तो चोरी होने का पता चला। चोरी की घटना से सिख समाज के लोगों में रोष है। गुरुद्वारा कमेटी पदाधिकारियों ने पुलिस से जल्द आरोपियों को पकड़ने की मांग की है। प्रभारी निरीक्षक कमल कुमार लुंठी ने बताया कि मामला दर्ज कर लिया गया है और जांच पड़ताल शुरू कर दी गई है। जल्द खुलासा कर दिया जाएगा।

### सोमवार से मेला अस्पताल में शुरू हो जाएगी जिला अस्पताल की इमरजेंसी

**हरिद्वार, एजेंसी।** जिला अस्पताल को शिफ्ट करने की तैयारी शुरू हो गई है। अब जिला अस्पताल के मरीजों को महिला विंग और मेला अस्पताल में उपचार मिलेगा। सोमवार से मेला अस्पताल में इमरजेंसी सेवा शुरू हो जाएगी। जिला अस्पताल के भवन का ध्वस्तीकरण किया जा रहा है। भवन तोड़ने के बाद नया भवन बनाया जाएगा, लेकिन ध्वस्तीकरण होने पर जिला अस्पताल को महिला विंग और मेला अस्पताल में शिफ्ट किया जाएगा, ताकि जिला अस्पताल की ओपीडी और स्वास्थ्य सेवाओं का फायदा मरीजों को मिलता रहे। सबसे पहले जिला अस्पताल की इमरजेंसी सेवा को शिफ्ट किया जा रहा है। सोमवार से मेला अस्पताल में इमरजेंसी सेवा शिफ्ट शुरू कर दी जाएगी। जिला अस्पताल के डॉक्टरों की ओपीडी, ब्लड जांच, एक्स-रे, अल्ट्रासाउंड आदि स्वास्थ्य सेवाएं भी महिला विंग और मेला अस्पताल में शिफ्ट की जाएंगी। सीएमओ डॉ. आरके सिंह ने बताया कि अगस्त माह में जिला अस्पताल की स्वास्थ्य सेवाएं शिफ्ट कर दी जाएंगी, जब तक जिला अस्पताल का भवन नहीं बन जाएगा, तब जक मेला अस्पताल को मेला और महिला विंग में चलाया जाएगा।

### श्यामपुर-नजीबाबाद हाईवे पर लगा जाम

**श्यामपुर, एजेंसी।** नजीबाबाद-हरिद्वार हाईवे रक्षाबंधन से पहले जाम लग गया। शाम को जाने की जल्दी में कई लोगों बेतरतीब ढंग से वाहनों को जाम में घुसा दिया। इसका परिणाम रहा कि हाईवे पर कई किलोमीटर लंबा जाम लग गया, जिससे राहगीरों को परेशानी का सामना करना पड़ा। त्योहार के चलते लोग अपने-अपने गांव और शहरों की ओर जा रहे हैं। इसकी वजह से हाईवे पर वाहनों का दबाव अचानक बढ़ गया। गाड़ियां रेंग-रेंगकर चल रही थीं और लोगों को अपनी मंजिल तक पहुंचने में घंटों की देरी हुई। कई यात्रियों ने बताया कि वे जाम में घंटों से फंसे हैं और समय पर घर पहुंचना मुश्किल हो रहा है। जाम की सूचना पर पुलिस प्रशासन भी इस स्थिति को संभालने के लिए कड़ी मशक्कत करता दिखा। पुलिस कर्मी लगातार जाम खुलवाने की कोशिश में लगे रहे। रक्षाबंधन की वजह से वाहनों की संख्या इतनी अधिक थी कि जाम की स्थिति को पूरी तरह से नियंत्रित करना मुश्किल हो गया।

### ऑनलाइन ऑर्डर निरस्त होने का झांसा देकर 41 हजार ठगे

**रूड़की, एजेंसी।** ऑनलाइन आर्डर निरस्त होने का झांसा देकर दोबारा ऑर्डर कराने के नाम पर पीड़िता से 41 हजार रुपये ठग लिए गए। आरोप है कि एक लिंक पर क्लिक करते ही उनके खाते से रकम साफ हो गई। शिकायत पर पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। गंगनहर कोतवाली क्षेत्र के कृष्णानगर निवासी पूनम ने शिकायत की। पीड़िता ने सात दिन पहले ऑनलाइन कुछ कपड़े मंगाने के लिए ऑर्डर किए थे जो 13 अगस्त तक आने थे। इससे पहले ही बृहस्पतिवार को पीड़िता के पास एक फोन आया। उसने खुद को ऑनलाइन शॉपिंग कंपनी से बताया। ठग ने पीड़िता का ऑर्डर निरस्त होने की बात कही।

# धराली जलप्रलय मैदानी इलाकों में भी मचा सकती तबाही

**टिहरी गढ़वाल, एजेंसी।** धराली आपदा का असर व्यापक हो सकता था. इससे मैदानी इलाके भी प्रभावित हो सकते थे. धराली आपदा के डिस्चार्ज को टिहरी डैम ने ऑब्जर्वर कर लिया. जिसके कारण निचले इलाके सुरक्षित हैं. टिहरी डैम के अधिशासी निदेशक एलपी जोशी ने कहा इस डैम ने एक बार फिर से सुरक्षा दीवार का काम किया है. टिहरी डैम के अधिशासी निदेशक एलपी जोशी ने कहा उत्तरकाशी के धराली में जब जल प्रलय आई तो उसका सारा पानी तेजी से टिहरी डैम की झील में आया. जिससे टिहरी झील का जलस्तर बढ़ने लगा. जलस्तर बढ़ने पर टिहरी बांध परियोजना के अधिकारी कर्मचारी अलर्ट हो गये. उन्होंने बताया अगर टिहरी बांध ना होता या इस पानी को टिहरी बांध में भरा ना जाता, तो निचले इलाकों में हालात बेहद खराब हो सकते थे. उन्होंने कहा टिहरी बांध उत्तराखंड के लिए ही नहीं, बल्कि उत्तर प्रदेश के एक बड़े हिस्से के लिए भी किसी रक्षा दीवार से कम नहीं है. टिहरी डैम के अधिशासी निदेशक एलपी



जोशी ने कहा बांध से मैदानी इलाकों में खतरा बहुत कम हो जाता है, लेकिन कई बार इस तरह की खबरें आती हैं कि बांध से पानी छोड़ा जा रहा है. इससे नीचे इलाकों में खतरा हो सकता है. उन्होंने बताया कि टिहरी बांध लोगों की रक्षा के लिए है. एलपी जोशी ने कहा कि 5 अगस्त की को धारली में जो आपदा आई है उसका जो डिस्चार्ज जलप्रलय का पानी था उसे टिहरी बांध की झील ने अब्जॉर्ब किया. जिससे टिहरी झील का जलस्तर बढ़ा. उन्होंने बताया जब धराली में आपदा आई तब सुरक्षा को देखते हुए टिहरी डैम से रात को 6 मशीनें लगातार चलाई गई. जिससे नॉर्मली तरीके से पानी टरबाइन के माध्यम से आगे जाता रहा. आज टिहरी झील का जलस्तर 808 आरएल मीटर है. टिहरी झील के आगे के लेवल को मेंटेन करने के लिए 20 मिलियन यूनिट बिजली का उत्पादन कर रहे हैं. उन्होंने बताया इससे पहले 2013 की आपदा में भी टिहरी डैम ने लाइफ सेवियर का काम किया था. उन्होंने कहा 2013 में जब आपदा आई थी उस समय भी टिहरी बांध ने बहुत बड़ी भूमिका निभाई थी. उस समय जितना पानी भी ऊपर से आया उस भी टिहरी झील ने अब्जॉर्ब किया. जिससे टिहरी से आगे के क्षेत्र को कम नुकसान हुआ.

टिहरी डैम के अधिशासी निदेशक एलपी जोशी ने कहा बड़ी आपदा से बचाने में टिहरी डैम की अहम भूमिका रही है. आपदा के दौरान अगर झील में पानी नहीं रुकता को ये सीधे टिहरी से आगे देवप्रयाग, ऋषिकेश, हरिद्वार पहुंचता. जहां बड़ा नुकसान होने की संभावना होती है.

## पल भर में सैलाब ने छीना सबकुछ, एक घंटे बाद होता हादसा तो बढ़ जाता मौत का आंकड़ा

**उत्तरकाशी, एजेंसी।** उत्तरकाशी के धराली गांव में सोमवार दोपहर आई भीषण आपदा ने पूरे इलाके को झकझोर दिया. मलबे और पानी का सैलाब महज कुछ ही मिनटों में मार्केट, घर, होटल और मंदिर तक को अपने साथ बहा ले गया. इस भयावह घटना के मंजर से लोग बाहर नहीं निकल पा रहे हैं.

मेले में जुटने थे लोग- उत्तरकाशी जिले के धराली में 5 अगस्त को आई प्राकृतिक आपदा ने भारी तबाही मचाई. उत्तरकाशी जिले के धराली में 5 अगस्त को आई प्राकृतिक आपदा ने भारी तबाही मचाई. खीर गंगा ने प्रचंड रूप धारण कर सबकुछ तबाह कर दिया. आपदा में कई लोगों ने अपनों को खोया है और लापता लोगों के परिजन उन्हें तलाशने में जुटे हैं. स्थानीय लोगों का कहना है कि अगर यह आपदा महज एक घंटे बाद आती, तो यहां एक ऐसा हादसा होता जिसकी कल्पना भी भयावह है. दरअसल, दोपहर 2 बजे से गांव में वार्षिक हारदूत मेला शुरू होना था, जिसके लिए धराली और आसपास के गांवों से 1,000 से ज्यादा लोग ग्राम देवता सोमेश्वर मंदिर में जुटने वाले थे.

1.30 बजे ही आ गया कहर- मेला शुरू होने से महज आधा घंटा पहले, करीब 1.30 बजे, पहाड़ों से तेज गर्जना के साथ मलबा और पानी का सैलाब बाजार में घुस आया. देखते ही देखते 15 से 30 फीट तक का मलबा पूरे धराली बाजार को डुबो गया. सोमेश्वर मंदिर भी कई फीट मिट्टी और पत्थरों में दब गया.

स्थानीय लोगों ने क्या कहा- स्थानीय निवासी सचिन पंवार कहते हैं कल्पकेदार की कृपा है कि यह त्रासदी मेला शुरू होने के बाद नहीं हुई, वरना सैकड़ों लोग इसमें फंसकर जान गंवा बैठते. गांव के प्रथम सिंह पंवार बताते हैं कि इस आपदा ने धराली को बड़ा जख्म दिया है. सबकुछ तबाह हो गया. जहां अब मलबा है, वहां कभी 65 होटल, 30-35 होमस्टे, दुकानें और बड़े रिजॉर्ट होते थे. खेती-बाड़ी भी पूरी तरह बर्बाद हो गई है.

आपदा में सब कुछ हुआ तबाह- स्थानीय लोगों के मुताबिक, अब तक 8 युवाओं की मौत की पुष्टि हुई है, हालांकि कई शव अब भी नहीं मिल पाए हैं.

## बीजेपी में शामिल होंगे दीपक बिजल्वाण उत्तरकाशी जिला पंचायत चुनाव में घमासान



**देहरादून, एजेंसी।** भाजपा संगठन और सरकार जिसे महाभ्रष्ट बता रही थी और उनके खिलाफ जांच करवा रही थी, जिसे जिला पंचायत अध्यक्ष रहते हुए भाजपा ने वित्तीय अनियमितताओं के चलते बर्खास्त किया था, अब उसी को पार्टी में सम्मिलित कराकर दोबारा से जिला पंचायत अध्यक्ष बनाने के लिए भाजपा संगठन जोर लगा रहा है. यह भी कहा जा रहा है कि पर्दे के पीछे सबकुछ फाइनल हो गया है.

अब भाजपा का जिला संगठन जिला संगठन इसका पुरजोर विरोध कर रहा है. संगठन के साथ ही इसमें जिले के विधायक, ब्लॉक प्रमुख, सारे वरिष्ठ पदाधिकारी भी शामिल हैं. सभी ने संयुक्त रूप से भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष महेंद्र भट्ट को पत्र लिखकर इस नेता को पार्टी में शामिल किए जाने का विरोध किया है. इन नेताओं ने उत्तरकाशी जिले के निवर्तमान जिला पंचायत अध्यक्ष को पार्टी में शामिल नहीं किए जाने को लेकर पत्र लिखा है.

जिले के नेताओं ने भाजपा प्रदेश अध्यक्ष को पत्र लिखकर निवेदन किया है कि दीपक बिजल्वाण जनपद ही नहीं बल्कि पूरे देश में व्यापक भ्रष्टाचार के आरोपी के लिए कुख्यात हैं. हमें जानकारी मिली है कि पार्टी संगठन में उनको शामिल किया जा रहा है. इस परिस्थिति में आम जनमानस और पार्टी कार्यकर्ताओं में पार्टी संगठन की छवि धूमिल हो सकती है. इसको लेकर कार्यकर्ताओं में भी भारी आक्रोश है.

## धराली त्रासदी का आघात : घर टूटा, व्यवसाय छूटा लेकिन हौसला न टूटा, एक दूसरे का सहारा बने ग्रामीण

**उत्तरकाशी, एजेंसी।** धराली क्षेत्र में आई त्रासदी ने धराली के लोगों का व्यवसाय छिना, घर बार तबाह हो गया, लेकिन के लोगों की हिम्मत और उनकी एकता को तबाही तोड़ नहीं पाई. मलबा आने के करीब 3 दिन बाद धराली के लोग वापस अपने उसी बाजार में इकट्ठा हुए और उन्होंने धराली में ही मौजूद सोमेश्वर मंदिर में एक साथ रहने का फैसला किया.



प्रभावित लोग नहीं होंगे अलग- इस मंदिर में कीर्तन मंडली के कमरे में ही धराली के 150 लोगों का खाना बन रहा है और यहां की महिलाएं सभी के लिए एक साथ भोजन तैयार कर रही हैं. धराली सभी महिलाएं खाना बनाने और दूसरे अलग-अलग कामों को कर रही हैं. यहां मौजूद महिलाएं कहती हैं कि उन्होंने यह मन बना लिया है कि चाहे कुछ भी हो जाए लोग अलग-अलग नहीं होंगे और एक साथ ही रहेंगे.

मंदिर में ही रहेंगे आपदा प्रभावित- हालांकि प्रशासन के साथ ही बाकी आस पड़ोस के गांव के लोग भी उन्हें इस जगह पर खतरा होने की बात कह कर दूसरी जगह फिलहाल शिफ्ट होने की बात कह रहे हैं. महिलाओं को कहना है कि उनके पास कुछ भी नहीं बचा है और सभी के लिए जब तक सरकार कोई व्यवस्था एक साथ नहीं कर देती तब तक वह इसी मंदिर में एक साथ रहेंगे. आपदा राहत राशि लेने से किया मना- हालांकि, यहां के लोगों में एक असुरक्षा की भावना भी दिखाई दे रही है और अब उनकी नजर सरकार के फैसले पर है क्योंकि वह पहले ही फौरी तौर पर मिलने वाली 5000 की आपदा राहत रकम को लेने से मना कर चुके हैं. कुछ लोगों का कहना है कि अब सरकार राशन दे रही है. लेकिन स्थायी व्यवस्था के लिए सरकार को कोई कदम उठाना चाहिए, ताकि वह फिर से अपना जीवन यापन ठीक से कर सके.

आपदा पीड़ितों को अपनों की तलाश- धराली आपदा प्रभावित के आंसुओं में बड़ा दर्द छिपा है. इस कठिन घड़ी में उनके साहस को हर कोई नमन कर रहा है. एक ओर आपदा ने उन्हें ऐसे जख्म दिए हैं जो भुलाए नहीं जा सकते, दूसरी ओर पीड़ित एक दूसरे को हौसला दे रहे हैं. सरकार पीड़ितों का दर्द बांटते की कोशिश कर रही है और हर संभव मदद का भरोसा दिया जा रहा है. लेकिन लोगों को मदद से ज्यादा अपनों की तलाश है, जो इस आपदा में कहीं खो गए हैं. उनकी आंखें एक टक दरवाजे पर टिकी रहती है, शायद उनका अपना लौट कर आ जाए.

## सुप्रीम कोर्ट, सीबीआई अफसर बनकर रिटायर्ड अधिकारी से साइबर फ्रॉड

**देहरादून, एजेंसी।** डिजिटल अरेस्ट के जरिए साइबर ठगी के एक करोड़ से अधिक की धोखाधड़ी मामले में मुख्य आरोपी को एसटीएफ की टीम ने लुधियाना, पंजाब से गिरफ्तार किया है. आरोपी ने खुद को सीबीआई अधिकारी और सुप्रीम कोर्ट का जज बताकर ठगी करते थे. आरोपी पीड़ितों को फर्जी सुप्रीम कोर्ट आदेश और सीबीआई अधिकारी की रिकॉर्डिंग भेजकर विश्वास दिलाते थे. बता दें हरिद्वार निवासी रिटायर्ड अधीनस्थ अभियंता ने साइबर क्राइम पुलिस स्टेशन देहरादून में शिकायत दर्ज कराई थी. जिसमें उन्होंने बताया उन्हें एक विदेशी नंबर से कॉल आई. जिसमें खुद को सीबीआई और मुंबई पुलिस अधिकारी बताया गया. पीड़ित को




झूठे आरोप (मनी लॉन्ड्रिंग) में फंसाने की धमकी दी गई. धमकी और डराकर पीड़ित और मेरी पत्नी के बैंक खाते,एफडीआर,पीपीएफ आदि की जानकारी ली गई. फर्जी सुप्रीम कोर्ट और गिरफ्तारी वारंट के नाम पर उसे वीडियो कॉल से डराकर 1.45 करोड़ रुपए अलग-अलग खातों में ट्रांसफर करवाये गये. बाद में उन्हें ठगी का एहसास हुआ. पीड़ित को फर्जी पहचान और बैंक डिटेल्स के नाम का गलत उपयोग कर आरोपी ने डिजिटल प्लेटफार्म के माध्यम से उपलब्ध कराए गए अलग-अलग बैंक खातों में कुल कुल 1.45 करोड़ रुपए की धनराशि धोखाधड़ी से जमा कराई. मुकदमा दर्ज करने के बाद साइबर पुलिस ने बैंक खातों और मोबाइल नंबरों का सत्यापन किया गया. जिसके बाद पुलिस टीम ने घटना के मुख्य आरोपी और मास्टरमाइंड आरोपी जतिंद्र कुमार निवासी लुधियाना,पंजाब और मनप्रीत सिंह चिन्हित कर लुधियाना से गिरफ्तार किया. आरोपियों ने पूछताछ में बताया कि गिरोह बनाकर फर्जी मोबाइल नंबर, बैंक खाते और डिजिटल प्लेटफॉर्म का प्रयोग कर आम जनता के साथ ठगी और घटनाओं को अंजाम देते थे. खुद को सरकारी अधिकारी के रूप में प्रस्तुत करते हुए पीड़ितों को मनी लॉन्ड्रिंग, गिरफ्तारी, या कानूनी कार्रवाई की धमकी दी जाती थी. उसके बाद वीडियो कॉल या फोन कॉल के माध्यम से डराकर पीड़ितों से उनके बैंक डिटेल्स,एफडी,पीपीएफ और अन्य वित्तीय जानकारी ली जाती थी.

## धराली में लापता लोगों की खोज में हर तकनीक का इस्तेमाल

**देहरादून, एजेंसी।** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी की निगरानी आपदा प्रभावित धराली क्षेत्र में राहत और बचाव अभियान जारी है। मुख्यमंत्री तीसरे दिन भी ग्राउंड जीरो पर हैं। धराली आपदा में लापता लोगों की तलाश के लिए युद्ध स्तर पर रेस्क्यू ऑपरेशन जारी है। खोजबीन के लिए हर तकनीक का इस्तेमाल किया जा रहा है। एसडीआरएफ व एनडीआरएफ की ओर से थर्मल इमेजिंग, विक्टिम लोकेटिंग कैमरे और खोजी कुत्तों की मदद से मलबे व भारी भरकम पत्थरों के नीचे तलाश की जा रही है। शुक्रवार को शाम तक 257 फंसे लोगों को रेस्क्यू किया। जबकि अब तक (चार दिन) 729 से अधिक फंसे लोगों को हर्षिल, गंगोत्री, मातली से सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाया जा चुका है।



## मसूरी डाइवर्जन के पास रेस्टोरेंट के बाहर चली गोली, एक युवक घायल, पुलिस ने दर्ज किया मुकदमा

**देहरादून, एजेंसी।** देहरादूनमसूरी डाइवर्जन के पास देर रात कुछ युवकों के बीच किसी बात को लेकर झगड़ा हो गाय। विवाद इतना बढ़ गया कि एक युवक ने हवा में फायर कर दी। देहरादून राजपुर थाना क्षेत्र में मसूरी डाइवर्जन से कुछ ही दूरी पर एक रेस्टोरेंट के बाहर देर रात गोली चलने की सूचना से हड़कंप मच गया। घटना की जानकारी मिलते ही थाना राजपुर की पुलिस टीम तत्काल मौके पर पहुंची। जहां पुलिस को एक युवक घायल अवस्था में मिला। घायल युवक को तुरंत एम्बुलेंस से मैक्स अस्पताल भिजवाया गया। घायल युवक की पहचान संभव गुरुंग, पुत्र शिवराज गुरुंग, निवासी अनारवाला, देहरादून के रूप में हुई है। प्राथमिक जांच में पता चला कि संभव गुरुंग अपने कुछ साथियों के साथ एक रेस्टोरेंट में खाना खाने गया था, जहां किसी बात को लेकर उनका दो युवकों और एक युवती से विवाद हो गया। विवाद रेस्टोरेंट के बाहर भी बढ़ गया। इसी दौरान, जब संभव के कुछ साथी मौके पर इकट्ठा हो गए, तो दूसरे पक्ष के एक युवक ने डराने की नीयत से हवा में फायर किया। गोली लगने से संभव गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल के परिजनों द्वारा राजपुर थाने में दी गई लिखित तहरीर के आधार पर पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है।

## हर्षिल में भागीरथी में बनी झील, गंगोत्री एनएच और हेलीपैड डूबे



**उत्तरकाशी, एजेंसी।** जिले के धराली में खीर गंगा से आई आपदा के बाद राहत और बचाव कार्य जारी है. नदी के मलबे में दबे लोगों को खोजने का कार्य युद्ध स्तर पर चल रहा है. इस बीच खीर गंगा द्वारा लाए गए मलबे ने भागीरथी के बहाव में अड़चन डाली है. इसी के साथ हर्षिल में नई मुसीबत मुंह उठाए खड़ी है. हर्षिल में भागीरथी में बनी झील में न केवल गंगोत्री नेशनल हाईवे डूब चुका है, बल्कि यहां का हेलीपैड भी जलाशय का रूप ले चुका है.

हर्षिल में भागीरथी में बनी झील- हर्षिल आपदा प्रभावित इलाके में जहां से भागीरथी नदी बहती है, वहां मलबे के कारण उसका प्रवाह क्षेत्र सिमट गया है. इस कारण भागीरथी नदी में एक झील बन गई है. इस झील में धीरे-धीरे पानी इकट्ठा हो रहा है. अगर मलबा नहीं हटाया गया तो झील का ये बढ़ता पानी खतरा बन सकता है. दरअसल यहां स्थानीय गदेरे से भी खीर गंगा जैसा ही जलजला आया था.

झील बन सकती है खतरा- जहां हर्षिल घाटी का हैलीपैड था वहां पर भागीरथी में झील बनी है. हालांकि राहत की बात ये है कि झील से धीरे-धीरे पानी बाहर निकल रहा है. इस कारण पानी एकदम से ब्लॉक नहीं हुआ है. तत्काल खतरे की बात नहीं है. अगर नदी के प्रवाह क्षेत्र में और मलबा जमा होता रहा तो फिर खतरे की आशंका है.

पहाड़ी नदी पर झील बनना खतरनाक- पहाड़ी क्षेत्रों में नदियों का गाड़-गदेरों में झील बनना हमेशा ही खतरनाक होता है. क्योंकि मैदानी इलाकों में तो समतल भूमि से पानी निकल जाता है, लेकिन पहाड़ी इलाके जल प्रवाह के दोनों ओर पहाड़ से ढके होते हैं. यानी नदी या गाड़-गदेरे पहाड़ी के बीच से बहते हैं. ऐसे में झील बनती है और उसमें से जल निकासी नहीं होती है, तो धीरे-धीरे पानी एक बड़े डैम का आकार ले लेता है. अगर ये पानी उस झील के टूटने के बाद डिस्चार्ज होता है तो उसकी मात्रा बहुत ज्यादा होती है. ऐसे में वो अपने सामान्य प्रवाह क्षेत्र से ज्यादा एरिया को कवर करते हुए बाढ़ का रूप लेकर तूफानी गति से आगे बढ़ता है. झील फटने पर बाढ़ का खतरा- ऐसे में नदी के किनारे बसे शहरों और कस्बों को खतरा बढ़ जाता है. जैसे धराली में खीर गंगा में बाढ़ आई और उस विशाल जल सैलाब के रास्ते में जो भी अवरोध आया वो उसको जमींदोज करते हुए आगे बढ़ा, वैसा ही नदी पर बनने वाली झील भी कर सकती है. ऐसे में हर्षिल में भागीरथी नदी पर बनी झील से भी सतर्क रहने की जरूरत है. आपदा राहत के साथ भागीरथी में बन रही झील के पानी का समय से डिस्चार्च होना सुनिश्चित करने की जरूरत है. बताते चलें कि उत्तरकाशी के धराली में 5 अगस्त 2025 को भयंकर प्राकृतिक आपदा आई थी. खीर गंगा नदी में फ्लैश फ्लड के कारण धराली गांव का कुछ हिस्सा और पूरा मार्केट तबाह हो गया था.

## दिल्ली सरकार खेल और खिलाड़ियों के लिए ले रही बड़े फैसले : दीपक गाबा

नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता



नई दिल्ली, । राजधानी दिल्ली में खेल और खिलाड़ियों को प्रोत्साहित करने के लिए भाजपा सरकार लगातार बड़े फैसले ले रही है। शाहदरा जिले के भाजपा अध्यक्ष दीपक गाबा ने कहा कि इन निर्णयों से प्रतिभावान खिलाड़ियों को न केवल प्रोत्साहन मिलेगा, बल्कि उन्हें आगे बढ़ने के बेहतरीन अवसर भी प्राप्त होंगे। गाबा के अनुसार, मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता की सरकार सभी वर्गों के लिए कल्याणकारी कदम उठा रही है और ट्रिपल इंजन सरकार का लाभ जनता तक पहुंचाने का प्रयास कर रही है। बीते महीने पदक जीतने आए एथलीटों से मुलाकात के दौरान पर नकद पुरस्कार राशि बढ़ाने के बाद अब दिल्ली सरकार ने खिलाड़ियों को बेहतर सुविधाएं देने के लिए अलग खेल और युवा मामलों का विभाग बनाने का ऐलान किया है। मुख्यमंत्री ने दिल्ली विधानसभा में विभिन्न क्षेत्रों से शिक्षा मंत्री आशीष सूद को इस दिशा में आगे की कार्यवाही शुरू करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि दिल्ली सरकार खेल प्रोत्साहन योजना के तहत देश में सबसे अधिक इनाम राशि देने वाला राज्य बन गई है। कैबिनेट बैठक (22 जुलाई) में लिए गए फैसलों के अनुसार, ओलंपिक और पैरालंपिक पदक विजेताओं को स्वर्ण के लिए 7 करोड़, रजत के लिए 5 करोड़ और कांस्य के लिए 3 करोड़ दिए जाएंगे। एशियाई खेलों में स्वर्ण विजेताओं को 3 करोड़, रजत को 2 करोड़ और कांस्य को 1 करोड़ मिलेगा। कॉमनवेल्थ खेलों के विजेताओं के लिए स्वर्ण पर 2 करोड़, रजत पर 1.5 करोड़ और कांस्य पर 1 करोड़ का प्रावधान किया गया है। राष्ट्रीय स्तर पर स्वर्ण पदक विजेताओं को 11 लाख, रजत को 5 लाख रुपए और कांस्य को 3 लाख रुपए की नकद राशि दी जाएगी—जो देश में अब तक की सबसे अधिक है। दीपक गाबा ने आम आदमी पार्टी पर निशाना साधते हुए कहा कि अपने एक दशक के शासन में उन्होंने युवाओं और खिलाड़ियों के लिए कोई रचनात्मक योजना नहीं बनाई, जबकि रेखा गुप्ता सरकार देश के भविष्य—युवा वर्ग—की पूरी चिंता कर रही है।

## मप्र से दिल्ली पहुंचा हथियारों का जखीरा

## एसटीएफ की कार्रवाई से टली बड़ी अनहोनी

नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता

नई दिल्ली, । स्वतंत्रता दिवस से पहले दिल्ली में संभावित बड़ी वारदात को स्पेशल टास्क फोर्स (एसटीएफ) ने नाकाम कर दिया है। साउथ-ईस्ट दिल्ली के सरिता विहार इलाके से हथियारों का एक बड़ा जखीरा बरामद किया गया है, जो मध्य प्रदेश से यहां पहुंचाया गया था। दिल्ली पुलिस के अनुसार, इस मामले में अमित नाम के एक आरोपी को गिरफ्तार किया गया है। उससे पूछताछ में खुलासा हुआ कि हथियारों की यह खेप एमपी से लाई गई थी और इसे किसी बड़ी आपराधिक या आतंकी वारदात में इस्तेमाल किया जा सकता था। बरामद हथियारों में 10 सेमी-ऑटोमैटिक पिस्टल और अतिरिक्त मैगजीन शामिल हैं, जो अत्याधुनिक श्रेणी के हैं। फिलहाल हथियार सप्लाई चेन का पता लगाने के लिए जांच जारी है। स्वतंत्रता दिवस पर कड़ी सुरक्षा 15 अगस्त से पहले राष्ट्रीय राजधानी में सुरक्षा व्यवस्था सख्त कर दी गई है। दिल्ली पुलिस ने 10,000 से अधिक सुरक्षाकर्मियों की तैनाती के साथ कई सुरक्षा घेरों की व्यवस्था की है। लाल किले पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के संबोधन के दौरान सीसीटीवी, ड्रोन डिटेक्शन सिस्टम और फेस रिकग्निशन तकनीक से निगरानी होगी। सादे कपड़ों में भी पुलिस अलर्ट संवेदनशील इलाकों में रात्रि व पैदल गश्त बढ़ाई गई है और सादे कपड़ों में निगरानी दल तैनात किए गए हैं। साइबर यूनिट सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर भी नजर रख रही है,

## संक्षिप्त खबरें

### लुटेरों ने बुजुर्ग दुकानदार की आंख में मिर्च पाउडर फेंका, नकदी लूटकर भागे

नई दिल्ली, । दिल्ली के जहांगीरपुरी इलाके में तीन लुटेरों ने 65 वर्षीय एक दुकानदार की आंखों में लाल मिर्च पाउडर फेंका और नकदी लेकर फरार हो गए। पुलिस ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि पीड़ित की पहचान सुरेश चंद उर्फ नेख सहाय के रूप में हुई, जो जहांगीरपुरी के ई ब्लॉक में अपनी दुकान पर था। पुलिस के मुताबिक, तीन लड़के कुछ खरीदने के बहाने उसकी दुकान पर आए। अचानक उनमें से एक ने दुकानदार की आंखों में लाल मिर्च पाउडर फेंक दिया, जबकि बाकी ने उसका कैश बॉक्स, जिसमें 5,000-7,000 रुपये थे, छीन लिया और भाग गए। एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने बताया कि जहांगीरपुरी पुलिस थाने में मामला दर्ज किया गया है और आरोपियों की पहचान करने की कोशिश की जा रही है।

### जेएनयू की मुगल दरबार कैंटीन में भोजन की गुणवत्ता को लेकर विवाद

नई दिल्ली, । जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय (जेएनयू) में भोजन को लेकर एक बार फिर विवाद हो गया। इस बार मामला विश्वविद्यालय की मशहूर मुगल दरबार कैंटीन से जुड़ा है। भोजन की गुणवत्ता को लेकर छात्रों और कैंटीन स्टाफ के बीच तीखी बहस होने के साथ हाथापाई की नौबत भी आ गई। एबीवीपी के छात्र नेता व जेएनयूएसयू के संयुक्त सचिव वैभव मीणा ने इससे जुड़ा वीडियो भी साझा किया। एबीवीपी के एक अन्य पदाधिकारी ने बताया कि विवाद तब शुरू हुआ जब कुछ छात्रों ने भोजन की गुणवत्ता पर आपत्ति जताई, लेकिन कैंटीन स्टाफ ने उल्टा उनके साथ बदसलूकी की, मोबाइल छीन लिया और धमकी दी। मामला बढ़ने पर जेएनयू छात्रसंघ के संयुक्त सचिव वैभव मीणा ने कैंटीन का निरीक्षण किया और भोजन की गुणवत्ता पर गंभीर सवाल उठाए। उन्होंने मुगल दरबार कैंटीन पर ताला जड़ दिया और घोषणा की कि जब तक कैंटीन और विश्वविद्यालय के सभी भोजनालयों की गुणवत्ता और स्टाफ की जांच पूरी नहीं होती, ताला नहीं खोला जाएगा। इस मामले में एबीवीपी ने जेएनयू प्रशासन से भी शिकायत की है। इस मामले में जेएनयू छात्र संघ अध्यक्ष नीतीश कुमार ने भी बयान जारी कर कहा कि एबीवीपी से जुड़े कुछ लोग पिछले कई वर्षों से कैंपस में हिंसा और डर फैलाने में शामिल रहे हैं। ज्ञात हो कि कुछ समय पहले माही-मांडवी हॉस्टल में वेज और नॉन-वेज खाने को लेकर भी टकराव हुआ था।

### केवाईएस ने जामा मस्जिद पर बांधी कौमी एकता की बांधी राखी

नई दिल्ली, । रक्षा बंधन के मौके पर शनिवार को क्रांतिकारी युवा संगठन (केवाईएस) के कार्यकताओं ने सांप्रदायिक सौहार्द और कौमी एकता का संदेश फैलाते हुए दिल्ली में आम लोगों को राखी बांधी। ब्रिटिश राज के खिलाफ आंदोलन में सांप्रदायिक एकता की भावना को भी याद करते हुए इस अभियान का आयोजन किया गया था। अभियान के तहत पुरानी दिल्ली के जामा मस्जिद इलाके में लोगों को राखी बांधी गई। केवाईएस ने बयान जारी कर कहा कि संगठन का मानना है कि देश में लगातार बढ़ रहे सांप्रदायिक हमलों से देश भर में अल्पसंख्यकों के बीच भय का माहौल पैदा हुआ है। पिछले कुछ वर्षों में सांप्रदायिक हिंसा की घटनाओं में तेजी से बढ़ोतरी देखी गयी है। इस समय जब देश में आसमान-छूती महंगाई, बढ़ती गैर-बराबरी और बेरोजगारी, महिलाओं और अल्पसंख्यकों के खिलाफ बढ़ते अपराध, खराब स्वास्थ्य सुविधाओं, जातिवाद, मेहनतकश जनता के शोषण के खिलाफ आवाज उठा रहे हैं, उस समय उनका ध्यान भटकाने के लिए इस तरह का सांप्रदायिक माहौल बनाया जा रहा है। देश में सांप्रदायिक माहौल को देखते हुए केवाईएस ने राखी बांधकर लोगों के बीच सांप्रदायिक सौहार्द, कौमी एकता, शांति और आपसी विश्वास बनाने की बात रखी।

## दिल्ली के करावल नगर में ट्रिपल मर्डर से सनसनी, महिला और दो बेटियों की गला दबाकर हत्या

नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता

नई दिल्ली, । दिल्ली के करावल नगर इलाके में ट्रिपल मर्डर से सनसनी फैल गई है। रक्षाबंधन के दिन एक महिला और उसकी दो बच्चियों की हत्या की गई। इस हत्याकांड से लोग दहशत में आ गए। सूचना पर पहुंची दिल्ली पुलिस की टीम ने फिलहाल तीनों के शवों को कब्जे में ले लिया है और पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पुलिस को ट्रिपल मर्डर केस में महिला के पति पर संदेह है। पुलिस की शुरुआती जांच में सामने आया है कि पति ने ही कथित तौर पर अपनी पत्नी और दो बेटियों की गला दबाकर हत्या की। बच्चियों की उम्र 5 साल और 7 साल है। पुलिस के अनुसार, हत्याकांड को अंजाम देने के बाद आरोपी वहां से भाग गया, जिसका अभी तक कोई सुराग नहीं है। आरोपी पति का नाम प्रदीप बताया जाता है। इस मामले को लेकर पुलिस ने कुछ स्थानीय लोगों से जानकारी हासिल करने की कोशिश की है। बताया जा रहा है कि पूछताछ में पुलिस को पता चला कि आरोपी पति पर काफी कर्ज हो गया था। कथित तौर पर कर्ज के कारण ही उसने पत्नी और दो बेटियों की हत्या कर दी। हालांकि, आरोपी की गिरफ्तारी के बाद पुलिस को इस मामले में हत्या की ठोस वजह पता चलने की उम्मीद है। फिलहाल, दिल्ली पुलिस ने आरोपी के खिलाफ हत्या का मामला दर्ज कर लिया है और उसकी तलाश की जा रही है। इससे पहले, राजधानी दिल्ली में शुक्रवार रात एक युवक की गोली मारकर हत्या की गई। उत्तर पूर्वी दिल्ली जिले के नंद नगरी थाना क्षेत्र में अज्ञात हमलावरों ने 28 वर्षीय कपिल नाम के युवक पर गोली चलाई। घायल को जीटीबी अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। शनिवार को दिल्ली पुलिस ने जानकारी दी कि नंद नगरी हत्याकांड में एक आरोपी को गिरफ्तार किया गया है, जिसकी पहचान शिवम यादव के रूप में हुई है। उसके पास से एक देसी पिस्तौल बरामद की गई है। दिल्ली पुलिस के मुताबिक, पूछताछ के दौरान आरोपी शिवम ने अपराध स्वीकार किया है और बताया कि मृतक के साथ उसका पुराना विवाद था।

## दिल्ली-एनसीआर में झमाझम बारिश, कई इलाकों में पानी भरने से जनजीवन प्रभावित

नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता

नई दिल्ली, । राष्ट्रीय राजधानी और उसके आसपास के इलाकों में शुक्रवार देर रात से हो रही झमाझम बारिश के कारण जनजीवन अस्त-व्यस्त हो गया। दिल्ली, नोएडा और गुरुग्राम के कई इलाके जलमग्न हो गया तथा सड़कों पर घुटनों तक पानी जमा होने से लोगों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ा। राजधानी में भारी बारिश के कारण कई उड़ान संचालन पर भी इसका बुरा असर पड़ा है। बड़ी संख्या में विमानों ने देर से उड़ान भरी है। भारतीय मौसम विभाग (आईएमडी) ने दिल्ली-एनसीआर में रेड अलर्ट जारी किया है। आज दिनभर मध्यम से भारी बारिश और गरज-चमक के साथ बौछारें पड़ सकती हैं। दक्षिण, पूर्वी, पश्चिमी और सेंट्रल दिल्ली में तेज बारिश होने से कई इलाके जलमग्न हो गये हैं। विभाग का अनुमान है कि शनिवार को न्यूनतम तापमान 27 डिग्री और अधिकतम 36 डिग्री सेल्सियस के आसपास रहेगा और अगले कुछ दिनों तक बारिश का सिलसिला जारी रहने का अनुमान जताया है। दिल्ली के इंदिरा गांधी अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डा ने यात्रियों को उड़ानों की जानकारी के लिए अपनी-अपनी एयरलाइन से संपर्क करने की सलाह दी। एयरपोर्ट प्रशासन ने कहा कि मौसम प्रतिकूल है, हालांकि परिचालन इस समय सामान्य है। इंडिगो और स्पाइसजेट ने यात्रियों को शहर में ट्रैफिक जाम को लेकर अलर्ट रहने के लिए कहा है। दिल्ली इंटरनेशनल एयरपोर्ट लिमिटेड (डायल) ने स्पष्ट किया है कि खराब मौसम के कारण इंदिरा गांधी अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर कई उड़ानों को डाइवर्ट किया गया है। मौसम विभाग के मुताबिक आज सुबह साढ़े पांच बजे से पूर्वाह्न साढ़े आठ बजे तक सफदरजंग के इलाके 49.6 मिमी, पूसा में 47.0, मयूर विहार में 42.0, प्रगति मैदान में 40.6 मिमी बारिश रिकॉर्ड की गयी है। राजधानी के कई इलाकों आईटीओ, मुनीरका मेट्रो स्टेशन गेट नंबर-1, मोती बाग, एपीएस कॉलोनी, अकबर रोड, साउथ एवेन्यू, रंजीत सिंह फ्लाईओवर, मंडी हाउस, मिंटो रोड, संगम विहार, वसंत कुंज, आरके पुरम, कनॉट प्लेस, पंचकुइयां मार्ग, भजनपुरा, यमुना विहार, करावल नगर समेत कई जगहों पर जलभराव की स्थिति है। दिल्ली में कल देर रात से आज भी जारी बारिश ने दिल्ली सरकार के नगर निगम और नगरपालिका की बारिश से निपटने के खोखले वादों की कलई खोल दी है। राजधानी के अधिकतर कॉलोनियों में घुटनों घुटनों तक पानी भर गया है और कई इलाकों में लोग घरों में घुसे हुए पानी को निकालते हुए देखे गये हैं। राजधानी में यमुना का जलस्तर सुबह आठ बजे तक 204.4 मीटर दर्ज किया गया, जो चेतावनी स्तर 204.5 मीटर से महज 10 सेमी कम है। आमतौर पर यमुना नदी के खतरे का स्तर 205.33 मीटर है। राजधानी से सटे गाजियाबाद में सुबह से हो रही बारिश के कारण राष्ट्रीय राजमार्ग नौ के पास स्थित विजय नगर अंडरपास और रेलवे स्टेशन जाने वाली मुख्य सड़क पर पानी भर गया। इस इलाकों में वाहन पानी रेंगते हुए नजर आ रहे हैं। नोएडा और ग्रेटर नोएडा में कई सड़कें जलभराव की स्थिति बनी हुई है। सूरजपुर कस्बे में घुटनों तक पानी भर गया। जलभराव से लोगों को आने-जाने में परेशानी हो रही है और प्राधिकरण के दावों की पोल खुल गयी है।

## दिल्ली के जैतपुर में बारिश के बीच एक बिल्डिंग की दीवार गिरी, कई लोग घायल हुए



नई दिल्ली, । दिल्ली में शनिवार को बारिश के बीच दक्षिण-पूर्वी के जैतपुर इलाके में एक इमारत की दीवार ढह गई। इस हादसे में कम से कम 8 लोग घायल हुए हैं, जिन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया। सूचना मिलने के बाद वरिष्ठ अधिकारी भी घटनास्थल पर पहुंचे। दो दमकल गाड़ियों को मौके पर भेजा गया था। राजधानी दिल्ली में शनिवार सुबह हुई बारिश के कारण जलभराव और लंबे ट्रैफिक जाम की खबरें आईं। कई इलाकों में लंबे ट्रैफिक जाम की खबरें आने से शहर थम सा गया। बारिश की वजह से जगह-जगह पर सड़कों पर जलभराव देखने को मिला है। पालम मोड इलाके में एयरपोर्ट से धौला कुआं जाने वाले रास्ते पर जलभराव के कारण लोगों को भारी समस्या हुई। एक से डेढ़ फीट तक पानी सड़क पर भरा रहा, जिसकी वजह से वाहन चालकों को दिक्कतों का सामना करना पड़ा। नई दिल्ली के आईटीआई इलाके से भी तस्वीरें सामने आई, जहां सड़क पर जलभराव की स्थिति बनी हुई थी। हालांकि, सुबह का वक्त होने पर ज्यादा ट्रैफिक नहीं था, जिससे स्थिति सामान्य नजर आई। इसी तरह बाहरी दिल्ली के सुल्तानपुरी में जबरदस्त जलभराव देखने को मिला। राहगीर कई फीट पानी से गुजरने को मजबूर होते दिए। मादीपुर इलाके के विशाल एन्क्लेव रोड पर भी पानी भर गया, जिससे लोगों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ा। भारतीय मौसम विज्ञान विभाग ने शनिवार को दिल्ली में गरज के साथ बारिश की भविष्यवाणी की है। मौसम विभाग ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म ह्यएक्सह्ण पर जानकारी साझा करते हुए लिखा, ह्लआसमान में बादल छाए रहेंगे। मध्यम बारिश और बिजली गिरने की संभावना है। साथ ही शहर के कुछ हिस्सों में तेज हवाएं (30-40 किमी प्रति घंटे) भी चल सकती हैं।ह्व इस बीच, मौसम विभाग ने लोगों से सावधानी से गाड़ी चलाने, सड़कों पर पैदल सावधानी से चलने और बिजली कड़कने के दौरान पेड़ों के नीचे छिपने से बचने की सलाह दी है।

## एनडीएमसी उपाध्यक्ष कुलजीत चहल ने दिल्लीवासियों को रक्षाबंधन की दी बधाई

नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता



नई दिल्ली, । नई दिल्ली नगरपालिका परिषद (एनडीएमसी) के उपाध्यक्ष कुलजीत चहल ने रक्षाबंधन के पावन पर्व पर दिल्ली की जनता और क्षेत्रवासियों को हार्दिक बधाई दी। उन्होंने शुभकामनाएं देते हुए कहा कि इस त्योहार पर सभी के घरों में खुशियां और भाई-बहन के प्यार की मधुरता बनी रहे। साथ ही, उन्होंने दिल्ली सरकार और शिक्षा नीति के नए विकास को अभिनव स्वागत करते हुए बधाई दी और कहा कि जहां पहले आम आदमी पार्टी (आप) के शासन में शिक्षा का स्तर भ्रष्टाचार और अव्यवस्था का शिकार था, वहीं अब इसे विकास के रास्ते पर ले जाया जा रहा है। कुलजीत चहल ने दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता और शिक्षा मंत्री आशीष सूद को इस पहल के लिए बधाई दी और कहा कि आप के समय शिक्षा में माफियागिरी और क्लासरूम घोटाले आम थे। लेकिन, अब इस दिशा में बड़ा बदलाव आया है। आने वाले समय में क्लासरूम स्मार्ट होंगे, बच्चे शिक्षित और सक्षम बनेंगे, और दिल्ली का शिक्षा तंत्र प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की विकसित भारत, विकसित दिल्ली की सोच के अनुरूप आगे बढ़ेगा। शिक्षा अब घोटालों के बजाय विकास का प्रतीक बनेगी। जलभराव की समस्या से निपटने के लिए एनडीएमसी की सक्रियता पर प्रकाश डालते हुए उन्होंने बताया कि हाल में हुई मूसलाधार बारिश के बावजूद पूरे एनडीएमसी क्षेत्र में जलभराव नहीं हुआ। उन्होंने कहा कि कल रात से ही तेज बारिश के मद्देनजर एनडीएमसी की टीम सतर्क थी। अधिकारियों और कर्मचारियों ने सड़कों पर रहकर जल निकासी के लिए कड़े कदम उठाए। जहां पहले पानी जमा होने की शिकायत थी, जैसे मिंटो ब्रिज, वहां पाइपलाइन और वाटर पंप लगाए गए। ड्रेनेज सिस्टम को साफ कराया गया, जिससे जलभराव पूरी तरह रोका जा सका। इस उपलब्धि को टीमवर्क का नतीजा बताते हुए चहल ने कहा कि एनडीएमसी, दिल्ली सरकार और एमसीडी मिलकर प्रधानमंत्री के नेतृत्व में काम कर रहे हैं। उन्होंने दावा किया कि पूरे एनडीएमसी क्षेत्र में कहीं भी जलभराव नहीं हुआ, जो जनता के प्रति उनके संकल्प और विश्वास को दर्शाता है। उन्होंने आम आदमी पार्टी के नेताओं को सकारात्मक संदेश देते हुए आमंत्रित किया कि वे सड़कों पर आएं और एनडीएमसी की तैयारियों का जायजा लें। उन्होंने कहा कि आप के नेता चुनाव हारने के बाद सिर्फ प्रेस कॉन्फ्रेंस और आरोप-प्रत्यारोप में लगे हैं, लेकिन दिल्ली की जनता के मुद्दों से उनका कोई सरोकार नहीं। उन्होंने अरविंद केजरीवाल और अन्य नेताओं से अपील की कि वे सकारात्मक सहयोग करें। अगर कहीं कमी है, तो मिलकर उसे ठीक किया जा सकता है। कुलजीत चहल ने दोहराया कि एनडीएमसी का मकसद विकास और जनहित है, न कि राजनीति। उन्होंने कहा कि आप की राजनीति सिर्फ आरोप लगाने तक सीमित रही, जबकि उनकी टीम ने मूर्त परिणाम दिए हैं।

## पूर्वी दिल्ली के आनंद विहार के अस्पताल में लगी भीषण आग, एक की मौत

नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता

नई दिल्ली, । पूर्वी दिल्ली के आनंद विहार स्थित एक अस्पताल में भीषण आग लग गई, जिससे मरीजों में हड़कंप मच गया। सूचना पर फायर ब्रिगेड की टीम घटनास्थल पर पहुंची और आग पर काबू पाया। इस हादसे में एक व्यक्ति की मौत की खबर आ रही है। यह घटना शाहदरा के आनंद विहार थाना क्षेत्र में स्थित कॉसमॉस स्पेशलिस्ट हॉस्पिटल की है, जहां अचानक आग लग गई। आग लगने से पूरे अस्पताल में धुआं भर गया, जिससे मरीजों का दम घुटने लगा। इसके साथ ही कॉसमॉस स्पेशलिस्ट हॉस्पिटल में जो मरीज एडमिट थे, वे क्रिटिकल केस में पहुंच गए, उन्हें तुरंत रेस्क्यू कर पास के निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया। अस्पताल में काम करने वाले लोग भी बेहोशी की हालत में रेस्क्यू किए गए। दिल्ली पुलिस और दमकल विभाग के कर्मचारियों ने रेस्क्यू ऑपरेशन चलाया। इसके साथ ही मरीजों को निकालने के लिए फायर ब्रिगेड की आधुनिक मशीनों का प्रयोग किया गया। इस दौरान ऑक्सीजन सिलेंडर का प्रयोग कर अधिकारियों ने अस्पताल के अंदर प्रवेश किया। अस्पताल के शीशे को तोड़कर मरीजों और स्टाफ को बाहर निकाला गया। स्टाफ ने बताया कि धुएं की वजह से चारों ओर अंधेरा था। सांस लेने में दिक्कत हो रही थी। घटना के बाद दमकल विभाग के अधिकारी अशोक कुमार जायसवाल ने मीडिया से बातचीत करते हुए कहा कि कॉसमॉस स्पेशलिस्ट हॉस्पिटल के ग्राउंड फ्लोर में दोपहर 12:12 बजे आग लगी और धुआं ऊपर वाले फ्लोर की ओर से उठ रहा था। मौके पर फायर ब्रिगेड की 8 गाड़ियां पहुंचीं। फायर ब्रिगेड की दो टीमें बनाई गईं। एक टीम मरीजों का रेस्क्यू कर रही थी और दूसरी टीम आग बुझा रही थी। करीब दो घंटे में आग पर काबू पाया गया। अधिकारी ने बताया कि अस्पताल से 11 लोगों का रेस्क्यू किया गया, जिसमें से एक की मौत हो गई। मृतक की पहचान अमित के रूप में हुई है, जो अस्पताल में काम करता था।

## जीएसटी संशोधन बिल का रियल एस्टेट सेक्टर पर पड़ेगा असर

नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता

नई दिल्ली, । सदन में आतिशी ने सीएम रेखा गुप्ता से पूछा कि जीएसटी संशोधन बिल 2025 में जो संशोधन 16 है, यह किस संदर्भ में लाया गया है? इससे इवॉयस की प्रक्रिया और इनपुट टैक्स की प्रक्रिया में बदलाव आ रहा है। इस बात से दिल्ली के व्यापारी चिंतित हैं। दिल्ली विधानसभा में भारतीय जनता पार्टी (बीजेपी) सरकार द्वारा लाए गए जीएसटी संशोधन बिल से चिंचित व्यापारियों के मुद्दे को आम आदमी पार्टी ने सदन में पुरजोर तरीके से उठाया। आप की नेता प्रतिपक्ष आतिशी ने कहा कि बीजेपी सरकार के जीएसटी संशोधन बिल से आम व्यापारियों की परेशानी और बढ़ जाएगी। सरकार अब व्यापारियों से किसी भी फार्मेट में कागज मांग सकती है। इससे दिल्ली के व्यापारी परेशान हैं। साथ ही बीजेपी सरकार एसईजेड को टैक्स पर छूट देने की बात कह रही है। इस तरह के व्यापारी केवल बीजेपी के खास दोस्त ही हैं। इन्हें तो छूट दी जाएगी और दिल्ली के आम व्यापारियों पर तरह-तरह नियम थोपे जा रहे हैं। इसका हम विरोध करते हैं। नेता प्रतिपक्ष आतिशी ने कहा कि गुरुवार को सरकार की तरफ से विधानसभा के सदन पटल पर दो जीएसटी संशोधन बिल रखे गए। जैसे ही यह बिल पटल पर रखे गए, उसके बाद से दिल्ली के व्यापारियों के फोन आम आदमी पार्टी के विधायकों के पास आने लगे। कई सारे व्यापारी हमसे मिलने भी आए। जीएसटी संशोधन बिल के कई क्लॉज को लेकर व्यापारी बहुत चिंतित हैं। आतिशी ने कहा कि जीएसटी संशोधन बिल सरकार को यह अधिकार दे देता है कि वह किसी से किसी भी फार्मेट में कागज मांग सकती है। व्यापारियों को परेशान करने के लिए कभी कुछ भी कागज मांगा जाता है। इस बिल के आने के बाद अब कोई तय फार्मेट नहीं है। सरकार अपने हिसाब से अलग-अलग लोगों से अलग-अलग कागज मांग सकती है। यह व्यापारियों के लिए बहुत बड़ा चिंता का कारण है। वहीं, सदन में आतिशी ने सीएम रेखा गुप्ता से पूछा कि जीएसटी संशोधन बिल 2025 में जो संशोधन 16 है, यह किस संदर्भ में लाया गया है? इससे इवॉयस की प्रक्रिया और इनपुट टैक्स की प्रक्रिया में बदलाव आ रहा है। इस बात से दिल्ली के व्यापारी चिंतित हैं। इसी तरह, इनपुट क्रेडिट के सिस्टम में जो बदलाव ला रहा है, यह भी व्यापरियों के लिए चिंता का मुद्दा है। व्यापारियों का मानना है कि बार-बार इनपुट टैक्स क्रेडिट्स में बदलाव लाए जाते हैं, उसमें बहुत जटिलता हो रही है कि किसी भी व्यापारी को जीएसटी कब फाइल करनी है, कैसे और कहां फाइल करनी है, उनको पता नहीं है। आतिशी ने कहा कि जीएसटी के दूसरे बिल में दो महत्वपूर्ण मुद्दे हैं। सेक्शन पांच में जो संशोधन लाया गया है, दिखने में तो यह छोटा सा है कि प्लांट और मशीनरी को प्लांट एंड मशीनरी लिखा जाएगा। लेकिन इस छोटे से संशोधन से पूरा रियल एस्टेट सेक्टर, जो इमारतें बनाई गई हैं, जहां पर फ्लैट्स बेचे जा रहे हैं, कमर्शियल कॉम्प्लेक्स बनाए गए हैं और बेचे जा रहे हैं, उस पर असर पड़ेगा।

## तिहाड़ जेल में दो कैदियों की नाले में डूबकर मौत, 3 अधिकारी सस्पेंड




नई दिल्ली। दिल्ली की तिहाड़ जेल में हत्या के दो दोषियों की बरसाती नाला साफ करते समय डूबकर मौत हो गई। घटना के बाद 3 अधिकारियों को निलंबित कर जांच शुरू कर दी गई है। दिल्ली की तिहाड़ जेल में शुक्रवार सुबह एक चौंकाने वाली घटना सामने आई। जेल नंबर 8 में हत्या के दो दोषी कैदी, अमित और विनय कुमार, बरसाती नाला साफ करते वक्त डूब गए। आधिकारिक सूत्रों के मुताबिक, यह हादसा सुबह करीब साढ़े 8 बजे हुआ। सूत्रों ने बताया कि शुरूआत में खबर मिली थी कि इन दोनों कैदियों को सफाई का काम दिया गया था, लेकिन रिकॉर्ड में ऐसा कोई आदेश दर्ज नहीं है। अब जांच इस बात की भी हो रही है कि क्या वे खुद ही वहां चले गए थे और गलती से फिसल गए। कहा जा रहा है कि एक कैदी पहले नाले में गिरा और दूसरा उसे बचाने के लिए कूदा, लेकिन दोनों ही बाहर नहीं निकल पाए। दोनों को नाले से बेहोशी की हालत में बाहर निकाला गया और तुरंत अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। दोनों कैदी हत्या के मामले में दोषी ठहराए गए थे और सजा काट रहे थे। हादसे के बाद जेल प्रशासन ने तुरंत न्यायिक और पुलिस जांच शुरू कर दी है। साथ ही, किसी तरह की लापरवाही या चूक की संभावना को देखते हुए विभागीय जांच के भी आदेश दिए गए हैं। इस मामले में तीन अधिकारियों, एक उप अधीक्षक, एक सहायक अधीक्षक और एक हवलदार को निलंबित कर दिया गया है। जेल अधिकारी अब घटना के समय की सीसीटीवी फुटेज खंगाल रहे हैं। साथ ही, आसपास मौजूद अन्य कैदियों और जेल कर्मचारियों से भी पूछताछ की जा रही है ताकि पूरे मामले की सच्चाई सामने आ सके। यह घटना कई सवाल खड़े करती है। आखिर बिना आदेश के दो कैदी सफाई करने वहां क्यों गए? क्या सुरक्षा में चूक हुई थी? या फिर इसके पीछे कोई और वजह छुपी है? इन सभी पहलुओं की जांच फिलहाल जारी है।

## डूसू चुनाव को लेकर डीयू की अधिसूचना पर एनएसयूआई की आपत्ति



नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता

नई दिल्ली, । दिल्ली विश्वविद्यालय छात्र संघ (डूसू) चुनाव को लेकर डीयू द्वारा जारी अधिसूचना पर नेशनल स्टूडेंट्स यूनियन ऑफ इंडिया (एनएसयूआई) ने इसे छात्र राजनीति और लोकतांत्रिक माहौल पर सीधा हमला करार दिया है। संगठन ने आरोप लगाया कि यह कदम सत्ताधारी दल की छात्र इकाई एबीवीपी को लाभ पहुंचाने और विपक्षी आवाजों को दबाने की सोची-समझी रणनीति है। एनएसयूआई के राष्ट्रीय अध्यक्ष वरुण चौधरी ने कहा कि हम स्वच्छ और निष्पक्ष छात्र चुनावों के पक्षधर हैं, लेकिन यह अधिसूचना प्रशासनिक अतिक्रमण है, जिसका उद्देश्य चुनावी प्रक्रिया को एकतरफा बनाना है। संगठन ने अधिसूचना की चार प्रमुख आपत्तियां गिनाईं। पहली, 1 लाख की जमानत राशि, जो लिंगदोह समिति द्वारा तय 5,000 की खर्च सीमा के विपरीत है और गरीब व वंचित छात्रों को चुनाव लड़ने से रोकेगी। दूसरी, प्रतिरूपण के मामलों में उम्मीदवार को ही जिम्मेदार ठहराना, जबकि नकली पोस्टर हटाने के लिए 24 घंटे की समयसीमा और 25,000 जुमार्ना अव्यावहारिक है। तीसरी, अदालत के आदेशों का चयनात्मक इस्तेमाल कर ऐसे प्रावधान थोपना, जो कानून और लिंगदोह सिफारिशों से आगे जाते हैं। चौथी, नियम लागू करने का समय है। एनएसयूआई ने मांग की कि लिंगदोह समिति और न्यायालय के निर्देशों को पूरी तरह, पारदर्शी और निष्पक्ष रूप से लागू किया जाए, साथ ही नियमों का इस्तेमाल विपक्षी उम्मीदवारों को चुनाव से बाहर करने के लिए न किया जाए। वरुण चौधरी ने कहा कि यह लड़ाई छात्र लोकतंत्र बचाने की है और हम इसे हर मंच पर लड़ेंगे।

## बार काउंसिल विधि स्नातकों से ह्यवैकल्पिक शुल्क नहीं ले सकते : कोर्ट

नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता

नई दिल्ली, । सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि विधि स्नातकों से राज्य बार काउंसिल या बार काउंसिल ऑफ इंडियाह्ण द्वारा वैधानिक शुल्क के अलावा कोई अन्य वैकल्पिक शुल्क नहीं वसूला जा सकता। शीर्ष अदालत ने इसी के साथ कर्नाटक राज्य बार काउंसिल से ऐसी कोई भी राशि वसूलना बंद करने को कहा है। न्यायमूर्ति जे. बी. पारदीवाला और न्यायमूर्ति आर. महादेवन की पीठ ने के. एल. जे. ए. किरण बाबू की एक अवमानना याचिका पर यह निर्देश दिया। याचिका में आरोप लगाया गया था कि राज्य बार काउंसिल, विशेषकर कर्नाटक राज्य बार काउंसिल द्वारा विधि स्नातकों से नामांकन के लिए अत्यधिक शुल्क नहीं लेने के इस अदालत के पिछले साल जुलाई के निर्देशों का अक्षरशः पालन नहीं किया जा रहा है। ह्यबार काउंसिल ऑफ इंडिया ने अपने हलफनामे में कहा कि सभी राज्य बार काउंसिल सुप्रीम कोर्ट के निर्देशों का पालन कर रही हैं। कर्नाटक राज्य बार काउंसिल द्वारा पहचान पत्र, प्रमाण पत्र, कल्याण निधि और प्रशिक्षण आदि के लिए 6,800 रुपये की फीस तथा वैधानिक शुल्क के अलावा 25,000 रुपये वैकल्पिक हैं, अनिवार्य नहीं। शीर्ष अदालत ने कहा कि यदि कर्नाटक राज्य बार काउंसिल वैकल्पिक रूप से कोई राशि वसूल रही है, हालांकि यह अनिवार्य नहीं है, तो भी इसे रोका जाना चाहिए।

देश दुनिया की ताजा तरीन खबरें पढ़ने के लिए लॉग ऑन करें
@Pratahkiran
www.pratahkiran.com


# भाजपा की चार इंजन की सरकार में दिल्ली की कानून व्यवस्था बदहाल : आप

**नई दिल्ली, प्रात : किरण संवाददाता**




नई दिल्ली,। दिल्ली में आपराधिक घटनाओं के बढ़ने का आरोप लगाते हुए आम आदमी पार्टी पार्टी ने भाजपा सरकार पर तीखा हमला बोला है। आप नेताओं ने शनिवार को प्रेसवार्ता कर कहा कि भाजपा की चार इंजन की सरकार में दिल्ली की कानून व्यवस्था बदहाल हो चुकी है। दिल्ली में रोज हो रही हत्या, लूटपाट और ड्रग्स बिकने की घटनाओं का संज्ञान लेने वाला कोई नहीं है। कहा कि विधानसभा सत्र में आप की मांग के बावजूद भाजपा सरकार जनता से जुड़े मुद्दों पर कोई चर्चा नहीं की। आप नेताओं ने सीएम रेखा गुप्ता और एलजी वीके सक्सेना से अनुरोध है कि जनता का भी ख्याल कर लें। आप ने कहा है कि दिल्ली में कानून व्यवस्था की हालत बहुत बदतर हो चुकी है। रोज कहीं न कहीं हत्याएं, लूटपाट की घटनाएं हो रही हैं। शनिवार को करावल नगर में हत्या की घटना हुई है। इसी तरह रोज पूरी दिल्ली में कहीं हत्या और लूटपाट जैसी गंभीर आपराधिक घटनाएं सुनने को मिलती हैं। जंगपुरा में बालीबुड की अभिनेत्री के भाई की हत्या कर दी गई। उन्होंने कहा कि सोमवार से शुक्रवार तक दिल्ली विधानसभा का सत्र चला। हम विधानसभा सत्र में लगातार दिल्ली की बिगड़ती कानून व्यवस्था को लेकर चर्चा की मांग कर रहे थे। पांच दिन के मानसून सत्र में दिल्ली की जनता से जुड़े मुद्दों पर एक बार भी चर्चा नहीं हुई। भाजपा सरकार ने पांच दिन के सत्र में सिर्फ राजनीतिक प्रोपेगंडा करके समय खराब किया। इससे दिल्ली की जनता खुद को ठगा हुआ महसूस कर रही है।

## रक्षाबंधन पर केवाईएस ने मनाया सांप्रदायिक सौहार्द दिवस, कौमी एकता की बांधी राखी



नई दिल्ली,। रक्षाबंधन के अवसर पर क्रांतिकारी युवा संगठन (केवाईएस) ने शनिवार को दिल्ली में सांप्रदायिक सौहार्द दिवस मनाते हुए कौमी एकता और भाईचारे का संदेश दिया। इस अवसर पर संगठन के कार्यकताओं ने पुरानी दिल्ली के जामा मस्जिद क्षेत्र में लोगों को राखी बांधी और सांप्रदायिक हिंसा के खिलाफ एकजुट संघर्ष का आह्वान किया। केवाईएस का कहना है कि पिछले कुछ वर्षों में देश में सांप्रदायिक हिंसा की घटनाओं में तेजी आई है, जिससे अल्पसंख्यक समुदायों में भय का माहौल है। संगठन ने आरोप लगाया कि ऐसी घटनाओं को रोकने के बजाय मौजूदा आरएसएस-भाजपा सरकार और उससे जुड़े संगठन सांप्रदायिकता फैलाकर नफरत का वातावरण बना रहे हैं। संगठन ने कहा कि देश इस समय आर्थिक संकट, महंगाई, बेरोजगारी, बढ़ती गैर-बराबरी, महिलाओं व अल्पसंख्यकों के खिलाफ अपराध और स्वास्थ्य सुविधाओं की बदहाली जैसी गंभीर चुनौतियों से जूझ रहा है। इन मुद्दों से लोगों का ध्यान भटकाने के लिए सांप्रदायिक माहौल को बढ़ावा दिया जा रहा है। अभियान के दौरान कार्यकताओं ने ब्रिटिश शासन के खिलाफ आंदोलन में सांप्रदायिक एकता की ऐतिहासिक भूमिका को भी याद किया। उन्होंने संकल्प लिया कि वे सांप्रदायिक ताकतों का विरोध जारी रखेंगे और सौहार्द का यह संदेश देश के अन्य हिस्सों तक पहुंचाएंगे।

## अवध शुगर मिल ने उठाया मानवता भरा कदम, बाढ़ प्रभावितो को बांटी खाद्य सामग्री

**प्रात : किरण संवाददाता, नादिर त्यागी**



स्योहारा। पिछले सप्ताह से लगातार हो रही मूसलाधार बारिश जनपद वासियों के लिए परेशानी का सबब बन गई है। जिसके चलते जनपद में अनेक जगह बाढ़ जैसे हालत हो गये हैं। गरीब आदमी की रोजी-रोटी पर संकट के बादल मंडराने लगे हैं। ऐसे में हमेशा की तरह दुख की घड़ी में समाज के काम आने वाली जानी-मानी अवध शुगर मिल स्योहारा ने क्षेत्र के गरीब, परेशान बाढ़ से प्रभावित लोगों के पास जाकर उन्हें खाद्यय सामग्री बांटकर उनकी मदद की जिससे ग्रामीणों ने राहत की सांस ली। स्योहारा चीनी मिल क्षेत्र गेट के ग्रामों रफतपुर व काजीपूरा जो बाढ़ के पानी से प्रभावित है तो उक्त ग्रामो के प्रभावित परिवारों को अवध शुगर मिल द्वारा राहत खाद्य सामग्री बांटी गई। इस मौके पर शुगर मिल के अधिशासी अध्यक्ष सुखबीर सिंह, अधिशासी उपाध्यक्ष सुनील सिंह, अधिशासी उपाध्यक्ष( गाना) प्रमोद सिंह, अधिशासी उपाध्यक्ष (गन्ना विकास) अरविंद सिंह तथा अन्य अधिकारी गण मौजूद रहे। मिल के अधिशासी अध्यक्ष चौधरी सुखवीर सिंह ने कहा कि परेशानी और दुख की घड़ी में हर इंसान को एक दूसरे के काम आना चाहिए और यही इंसानी फर्ज है।

# शाहदरा ज़िले के थाना आनंद विहार क्षेत्र में कोसमॉस अस्पताल में भीषण आग, अस्पताल कर्मचारी की मौत

**प्रात : किरण : मनोज जैन**




शाहदरा ज़िले के थाना आनंद विहार क्षेत्र स्थित विकास मार्ग पर शनिवार दोपहर करीब 12बजे कोसमॉस अस्पताल में उस समय हड़कंप मच गया, जब ग्राउंड फ्लोर पर स्थित सर्वर कक्ष में अचानक भीषण आग भड़क उठी। यह वही कमरा था जहां से अस्पताल का पूरा कंप्यूटर नेटवर्क, सुरक्षा कैमरों की व्यवस्था और मरीजों का डिजिटल रिकॉर्ड नियंत्रित होता है। चंद ही पलों में तेज लपटों के साथ घना जहरीला धुआं निकलकर पूरे अस्पताल में फैल गया, जिससे मरीजों और कर्मचारियों का दम घुटने लगा। उस समय अस्पताल में सैकड़ों मरीज मौजूद थे, जिनमें कई गंभीर इलाज वाले वार्डों में थे। सूचना मिलते ही दमकल विभाग की कई गाड़ियां और थाना आनंद विहार के प्रभारी मनीष कुमार अपनी पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे। हालात इतने गंभीर थे कि अगर आग थोड़ी देर और काबू में नहीं आती, तो ऊपरी मंज़िलों तक पहुंचकर यह हादसा भयावह रूप ले सकता था। पुलिस ने तुरंत अस्पताल के आसपास के रास्ते सील कर दिए, ताकि दमकल वाहनों को रास्ता साफ मिल सके और बचाव कार्य में कोई बाधा न आए। दमकल कर्मियों ने घंटों की कठिन मशक्कत के बाद लपटों को पूरी तरह काबू में कर लिया और आग को ऊपरी मंज़िलों तक फैलने से रोक दिया। राहत कार्य के दौरान अस्पताल में भर्ती 8 मरीजों को सुरक्षित पास के पुष्पांजलि अस्पताल में स्थानांतरित किया गया। तीन कर्मचारियों – अमित (हाउसकीपिंग स्टाफ), हर देवी और नरेश (डायलिसिस रूम स्टाफ) – को भी धुएं से बेहोश हालत में बाहर निकाला गया। हर देवी और नरेश की हालत अब स्थिर है, लेकिन अमित को डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। जानकारी के अनुसार, पहले अमित छत पर पहुंचा था, लेकिन बाद में तीसरी मंज़िल के स्नानघर में फंस गया, जहां से उसे बेहोशी की हालत में निकाला गया। शव को पोस्टमार्टम के लिए मोर्चरी भेजा गया। शाहदरा ज़िले के डीसीपी प्रशांत गौतम ने बताया कि घटना की सूचना मिलते ही पुलिस, दमकल और प्रशासन की सभी टीमें सक्रिय हो गईं। प्राथमिकता सैकड़ों मरीजों और कर्मचारियों की जान बचाने पर रही, और संयुक्त प्रयासों से एक बड़ी त्रासदी टल गई। आग लगने के कारण और नुकसान का आकलन फिलहाल जांच में है। पुलिस ने इस मामले में केस दर्ज किया है। हादसे के समय रक्षाबंधन का पर्व होने के कारण विकास मार्ग और आसपास की सड़कों पर पहले से ही भीड़ थी। ऊपर से बचाव कार्य के चलते रास्ते बंद होने से लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा। कई घंटों तक पूरा इलाका धुएं की मोटी चादर में ढका रहा, लेकिन समय पर पहुंची दमकल टीम और पुलिस की त्वरित कार्रवाई ने सैकड़ों जिंदगियां बचा लीं।

## शाहदरा ज़िले में रक्षाबंधन पर्व पर भाईचारे और सुरक्षा का अनूठा संगम

### थाना जीटीबी एनक्लेव में बच्चों के साथ पुलिस ने मनाया रक्षाबंधन

**प्रात : किरण : मनोज जैन**



शाहदरा। रक्षाबंधन पर्व पर शाहदरा ज़िले में मंदिरों, गलियों, बाजारों और घरों में सुबह से ही रौनक देखने को मिली। बहनों ने थाल सजाकर भाइयों की कलाई पर रक्षा सूत्र बांधे और उनके दीघार्यु एवं सुख-समृद्धि की कामना की। मुख्य बाजार, कृष्णा नगर, विवेक विहार और आनंद विहार में भीड़ का आलम ऐसा रहा कि दुकानों के बाहर लंबी कतारें लग गईं। मिठाइयों और राखियों की बिक्री पूरे दिन चरम पर रही, जबकि फूल और उपहार की दुकानों पर भी ग्राहकों की भारी भीड़ उमड़ी। सामाजिक संगठनों और महिला मंडलों ने कई सार्वजनिक स्थलों पर ओपन राखी स्टॉल लगाए, जहाँ पुलिसकर्मियों, सफाईकर्मियों और अन्य सेवाओं में लगे कर्मचारियों की कलाई पर राखी बांधी गई। शाहदरा ज़िला पुलिस ने भीड़भाड़ वाले क्षेत्रों में ट्रैफि क व्यवस्था बनाए रखने के लिए विशेष इंतजाम किए और अतिरिक्त पुलिस बल तैनात किया, ताकि लोगों को किसी तरह की परेशानी न हो। पूरे ज़िले का माहौल भाईचारे और एकता के रंग में रंगा नजर आया। शाहदरा ज़िले के डीसीपी प्रशांत गौतम ने बताया कि समुदाय पुलिसिंग और छात्र जागरूकता के तहत थाना जीटीबी एनक्लेव में रक्षाबंधन पर्व विशेष उत्साह से मनाया गया। क्वीन ग्लोबल इंटरनेशनल स्कूल, दिलशाद गार्डन के विद्यार्थियों को पुलिस थाने आमंत्रित किया गया, जहाँ उन्होंने पुलिस अधिकारियों की कलाई पर राखी बांधी और सुरक्षा, स्नेह एवं आपसी सम्मान का संदेश दिया। पूरे कार्यक्रम में खुशी, हंसी और भाईचारे की भावना झलकती रही। थाना जीटीबी एनक्लेव के एसएचओ ने विद्यार्थियों के लिए ह्लगुड टच और बैड टचह्व विषय पर संवादात्मक सत्र आयोजित किया। इसमें बच्चों को व्यक्तिगत सुरक्षा के महत्व के बारे में बताया गया और असुरक्षित परिस्थितियों में खुलकर अपनी बात रखने के लिए प्रेरित किया गया। शिक्षकों और विद्यार्थियों ने दिल्ली पुलिस की इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे आयोजन बच्चों में विश्वास और जागरूकता दोनों बढ़ाते हैं, साथ ही पुलिस और समुदाय के रिश्तों को मजबूत करते हैं

## सदर विधायक महबूब अली ने अपनी कलाई पर बंधवाई राखी



अमरोहा। समाजवादी पार्टी के कद्दावर नेता पूर्व कैबिनेट मंत्री, सदर विधायक/लोक लेखा समिति के चेयरमैन महबूब अली ने बहन व भाई के अटूट प्यार व बंधन के प्रतीक रक्षाबंधन पर अपनी कलाई पर राखी बंधवाकर सभी देशवासियो व क्षेत्रवासियो को बधाई दी। श्री अली ने कहा कि हमे महिलाओ के आत्मसम्मान की रक्षा करनी चाहिये आज जिस तरह से देश व प्रदेश में महिलाओ के साथ अत्याचार हो रहे है उन पर अंकुश लगाना जरूरी है। मै युवा वर्ग से कहना चाहता हूँ कि हमे माताओ व बहनो का सम्मान करना चाहिये एक बार फिर से सभी माताओ व बहनो और देश वासियो को रक्षा बंधन की हार्दिक बधाई।

## शाहदरा ज़िले में रक्षाबंधन पर बारिश के बीच सख़्त पुलिस पहरा

### कृष्णा नगर थाने में बच्चों संग मनाया रक्षाबंधन

**प्रात : किरण : मनोज जैन**



रक्षाबंधन पर्व पर शनिवार को शाहदरा ज़िले में सुबह से ही लगातार बारिश होती रही। कई स्थानों पर पानी भर गया, सड़कों पर कीचड़ और फिसलन के कारण ट्रैफि क जाम की स्थिति बनी रही, लेकिन इसके बावजूद सुरक्षा व्यवस्था में कोई कमी नहीं आने दी गई। डीसीपी प्रशांत गौतम के निर्देश पर सभी थानों को अलर्ट मोड में रखा गया। संवेदनशील बाजारों, मुख्य मार्गों और त्योहार से जुड़े स्थानों पर पुलिस बल की तैनाती बढ़ा दी गई थी। बारिश की परवाह किए बिना पुलिस कर्मी पैदल गश्त, पेट्रोलिंग और यातायात प्रबंधन में जुटे रहे, ताकि किसी भी प्रकार की अप्रिय घटना न हो और लोग त्योहार का आनंद सुरक्षित माहौल में ले सकें। थाना कृष्णा नगर के एसएचओ मुकेश राणा खुद बारिश और कीचड़ के बीच अपनी टीम के साथ गली-गली, बाजार-बाजार घूमते नजर आए। कृष्णा नगर, शंकर नगर और आसपास के इलाकों में त्योहार के चलते भीड़ बढ़ गई थी, दुकानों के बाहर लंबी कतारें और सड़कों पर रौनक थी, लेकिन पुलिस की सक्रिय मौजूदगी के कारण माहौल पूरी तरह शांतिपूर्ण रहा। ट्रैफि क पुलिस ने भी मुख्य मार्गों पर वाहन चालकों को अनुशासन में रखते हुए जाम से बचाने में अहम भूमिका निभाई। स्थानीय व्यापारियों और निवासियों ने इस सख़्त मगर व्यवस्थित सुरक्षा व्यवस्था की खुलकर तारीफ की। इसी दौरान, शंकर नगर स्थित गीता बाल भारती स्कूल के बच्चों ने थाना कृष्णा नगर का दौरा किया और वहां मौजूद थाना प्रभारी मुकेश राणा तथा पुलिस स्टाफ को राखी बांधकर रक्षाबंधन की शुभकामनाएं दीं। छोटे-छोटे हाथों से बंधी राखियों और मासूम मुस्कानों ने थाने का माहौल पूरी तरह बदल दिया। पुलिस कर्मियों ने भी बच्चों के इस प्यार और विश्वास को सम्मानपूर्वक स्वीकार किया और उन्हें मिठाइयाँ देकर आशीर्वाद दिया। यह नजारा पुलिस और समाज के बीच की नजदीकी को दर्शा रहा था, जिसमें सुरक्षा के साथ-साथ अपनापन भी झलक रहा था। थाना प्रभारी मुकेश राणा ने इस अवसर पर बच्चों से उनके सपनों, पढ़ाई और जीवन में अनुशासन के महत्व पर विस्तार से बातचीत की। उन्होंने बताया कि जैसे पुलिस लोगों की सुरक्षा करती है, वैसे ही हर बच्चे को भी अपने परिवार, समाज और देश की सुरक्षा व भलाई के लिए ईमानदारी से आगे बढ़ना चाहिए। यातायात नियमों का पालन, समय की पाबंदी और दूसरों के प्रति संवेदनशीलता जैसे मूल्यों को जीवन में अपनाने की प्रेरणा दी गई। इस तरह रक्षाबंधन का यह पर्व शाहदरा ज़िले में न केवल भाई-बहन के रिश्ते को बल्कि पुलिस और नागरिकों के रिश्ते को भी मजबूत कर गया।

# मुरादाबाद मंडल रेल प्रबंधक ने पत्रकारों संग की परिचय बैठक, विकास कार्यों की दी जानकारी, मांगे सुझाव

### मंडल के रेल तंत्र को और अधिक क्रियाशील बनाना मेरी प्राथमिकता: संग्रह मौर्य

**प्रात : किरण संवाददाता, नादिर त्यागी**



मुरादाबाद मंडल रेलवे ने नवागत मंडल रेल प्रबंधक संग्रह मौर्य से पत्रकारों से परिचय के लिए एक मीटिंग का आयोजन कराया। मीटिंग में स्योहारा,जनपद बिजनौर निवासी वरिष्ठ पत्रकार नादिर त्यागी ने भी शामिल होकर नवागत मंडल रेल प्रबंधक को पुष्प देकर स्वागत किया और स्योहारा के रेलवे फाटक पर लगने वाले जाम से अवगत कराते हुए जनहित में इस समस्या के जल्द से जल्द निस्तारण के लिए आग्रह किया

मुरादाबाद।मंडल रेल प्रबंधक कार्यालय मुरादाबाद के मनन सभागार में नवागत मंडल रेल प्रबंधक संग्रह मौर्य ने एक प्रेस कांफ्रेंस के माध्यम से पत्रकारों के साथ भेंट कर मंडल में किये जा रहे विकास कार्यों की जानकारी और कार्यप्रणाली की सूचना के आदान प्रदान को और बेहतर बनाने के लिए सुझाव भी मांगे। 8 अगस्त को मंडल कार्यालय मुरादाबाद के मनन सभागार में एक प्रेस कांफ्रेंस का आयोजन किया गया। मंडल के नवागत मंडल रेल प्रबंधक संग्रह मौर्य ने प्रेस कांफ्रेंस के माध्यम से सभी मीडिया बंधुगण से भेंटवार्ता की। अपर मंडल रेल प्रबंधक (इनमा) एस०पी० तिवारी ने पलावर पॉट देकर नवागत मंडल रेल प्रबंधक श्री संग्रह मौर्य का प्रेस कांफ्रेंस में स्वागत किया। मंडल रेल प्रबंधक ने पत्रकारों को संबोधित करते हुए अवगत कराया कि रेलवे देश की परिवहन प्रणाली की जीवन रेखा है जो एक सशक्त एवं सर्वसुलभ परिवहन माध्यम के रूप में देश की आर्थिक प्रगति, औद्योगीकरण, सामरिक एवं सामयिक आवश्यकताओं को पूरा करती है। वाणिज्यिक के साथ सामाजिक जिम्मेदारी के निर्वहन में भी भारतीय रेल की अहम भूमिका है। इस गौरवशाली परंपरा की कड़ी में मुरादाबाद मंडल जो उत्तर प्रदेश एवं उत्तराखंड के 22 जिलों ० 24 लोकसभा संसदीय क्षेत्र में फैला हुआ है, करीब 1402 किलोमीटर में 140 जोड़ी मेल एक्सप्रेस ० 44 जोड़ी पैसेंजर ट्रेन 2 फ्लैग स्टेशन समेत 150 स्टेशन ०48 हाल्ट के माध्यम से प्रतिदिन लगभग तीन लाख यात्रियों को रेल सेवा प्रदान करता है। उद्योग जगत को भी सेवा प्रदान करने में मुरादाबाद मंडल महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। हम खाद के कारखाने, चीनी मिलें इत्यादि को अपनी सेवा मुहैया कराकर देश के नागरिकों की आवश्यकताओं की पूर्ति करने में सर्वदा अग्रणी रहे हैं, साथ ही एक राज्य से दूसरे राज्य तक खाद्यान परिवहन में भी हमारी सशक्त भागीदारी रही है। इस समय मंडल के 19 स्टेशनों का अमृत भारत स्टेशन योजना के अंतर्गत विकास किया जा रहा है जिसमें एक स्टेशन बिजनौर का कार्य 26 जुलाई 2025 को पूर्ण हो गया है इस स्टेशन का माननीय प्रधानमंत्री जी के द्वारा वर्चुयल रूप से उद्घाटन किया जा चुका है। अभी इसी वर्ष में हम धामपुर स्टेशन के कार्य को भी पूर्ण कर लेंगे। साथ ही 04 मुख्य स्टेशन (देहरादून, हरिद्वार, मुरादाबाद, बरेली) का स्टेशन रिडेवलपमेंट के तहत अपग्रेडेशन की भी हम तीव्र गति शीघ्र पूर्ण कराने का प्रयास करेंगे। मंडल में नए रूड़की-देववंद सेक्शन के दो नये स्टेशन झबरेड़ा व बन्हेंडा खास को भी शीघ्र शुरू करने का प्रयास किया जा रहा है। उत्तराखंड में चार धाम परियोजना के अंतर्गत ऋषिकेश-कर्णप्रयाग रेल परियोजना पर भी तीव्र गति से कार्य किया जा रहा है। मंडल के हरिद्वार एवं बरेली में रेल कोच रस्टोरेंट को शुरू किया गया है, जोकि नगर क्षेत्र एवं रेल यात्रियों को अपनी बेहतर सुविधायें प्रदान कर रहें है। मंडल के रायवाला, बिजनौर एवं चंदौसी में रेल रेस्टोरेंट के लिए स्थान चिन्हित किये गए हैं। उन्होंने आगे बताया कि मै आने कार्यकाल में मंडल में चल रहे सभी विकास कार्यों को और तीव्र गति के साथ पूर्ण कराने का प्रयास करूंगा। मंडल में विकास कार्यों एवं रेल यात्रा को और बेहतर बनाने के लिए सभी के सुझावों का स्वागत है। प्रेस कांफ्रेंस के दौरान मंडल रेल प्रबंधक संग्रह मौर्य के साथ अपर मंडल रेल प्रबंधक (इनमा) एस०पी०तिवारी, वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक आदित्य गुप्ता आदि सही अन्य कर्मचारी गण उपस्थित रहे।

## दिल्ली में यमुना का जलस्तर चेतावनी के स्तर से नीचे आया

**नई दिल्ली, प्रात : किरण संवाददाता**

नई दिल्ली,। दिल्ली में तेज बारिश के बाद भी यमुना के जलस्तर में गिरावट दर्ज की गई है। शनिवार दोपहर तीन बजे यमुना का जलस्तर 204.38 मीटर तक पहुंच गया। यमुना के जलस्तर का चेतावनी स्तर 204.50 मीटर है। बाढ़ नियंत्रण विभाग का कहना है कि जलस्तर घटने के बाद भी अभी निचले इलाके में लोगों को जाने से रोका जा रहा है क्योंकि कई स्थानों पर पानी भरा हुआ है। उसके चलते कोई हादसा न हो इसलिए लोगों की निचले इलाके में आवाजाही पर पाबंदी जारी रहेगी। दिल्ली में शुक्रवार को हथिनी कुंड बैराज से बड़ी मात्रा में पानी छोड़े जाने के बाद यमुना का जलस्तर चेतावनी स्तर 204.50 मीटर से बढ़कर 205.19 मीटर से ऊपर तक पहुंच गया था। एक समय लगा कि यह खतरे के निशान 205.33 मीटर को पार कर जाएगा, लेकिन देर शाम यमुना का जलस्तर घटने लगा। अब यह चेतावनी स्तर से भी नीचे आ गया है। बाढ़ नियंत्रण विभाग का कहना है कि अब पीछे हथिनी कुंड बैराज से भी पानी कम छोड़ा जा रहा है। जलस्तर बढ़ने का भी कोई पूर्वानुमान नहीं है। दिल्ली में शनिवार को हुई तेज बारिश के बाद अंदाजा लगाया जा रहा था कि दिल्ली में यमुना का जलस्तर और बढ़ेगा। मगर जलस्तर बढ़ता देख ओखला बैराज को पूरी तरह से खोल दिया गया था, जिससे पीछे से आ रहा पानी तेजी से आगे निकलता गया। दिल्ली में जलस्तर खतरे के निशान को पार नहीं कर पाया है। हालांकि, खादर में गड्ढों के अंदर भरे पानी के कारण लोगों की यमुना खादर में जाने पर रोक लगाई गई है। वोट क्लब भी निचले इलाकों में निगरानी कर रहा है।

## डीयू को मिला नैक का ए प्लस प्लस ग्रेड

**नई दिल्ली, प्रात : किरण संवाददाता**

नई दिल्ली,। दिल्ली विश्वविद्यालय ने शैक्षणिक उत्कृष्टता की दिशा में एक और ऐतिहासिक उपलब्धि अर्जित करते हुए राष्ट्रीय मूल्यांकन एवं प्रत्यायन परिषद (नैक) द्वारा ए श्रेणी प्राप्त की है। 8 अगस्त 2025 को घोषित संस्थागत मूल्यांकन एवं प्रत्यायन चक्र-2 के अंतर्गत विश्वविद्यालय को 3.55 का सीजीपीए (क्यूम्यूलेटिव ग्रेड प्वाइंट एवरेज) मिला है। यह श्रेणी पांच वर्ष, अर्थात 2029 तक मान्य रहेगी। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर योगेश सिंह ने इस अवसर पर कहा कि वर्ष 2018 के पिछले चक्र में दिल्ली विश्वविद्यालय को 3.28 सीजीपीए के साथ ए श्रेणी मिली थी। इस बार प्राप्त उच्चतर श्रेणी विश्वविद्यालय की गुणवत्ता संवर्धन, शिक्षण एवं अनुसंधान में नवाचार, और सुदृढ़ प्रशासनिक व्यवस्था के प्रति निरंतर प्रतिबद्धता का प्रमाण है। प्रो. सिंह ने कहा कि नैक ए श्रेणी प्राप्त करना हमारे विश्वविद्यालय के इतिहास में स्वर्णिम क्षण है। यह सम्मान हमारे अध्यापकों, विद्यार्थियों, गैर-शिक्षण कर्मचारियों, पूर्व छात्रों और सभी हितधारकों के अटूट परिश्रम, समर्पण और सामूहिक प्रयास का परिणाम है। यह उपलब्धि हमें और ऊंचे मानक स्थापित करने तथा शिक्षण, अनुसंधान और समाज सेवा में उत्कृष्टता का नया विस्तार करने के लिए प्रेरित करेगी।

## पूर्णिमा पर हजारों श्रद्धालुओं ने गंगा में लगाई आस्था की डुबकी

**प्रात : किरण संवाददाता**

गजरौला। सावन की पूर्णिमा पर बृजघाट व तिगरीधाम में गंगा स्नान करने के लिए श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी। शुक्रवार रात से ही श्रद्धालु बृजघाट पहुंचना शुरू हो गए। शनिवार तड़के गंगास्नान किया। विधि विधान संग पूजा-अर्चना कर जरूरतमंदों को दान कर पुण्य कमाया। वहीं स्नान प्रारंभ होते ही घाटों पर आस्था उमड़ पड़ी। हर-हर महादेव, जय मां गंगा के उद्घोष से स्नान घाट भी गूंज उठे। स्नान के बाद श्रद्धालुओं ने विधि विधान संग पूजा-अर्चना की। बहुत से श्रद्धालुओं ने पुरोहितों से अनुष्ठान भी करवाए। उधर, तिगरीधाम में भी श्रद्धालुओं की भीड़ दिखाई दी। गंगा स्नान का सिलसिला दोपहर तक जारी रहा।

## सुसराल से घर लौट रहे किसान की सड़क हादसे में मौत

**प्रात : किरण संवाददाता**

हसनपुर। रक्षाबंधन पर पत्नी को उसके मायका छोड़कर घर लौट रहे किसान की सड़क हादसे में मौत हो गई। परिवार में कोहराम मचा हुआ है। पुलिस ने शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम को भेजा है। गजरौला थाना क्षेत्र के गांव फिरोजपुर निवासी 60 वर्षीय हरीराज पत्नी शांति को रक्षाबंधन पर उसके मायका आदमपुर थाना क्षेत्र के गांव हयातपुर छोड़कर शुक्रवार देर शाम बाइक से घर लौट रहा था। जैसे ही उनकी बाइक गजरौला मार्ग पर कोतवाली क्षेत्र के मनोटा शिव मंदिर के पास पहुंची तो सामने से आ रहा अज्ञात वाहन टक्कर मारकर भाग निकला। बाइक सवार किसान गंभीर रूप से घायल हो गया। राहगीरों की सूचना पर पुलिस भी मौके पर पहुंच गई। घायल को नगर के सीएचसी में भर्ती कराया, जहां से प्राथमिक उपचार के बाद हायर सेंटर रेफर कर दिया। मेरठ ले जाते समय रास्ते में हरिराज की मौत हो गई। सूचना मिलते ही परिवार में कोहराम मच गया। पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। हरीराज अपने पीछे तीन बेटी, दो बेटा व पत्नी शांति को रोते बिलखते छोड़ गया है।परिजनों के द्वारा अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ कोतवाली में तहरीर दी गई है। प्रभारी निरीक्षक दिनेश कुमार शर्मा ने बताया कि अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया जा रहा है।

## दिल्ली के नंद नगरी में व्यक्ति की गोली मारकर हत्या, एक गिरफ्तार



**नई दिल्ली, प्रात : किरण संवाददाता**

नई दिल्ली,। उत्तर-पूर्वी दिल्ली के नंद नगरी इलाके में एक व्यक्ति की कथित तौर एक पुराने विवाद को लेकर गोली मारकर हत्या कर दी गई। पुलिस ने शनिवार को यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि शुक्रवार और शनिवार की दरम्यानी रात हुई इस हत्या के आरोप में 20 वर्षीय एक युवक को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने बताया कि गिरफ्तार युवक के पास से एक देसी पिस्तौल बरामद की गई है। अधिकारी ने कहा, गोलीबारी की घटना की सूचना नंद नगरी थाने को मिली थी। सूचना मिलने के बाद एक टीम मौके पर पहुंची और पाया कि कपिल (28) नामक एक व्यक्ति को गोली लगी है। पुलिस ने बताया कि कपिल को जीटीबी अस्पताल ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने बताया कि इस संबंध में एक मामला दर्ज कर लिया गया है और एक टीम ने घटनास्थल की जांच की, जबकि फॉरेंसिक टीम ने नमूने एकत्रित किए। जांच के दौरान टीम ने संदिग्ध की पहचान 20 वर्षीय शिवम यादव के रूप में की और उसे पकड़ लिया गया। अधिकारी ने कहा, पूछताछ के दौरान आरोपी ने एक पुराने विवाद में कपिल को गोली मारने की बात स्वीकार की। मामले में आगे की जांच की जा रही है।

## संक्षिप्त खबरें

### 29 वां श्रावणी मटेश्वर महोत्सव व 216 फीट कांवर पद यात्रा पर की गई बैठक आहूत

सहरसा। सिमरी बख्तियारपुर प्रखंड के कांठो पंचायत स्थित मुखिया भोलेन्द्र राय के आवास पर 29वें श्रावणी मटेश्वर महोत्सव सह 216 फीट कांवर पद यात्रा की तैयारी को लेकर बैठक आयोजित कि गई। बैठक की अध्यक्षता मुखिया भोलेन्द्र राय ने की। बैठक में डाक कांवरिया संघ के अध्यक्ष मुन्ना भगत, उपाध्यक्ष विनोद सिंह, सचिन शिवेंद्र पोद्दार, चुनचुन रजक, टुनटुन सिंह, उप मुखिया अमित पोद्दार, धीरेंद्र राय, चंद किशोर राय, अनिल यादव, हक्कू पासवान समेत कई स्थानीय समाजसेवी मौजूद रहे। बैठक में बताया गया कि कांवर पद यात्रा का शुभारंभ 14 अगस्त 2025 को राजघाट छर्रा पट्टी, मुंगेर घाट से होगा। 15 अगस्त को मानसी रेलवे मैदान, 16 अगस्त को सिमरी बख्तियारपुर में रात्रि विश्राम रहेगा। 17 अगस्त को बाबा मटेश्वर धाम में जलाभिषेक के साथ यात्रा का समापन होगा। संघ ने बताया कि सभी विश्राम स्थलों पर निःशुल्क भंडारा एवं भव्य जागरण का आयोजन किया जाएगा, जिसमें राष्ट्रीय स्तर के कलाकार प्रस्तुति देंगे। कार्यक्रम में अधिक से अधिक शिवभक्तों से शामिल होने की अपील की गई।

### मतदाता पुनरिक्षण सूची में नाम नहीं जुटने और मृत घोषित करने पर पूर्व विधायक ने भाजपा सरकार पर लगाया आरोप

भागलपुर। जिले में चुनाव आयोग के द्वारा मतदाता पुर्ण निरक्षण मामले में एक नये बात सामने आया है/ इस मामले में पूर्व विधायक फलिन्द्र चौधरी एवं राजद नेता नट बिहारी मंडल ने कहा कि मतदाता पुर्ण निरक्षण में महेशी पंचायत के वार्ड एक के बूथ नम्बर 110 में लक्ष्मी कुमारी जो जीवित है उसका मतदाता पुर्ण निरक्षण सूची में मृत घोषित कर दिया और महेशी पंचायत के मोतीचक गांव वार्ड पांच के बूथ नम्बर 108,109 में मतदाता सूची में नये और पुराने लोगों का नाम भी नहीं जुट पाया है जो चुनाव आयोग भाजपा के इसारे पर चलने का आरोप लगाकर गरीब लोगों का नाम छुटने की बात सामने आ रही है कि बात कही/ इस दौरान दर्जनों ग्रामीण एवं कार्यकर्ता मौजूद थे

### बाढ़ प्रभावित लोगों को सरकार के द्वारा कोई व्यवस्था नहीं :पूर्व विधायक फलिन्द्र चौधरी

भागलपुर। सुल्तानगंज के अजगैबीनाथ धाम में गंगा का जलस्तर बढ़ने पर शनिवार को पुर्व विधायक फलिन्द्र चौधरी एवं महागठबंधन के नेता नट बिहारी मंडल ने बाढ़ प्रभावित इलाका गनगनिया पंचायत,तिलकपुर पंचायत, महेश पंचायत, इंग्लिश चिचरौन, अकबरनगर, किशनपुर पंचायत का जायजा लेने पहुंचे/ इस दौरान पुर्व विधायक फलिन्द्र चौधरी एवं महागठबंधन के संभावित विधायक प्रत्याशी नट बिहारी मंडल एवं राजद के कार्यकारी प्रखंड अध्यक्ष विवेकानंद यादव ने मिडिया को बताया कि लगातार दस दिन से भी अधिक दिनों से गंगा का जलस्तर बढ़ने पर घोरघट से लेकर किशनपुर तक दस से एग्यारह पंचायत बाढ़ के चपेट में हैं लेकिन सरकार के द्वारा अबतक कोई भी व्यवस्था बाढ़ प्रभावित लोगों के नहीं कि गई सीर्फ अस्वाशन ही दिया गया है,और प्रशासन पानी घटने का इंतजार कर रही है कि बात कही।

## एसपी समेत कई हस्तियों ने दी रक्षा बंधन की शुभकामना

# महिलाओं की सुरक्षा का लें संकल्प : डीएम

प्रातः किरण संवाददाता



जमुई । भाई-बहन के रिश्ते में प्रेम और विश्वास का प्रतीक रक्षा बंधन का महा-महोत्सव आज पूरे देश में उल्लास और उमंग के माहौल में मनाया जा रहा है। जिलाधीश नवीन , पुलिस अधीक्षक विश्वजीत दयाल , उप विकास आयुक्त सुभाष चंद्र मंडल , जिला परिषद अध्यक्ष दुलारी देवी , जानी- मानी समाजसेविका डॉ. स्मृति पासवान समेत अन्य कई हस्तियों ने जिलावासियों को रक्षा बंधन के महापर्व पर अपनी शुभकामना दी है।

जिलाधीश श्री नवीन ने कहा कि रक्षा बंधन के पावन अवसर पर मैं जिलवासियों को हार्दिक बधाई और शुभकामना देता हूं। भाई-बहन के बीच प्रेम और आपसी विश्वास की भावना पर आधारित यह त्यौहार सभी बहन-बेटियों के प्रति स्नेह और सम्मान की भावना का संचार करता है। मैं चाहता हूं कि इस पर्व के दिन सभी जिलावासी हमारे समाज में महिलाओं की सुरक्षा और सम्मान को सुनिश्चित करने का संकल्प लें। साथ ही नारी शक्ति की गरिमा और सम्मान को बनाए रखने और इसके लिए एक सक्षम वातावरण को बढ़ावा देने के लिए प्रतिबद्ध हों। पुलिस अधीक्षक विश्वजीत दयाल ने अपने बधाई संदेश में कहा कि रक्षा बंधन का त्यौहार हमें सुरक्षा और सम्मान का बोध कराता है। भाई और बहन के बीच यह पवित्र बंधन का उत्सव है। यह एक ऐसा पावन अवसर भी है जो एक-दूसरे का समर्थन करने और उसे संजोने की प्रतिबद्धता को दर्शाता है। स्वजन को बेझिझक आगे बढ़ने का मौका दें ताकि वह अपनी क्षमता का पूरी तरह से एहसास और इस्तेमाल कर सकें। उप विकास आयुक्त सुभाष चंद्र मंडल ने कहा कि समस्त जिलावासियों को भाई-बहन के असीम स्नेह के प्रतीक का पर्व रक्षा बंधन की ढेरों शुभकामनाएं। यह पावन पर्व आप सभी के रिश्तों में नई मिठास और जीवन में सुख , समृद्धि एवं सौभाग्य लेकर आए। श्री मंडल ने समस्त जिलावासियों को रक्षा बंधन के पावन पर्व की हार्दिक शुभकामना देते हुए कहा कि भाई-बहन के अटूट प्रेम व स्नेह के इस पर्व पर सभी के सुख व समृद्धि की प्रार्थना करता हूं।

जानी-मानी समाजसेविका सह विदुषी महिला डॉ. स्मृति पासवान ने कहा कि रक्षा बंधन भाई-बहन के अटूट प्रेम और स्नेह का पर्व है। रक्षा का यह सूत्र आपके इस पावन रिश्ते को सदैव मजबूती के साथ जोड़े रहे। ईश्वर से प्रार्थना करती हूं कि हमारी पावन संस्कृति का यह उत्सव सभी के जीवन को सुख-सौभाग्य व समृद्धि से परिपूर्ण रखे। उन्होंने आगे कहा कि भाई-बहन के असीम प्रेम , अटूट स्नेह एवं अनमोल रिश्ते का प्रतीक रक्षा बंधन का यह पावन पर्व जाति , धर्म , पंथ से ऊपर उठकर परस्पर बंधुत्व और मेलजोल को बढ़ावा देने वाला अनोखा त्यौहार है। यह उत्सव भारतीय समाज में महिलाओं को बराबरी का हक देता है। मुझे आशा है कि राखी का यह त्यौहार सभी देशवासियों के जीवन में प्रेम , सौहार्द , एकजुटता और आपसी सद्भावना के रिश्तों को और ज्यादा संबल देगा।

जिला परिषद अध्यक्ष दुलारी देवी ने कहा कि बहन प्राण हैं , प्राण हैं , प्रेरणा हैं , मां हैं , ममता हैं , मंगल हैं साथ ही जीवन की आस और उल्लास हैं।

सभी बहनों को भाई-बहन के अप्रतिम प्रेम और अटल विश्वास के प्रतीक रक्षाबंधन महापर्व की हार्दिक बधाई और शुभकामना।

## सहरसा में आधी रात चोरी की वारदात, मुठभेड़ में गृहस्वामी घायल, एक आरोपी पकड़ाया

प्रातः किरण संवाददाता

सहरसा। जिले के सोनवर्षा कचहरी थाना क्षेत्र अंतर्गत बिसनपुर गांव में शुक्रवार की रात करीब 2 बजे चोरी की बड़ी वारदात हुई।

जानकारी के अनुसार, ग्रामीण मंजय साह के घर की खिड़की तोड़कर तीन चोर अंदर घुसे और घर में रखे जेवरात व नगदी लेकर फरार होने लगे। इसी दौरान, आरोपी पुनः मोबाइल चोरी करने के इरादे से वापस आया, तभी मंजय साह की बड़ी पुत्री की नींद खुल गई। उसने शोर मचाया, जिससे परिजन और ग्रामीण जग गए। मौके पर तीनों चोरों में से दो अंधेरे का फायदा उठाकर भाग निकले, जबकि एक आरोपी नासो मियां को ग्रामीणों और परिजनों ने पकड़कर जमकर पिटाई कर दी। परिजन ने बताया कि चोर धारदार हथियार से लैस थे।

हाथापाई के दौरान नासो मियां ने गृहस्वामी मंजय साह पर चाकू से हमला कर दिया, जिससे वे गंभीर रूप से घायल हो गए। पकड़े गए आरोपी नासो मियां ने खुलासा किया कि उसके दो साथी भोपन कुमार साह और नारद साह चोरी का सामान लेकर भागने में सफल रहे। गृहस्वामी के मुताबिक, जेवरात और नगदी मिलाकर करीब 5 लाख रुपये की चोरी हुई है। घटना की सूचना ग्रामीणों ने सुबह करीब 4 बजे सोनवर्षा कचहरी थाने को दी, लेकिन पुलिस 4 घंटे देरी से मौके पर पहुंची, जबकि घटना स्थल थाने से महज 1 किलोमीटर की दूरी पर है।

पुलिस की देरी से नाराज ग्रामीणों ने थाने की गाड़ी को घेर लिया। मौके पर मौजूद थाना प्रभारी अंजली भारती को स्थिति संभालना मुश्किल पड़ी। इस बीच, जनप्रतिनिधि अरुण मुखिया भी वहां पहुंचे और ग्रामीणों को समझा-बुझाकर गाड़ी को जाने दिया। गिरफ्तार आरोपी के पास से चाकू बरामद किया गया है।

## किसी भी शुभ कार्य व धार्मिक अनुष्ठान में खराऊं का सनातन धर्म में विशेष महत्व : आचार्य प्रभाकर

प्रातः किरण संवाददाता

सहरसा। साधना स्थल खजुरी अंचल सिमरी बख्तियारपुर उद्धव स्थल, बैकुंठ धाम परसरमा, सुपौल तक आचार्य प्रभाकर के द्वारा समाजिक सद्भाव एवं विश्व कल्याण की कामना से प्रत्येक पूर्णिमा को 32 किलोमीटर तक चरण पादुका पदयात्रा निकाली जाती है। आचार्य प्रभाकर ने कहा कि चरण पादुका धारण करने के दो लाभ हैं आध्यात्मिक और शारीरिक। किसी भी शुभ कार्य में धार्मिक अनुष्ठान में खराऊं का हमारे सनातन धर्म में विशेष महत्व है खासकर यज्ञोपवीत संस्कार में बरुवा धारण करते हैं।भक्तजन भगवान को खराऊं चढाते है। खराऊं धारण करने से मन एकाग्र होता है याददाश्त में वृद्धि होती है अनिंद्य, दुस्स्वप्न से छुटकारा मिलता है नाकारात्मक विचार के साथ हीं अनेकानेक बिमारी से निजात मिलती है। बिना ईश्वर के इसारा के पत्ता भी नहीं हिलता है, ये यात्रा गोसांई जी के प्रेरणा उन्हीं के आशीर्वाद से आज 55 कांवर स्वरुप खराऊं का भार चढ़ाया गया। ये यात्रा साधना स्थल खजुरी, अंचल सिमरी बख्तियारपुर सहरसा से बैकुंठ धाम परसरमा सुपौल 32 किलोमीटर की दूरी 7 घंटे का समय लगता है। रास्ते में गोसांई जी द्वारा रचित भजन कीर्तन गाते सभी भक्त पूजा अर्चना के बाद मुख्य पुजारी दिनेश बाबा को पादुका अर्पण करते हैं। इस दौरान मुख्य पुजारी दिनेश ओझा, टहलू नथुनी कामत, राजो झा गुरुजी, मोहर देवी, जीवन कुमार सिंह, मनतोष राय, बच्चन दास, किशन कुमार, नीरज कुमार, गोलू कुमार राय, प्रिंस कुमार, कुणाल, अभिमन्यु कुमार राय, गुड्डू सहित अन्य लोगों ने पदयात्रा में सराहनीय योगदान दिया।

## नरेन्द्र मोदी के विरोध में संयुक्त किसान मोर्चा बिहार, जिला स्तर पर निकालेगी जुलूस

प्रातः किरण संवाददाता

उदाकिशुनगंज (मधेपुरा)। संयुक्त किसान मोर्चा, बिहार के तत्वावधान में 13 अगस्त को जिला स्तर पर जुलूस निकाला जाएगा। इसकी जानकारी भाकपा जिला किसान मोर्चा के उपाध्यक्ष सह खाड़ा के भूतपूर्व मुखिया दिगंबर झा ने दी। उन्होंने बताया कि 13 अगस्त 2025 को बहुराष्ट्रीय कंपनियां भारत छोड़ो दिवस मनाया जाएगा। इसके साथ ही संयुक्त किसान मोर्चा, बिहार द्वारा कॉम्प्रिहेंसिव इकोनोमिक एंड ट्रेड एग्रीमेंट की प्रतियां जलाया जाएंगे तथा ट्रेक्टर व मोटर वाहन रैलियां भी निकाली जाएगी। जिला उपाध्यक्ष श्री दिगंबर झा ने कहा कि इस दिन विशेषकर डोनाल्ड ट्रम्प व नरेन्द्र मोदी का पुतला दहन कार्यक्रम 13 अगस्त को किया जाएगा। उन्होंने किसान मोर्चा द्वारा किसानों और मजदूरों के नाम छपी एक पर्ची दिखाते हुए कहा कि कार्यक्रम में पूरे जिले के किसान एवं मजदूर आएंगे। वितरित पर्ची में सरकारी खरीद में विदेशी कंपनियों को प्रवेश, बड़े एग्री-बिजनेस को फायदा, छोटे किसानों को नुकसान, भारतीय कृषि की अनुरक्षित स्थिति, पिछले एफटीए से सबक नहीं लेना, संसदीय निगरानी का पूर्ण अभाव जैसे कई मुद्दों का उल्लेख किया गया है। संयुक्त किसान मोर्चा, बिहार के इस जुलूस में अखिल भारतीय किसान महासभा, बिहार राज्य किसान सभा, क्रांतिकारी किसान युनियन सहित दर्जनों युनियन के भाग लेने की बातें बताई जा रही है।आगामी रैली व कार्यक्रम को सफल बनाने में भाकपा जिला उपाध्यक्ष दिगंबर झा, भाकपा अंचल मंत्री प्रमोद सिंह, उमाकांत सिंह, अरुण तांती, लूरी राम, लालकुन राम, सच्चिदानंद शर्मा, सुभाषचन्द्र झा सहित दर्जनों कार्यकर्ता तन-मन-धन से जुटे हैं।

## मधेपुरा की टीम ने सेमी फाइनल में वैशाली जिला को 2 - 0 से हराया ,फाइनल में अपनी जगह बनाई

प्रातः किरण संवाददाता

मधेपुरा। 6 अगस्त 2025 से बेगुसराय में आयोजित राज्य स्तरीय सुब्रतो कप इंटरनेशनल अंडर 17 बालक प्रतियोगिता में लगातार मधेपुरा टीम ने गोपालगंज को 4 - 0 से, किशनगंज को 2 - 0 से एवं शिवहर को 1 - 0 से हरा कर सेमीफाइनल में पहुंची गई। वही सेमी फाइनल में वैशाली जिला को 2 - 0 से हराया फाइनल में अपनी जगह बनाई। तत्पश्चात 8 अगस्त को फाइनल मुकाबला मधेपुरा और पूर्णिया फुटबॉल टीम के बीच खेला गया। जिसमें मधेपुरा टीम ने पूर्णिया को फ्रेंड पेनल्टी शूटआउट में 3 - 1 से हराकर अपना परचम लहराया है। शारीरिक शिक्षा उपाधीक्षक सुश्री आम्रपाली कुमारी ने सभी फुटबॉल खिलाड़ियों जो शिवनंदन प्रसाद मंडल उच्च विद्यालय के छात्र हैं, उन्हें जीत की बहुत बधाई दी है। आगे उन्होंने कहा कि यह मधेपुरा के लिए गौरव का क्षण है अरसों बाद हमारी टीम ने इंटरनेशनल सुब्रतो कप अंडर 17 में बेहतरीन प्रदर्शन किया है। इसके लिए सभी खिलाड़ी के साथ-साथ टीम के कोच को भी बधाई देती हूँ। राज्यस्तरीय प्रतियोगिता जीत कर टीम अब इंटरनेशनल सुब्रतो कप अंडर -17 पर अपनी प्रतिभागिता सुनिश्चित की है, जहाँ वे विभिन्न राज्यों के साथ-साथ अंतराष्ट्रीय फुटबॉल टीम के साथ खेलेंगी। वहीं फुटबॉल अंडर 17 टीम में संजीव कुमार, ऋतिक कुमार, प्रकाश सोरेन, अंकित कुमार, सोनल कुमार राय, सत्या कुमार, इशांत कुमार, आदित्य धनराज्य, ऋशू कुमार, प्रेम कुमार, बिट्टू कुमार, केशान्त कुमार, आयुष राज, शिव शंकर कुमार, करण कुमार, सूरज कुमार एवं दल प्रभारी लूसी कुमारी शामिल हैं।

## एकदिवसीय धरना का आयोजन

मुंगेर ग्राम पंचायत हरिण मार एवं झौआ बहियार के ग्रामीणों के लिए आवागमन की वैकल्पिक मार्ग उपलब्ध कराने सहित बाढ़ पीड़ितों की अन्य मांग को लेकर दोनों पंचायत के ग्रामीणों की ओर से किला स्थित शहीद स्मारक के सामने एकदिवसीय धरना का आयोजन किया गया।धरना की अध्यक्षता पूर्व जिला पार्षद डॉ गणेश सिंह एवं संचालन जिला राजद मुंगेर के पूर्व जिला अध्यक्ष डॉक्टर देवकीनंदन सिंह ने किया। इस अवसर पर मुंगेर विधानसभा क्षेत्र से राजद के पूर्व प्रत्याशी अविनाश कुमार विद्यार्थी उर्फ मुकेश यादव ने कहा कि 2024 में ही हरिणमार एवं झौआ बहियार पंचायत को गोगरी जमालपुर बाजार से जोड़ने वाला सड़क मार्ग बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। विकल स्वरूप डायवर्सन के माध्यम से पंचायत के लोगों का आवागमन किसी तरह हो रहा था परंतु गंगा का जलस्तर एट अधिक बढ़ने के कारण पानी के दबाव से वह डायवर्सन भी टूट कर बह गया।

## रक्षाबंधन पर भव्य मेले का आयोजन, पूर्व विधायक ने दीप प्रज्वलित कर किया शुभारंभ

प्रातः किरण संवाददाता

प्रातः किरण संवाददाता । सहरसा रक्षाबंधन के पावन अवसर पर जिले के ऐतिहासिक धार्मिक स्थल आदि शक्ति मां बिशहरा भगवती दीवारी स्थान में चार दिवसीय विशाल मेले का शुभारंभ धूमधाम के साथ हुआ। उद्घाटन समारोह का नेतृत्व जदयू नेता एवं सिमरी बख्तियारपुर के पूर्व विधायक अरुण यादव ने किया। उन्होंने विधिवत दीप प्रज्वलित कर मेले का शुभारंभ किया और उपस्थित श्रद्धालुओं को शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर इलाके में भारी संख्या में श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ पड़ी। पूरा वातावरण भक्तिमय हो उठा। मंदिर परिसर में पूजा-अर्चना, भजन-कीर्तन और धार्मिक अनुष्ठानों की गूंज से क्षेत्र गुंजायमान हो उठा। मेला अध्यक्ष रामबहादुर यादव की देखरेख में इस आयोजन को सुचारू रूप से संचालित किया जा रहा है। आयोजन में अनिल ठाकुर, संजीव यादव, इंदल यादव, पुजारी चंदन भगत एवं उपेंद्र भगत, राजेश भगत, बुधन भगत, राजेंद्र भगत , मोहम्मद कमरुल झूला मलिक सहित कई प्रमुख लोगों की सक्रिय भूमिका रही।मोहनपुर पंचायत के मुखिया अरुण यादव भी विशेष रूप से कार्यक्रम में शामिल हुए और मां भगवती से क्षेत्रवासियों के सुख, समृद्धि और शांति की कामना की।

मेले में बच्चों के मनोरंजन के लिए झूले, खेल सामग्री, मिठाइयों की दुकानें और विभिन्न प्रकार की प्रदर्शनी लगी हुई है। सुरक्षा के खाश इंतजाम किया गया है।श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए पीने के पानी, रात्रि विश्राम, चिकित्सा सहायता और भोजन प्रसाद की भी विशेष व्यवस्था की गई है।

आयोजकों ने बताया कि चारों दिन तक पूजा, जागरण एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। स्थानीय लोगों का मानना है कि मां बिशहरा भगवती की कृपा से यह स्थान आस्था और श्रद्धा का केंद्र बना हुआ है। मेले में दूर-दूर से आने वाले श्रद्धालु मां का आशीर्वाद लेकर अपने जीवन में शांति और मंगल की कामना करते हैं।

## गंगा के पानी के दबाव से अस्थायी बांध टूटा

मुंगेर/बरियारपुर (मुंगेर)। गंगा में आए बाढ़ के कारण सिंचाई के लिए बन रहे डकरा नाला पंप नहर के लिए खोदे गए गड्ढे में पानी घुस गया और पानी के दबाव से निर्माण एजेंसी द्वारा बनाया गया अस्थायी बांध टूट गया है। अब इसके कारण कई घर अब कटवा के जद में आ गए है । अब ग्रामीण इससे काफी दहशत में है । मुंगेर जिला अंतर्गत जमालपुर प्रखंड के ग्राम पंचायत इंद्ररुख पश्चिमी में डकरा सत खजुरिया के पास गंगा में आए बाढ़ के कारण डकरा नाला पंप नहर के लिए खोदे गए गड्ढे में पानी घुस गया। पानी के दबाव से निर्माण एजेंसी द्वारा बनाया गया अस्थायी बांध टूट गया, जिससे वहां कटाव होना शुरू हो गया । अब इस कटाव के जद वहां बने कई घरों को गंगा में विलीन होने का खतरा बन गया है । कटाव की जद में स्थानीय दुर्गा स्थान भी शामिल है। गंगा का पानी गड्ढे में घुसने की सूचना पर जिलाधिकारी निखिल धनराज निपनिकर, सहित बड़ी संख्या में पुलिस बल मौके पर पहुंचे। प्रशासन ने तुरंत चारों ओर बांस-बल्ला लगाकर बैरिकेडिंग करवाई।

## स्वयंभू अंकुरित महाकाल बाबा जालंधर नाथ धाम में श्रावण समापन समारोह आयोजित

प्रातः किरण संवाददाता



सहरसा। स्वयंभू अंकुरित महाकाल बाबा जालंधर नाथ धाम में श्रावण समापन समारोह के अवसर पर बाबा के भव्य महाकाल श्रृंगार, 108 भोग एवं भजन संध्या के रंगारंग कार्यक्रमों के साथ धूमधाम से मनाया गया। सौर बाजार प्रखंड अंतर्गत तिलावे नदी के पावन तट पर रामपुर गांव अवस्थित महाकाल बाबा जालंधर नाथ धाम में शैलेश कुमार झा कि अध्यक्षता एवं पुजारी गौरीशंकर ठाकुर, रामशरण ठाकुर के संचालन में श्रावण समापन समारोह संपन्न किया गया। महाकाल बाबा जालंधर नाथ के भव्य श्रृंगार पूजन, 108 भोग के साथ साथ भजन संध्या का रंगारंग कार्यक्रम दीक्षा झा, कन्हैया सिंह कन्हैया एवं ब्रजेश बिहारी द्वारा प्रस्तुत किया गया जिसमें सभी श्रद्धालु झूम उठे। बाबा जालंधर नाथ सेवा समिति के शैलेश कुमार झा ने कहा कि, बाबा जालंधर नाथ का शिवलिंग स्वयंभू अंकुरित है। जो आसपास के सैकड़ों गांव में रह रहे शिवभक्तों के आस्था के केंद्र है। यहां हजारों डाक कांवरिया, पांव पैदल बम, बाइक सवार बम मुंगेर छर्रा पट्टी एवं अगुवानी से जल लेकर श्रावण के पवित्र महीने में बाबा को जलार्पण करते हैं। वही प्रत्येक वर्ष सेवा समिति द्वारा श्रावण महोत्सव बाबा दरबार में आयोजित किया जाता है। जिसका समापन बाबा भक्तों के सहयोग से श्रावण पूर्णिमा को भव्यता पूर्वक बाबा दरबार में किया जाता है। श्रृंगार पूजा को सफल बनाने में नंदू दास, रंजय ठाकुर, श्यामल ठाकुर, अमित कुमार रमन, अंशु झा, मनाय मिश्रा, पं० कैलाश मिश्रा, राम गुलाम तांती, संजीव कुमार झा, भजन साह, सुरज कुमार झा, नटबर कुमार, छोटी कुमारी, स्वेता कुमारी, सत्यम ठाकुर, राजा कुमार, कन्हैया मिश्रा सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

## बहना ने जुड़वा भाई की कलाई पर बांधी राखी

जमुई । जिले के लक्ष्मीपुर प्रखंड अंतर्गत मटिया निवासी संजय कुमार के नतनी एनांशी राज एवं प्रियांशी राज ने अपने नन्हे भाई तांविक के हाथों में राखी बांधी और आशीर्वाद दी। ज्ञात हो कि द्वय बहन को 03 अगस्त को परमेश्वर ने भाई को घर में खुशियां देकर भेजा जिसे हर्षोल्लास पूर्वक भाई की कलाई पर राखी बांधी। वहीं द्वय बहन ने अपने चचेरे जुड़वा भाई रूद्रांश और प्रियांश के हाथों में राखी बांध कर ह्लतुम जीयो हजारों सालह्व का आशीष दिया।ऐसे मौके पर दादा बिनोद साव,दादी उषा देवी,नानी नीरु देवी, पिता पंकज कुमार,माता पूजा भारती, अंकल बिट्टू कुमार, आंटी प्रीति एवं छोटे मामा सूर्य प्रकाश राज उपस्थित थे।

## जिलाधिकारी द्वारा बैजनाथपुर फ्लाईओवर की समस्या को निष्पादित करने का दिया गया निर्देश

सहरसा। जिलांतर्गत सौर बाजार प्रखंड से संबंधित बैजनाथपुर में निमार्णाधीन फ्लाईओवर के निरीक्षण क्रम में शनिवार को जिलाधिकारी दीपेश कुमार द्वारा इसके तकनीकी पक्षों के साथ साथ संदर्भित क्षेत्र में यातायात के समुचित प्रबंधन हेतु किए जा रहे कार्यों के संबंध में जानकारी ली गई एवं उपयुक्त दिशा निर्देश दिए गए। अतिक्रमण की समस्या निवारण हेतु उक्त अवसर पर उपस्थित अंचलाधिकारी को यथाशीघ्र आवश्यक कारवाई का निर्देश दिया गया है। यातायात के सुचारु प्रबंधन के उद्देश्य से संदर्भित क्षेत्र में गड्ढों को अविलंब भरने का निर्देश संबंधित तकनीकी पदाधिकारियों को दिया गया है। साथ ही साथ जल जमाव की समस्या निवारण हेतु वर्णित क्षेत्र में नालों के सफाई व्यवस्था को और सुदृढ़ करने हेतु आवश्यक कारवाई का निर्देश दिया गया है।निरीक्षण के क्रम में जिलाधिकारी द्वारा संदर्भित क्षेत्र से छोटे वाहनों का परिचालन आज से ही सुनिश्चित हो इस हेतु आवश्यक कारवाई का निर्देश दिया गया है। उक्त अवसर पर पुलिस उपाधीक्षक सदर, भूमि सुधार उप समाहर्ता, सदर, कार्यपालक अभियंता, एनएचएआई सहित अन्य संबंधित उपस्थित थे।

## जिले में गंगा के बढ़ते जलस्तर से उत्पन्न बाढ़ की स्थिति पर जिला प्रशासन की है पूरी नजर

मुंगेर। जिले में गंगा के बढ़ते जलस्तर से उत्पन्न बाढ़ की स्थिति पर जिला प्रशासन द्वारा पूरी नजर रखी जा रही है। जिलाधिकारी निखिल धनराज निप्पाणीकर द्वारा स्वयं बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों सहित बाढ़ से विस्थापित लोगों के लिए बने आश्रय स्थल का निरीक्षण किया जा रहा है। इस परिपेक्ष्य में जिलाधिकारी द्वारा आज कुतलुपुर के बाढ़ से विस्थापित लोगों के लिए लखीसराय जिले के अमरपुर में बने आश्रय स्थल का निरीक्षण किया गया। इस दौरान उन्होंने न सिर्फ सामुदायिक रसोई में बन रहे भोजन को स्वयं खाकर उसकी गुणवत्ता की जांच की बल्कि वहां की पूरी व्यवस्था का भी जायजा लिया। उन्होंने आमजन के बीच पॉलीथीन सीट का भी वितरण किया तथा लोगों की समस्याओं से भी रूबरू हुए। इस अवसर पर सदर अनुमंडल पदाधिकारी कुमार अभिषेक सहित अन्य उपस्थित रहें। जिले में गंगा के रौद्र रूप से गंगा से सटे एवं दियारा क्षेत्र के लोग काफी प्रभावित हुए हैं। प्रभावित लोगों को सुरक्षित स्थानों अथवा आश्रय स्थल पर रहने के लिए जिला प्रशासन द्वारा समुचित व्यवस्था की जा रही है। इसी क्रम में आज कुतलुपुर के बाढ़ प्रभावित विस्थापित लोगों से मिलने जिलाधिकारी लखीसराय जिले के मध्य विद्यालय अमरपुर में बने आश्रय स्थल का निरीक्षण करने पहुंचे। इस दौरान उन्होंने जहां विस्थापित लोगों के बीच राहत सामग्री का वितरण किया वहीं आमजन की समस्याओं को भी सुने। उनके द्वारा आश्रय स्थल पर विस्थापित लोगों के लिए किए गए सारी व्यवस्थाओं का जायजा लिया गया। उन्होंने सामुदायिक रसोई संचालक द्वारा विस्थापितों के लिए बनाए जा रहे भोजन की गुणवत्ता का जांच स्वयं भोजन खाकर किया। इसके अलावे साफ-सफाई, विद्युत आपूर्ति, शौचालय, पेयजल, मेडिकल टीम आदि की समुचित व्यवस्था पर उन्होंने संतोष व्यक्त किया। उन्होंने बाढ़ प्रभावित विस्थापित लोगों से अपील करते हुए कहा कि आप सभी चिंतित न हों, जिला प्रशासन आपके साथ है। जिला प्रशासन की ओर से आप सबों को समुचित सुविधाएं उपलब्ध करायी जाएगी। आप सबों से भी अपील है कि व्यवस्था को सुव्यवस्थित बनाने में जिला प्रशासन का सहयोग करें।

### बाढ़ से परेशान है ग्रामीण

बरियारपुर (मुंगेर)। हाल वैहाल है बरियारपुर प्रखंड के करहरिया पुर्वी पंचायत के वार्ड संख्या 5 के जगली टोला गांव का यहां 100 घरों के आबादी गंगा नदी के बाढ से परेशान हो खड़िया पीपरा मुख्य मार्ग पर खुले आकाश के निचे अपने पशुओं के साथ जीवन आपन करने पर मशगूल हो रहे है। कहते है ग्रामीण बच्चु मंडल दश वर्ष पुर्व गंगा नदी के कटाव से बाढ बिस्थापित हो जमीन खरीद कर अपना झौपड़ी निर्माण किया। जमीन पर जमावंन्दी करवाया हु। परन्तु बिहार सरकार के नुमायदे आज तक झाकने नही आये।गौडतलव बात है कि सरकार के आदेशों के बाद भी हमारी शुधी लेने बाला कोई नहीं इस संम्बंध मे कई बार अंचल कार्यालय को लिखित आबेदन भी दिये कोई सुनवाई नहीं करते हैं।

## छात्र-छात्राओं ने थाना अध्यक्ष एवं सीओ को राखी बांध लिया अपनी सुरक्षा का आश्वासन

प्रातः किरण संवाददाता

उदाकिशुनगंज (मधेपुरा) । उदाकिशुनगंज अनुमंडल क्षेत्र के सामाजिक शैक्षणिक कल्याण संघ चौसा के बैनर तले शनिवार को छात्र-छात्राओं ने रक्षाबंधन के अवसर पर विशेष पहल की। बच्चे अपने चौसा थाना पहुंचे। वहां उन्होंने पुलिस अधिकारियों को तिलक लगाया, आरती उतारी और राखी बांधकर अपनी सुरक्षा का आश्वासन लिया। अंचल अधिकारी एवं पुलिस अधिकारियों ने बच्चों का उत्साह बढ़ाया। अधिकारियों ने भी बच्चियों को आशीर्वाद एवं उपहार देकर उन्हें शिक्षा व आत्मनिर्भरता की दिशा में आगे बढ़ने के लिए प्रोत्साहित किया। रक्षाबंधन कार्यक्रम में कन्या मध्य विद्यालय चौसा एवं जीवन ज्योति पब्लिक स्कूल की छात्राओं ने भाग लिया। बच्चों ने उन पुलिसकर्मियों को राखी बांधी जो अपनी ड्यूटी के कारण अपनी बहनों से दूर हैं और राखी के अवसर पर घर नहीं जा पा रहे हैं। जब छात्राओं ने थाना अध्यक्ष एवं अंचल अधिकारी की कलाई पर राखी बांधी, तो वहां का माहौल भावुक और आनंददायक हो गया। थानाध्यक्ष अमित कुमार राय ने संस्था द्वारा आयोजित रक्षाबंधन कार्यक्रम की सराहना करते हुए कहा कि इस पहल से गांव के बच्चों को यह संदेश गया है कि पुलिस उनका मित्र है। अब डर नहीं, संवाद और सहयोग का समय है। उन्होंने कहा कि वे किसी भी समय बेझिझक उन्हें अपनी समस्या बता सकते हैं। अंचल अधिकारी शशिकांत यादव ने सभी छात्राओं को आशीर्वाद दिया और कहा कि, खूब पढ़ो, लिखो और जीवन में आगे बढ़ो। उन्होंने कहा कि इस कार्यक्रम का मकसद सिर्फ रक्षाबंधन मनाना ही नहीं था, बल्कि पुलिस और समाज के बीच में आपसी विश्वास एवं सम्मान को भी मजबूत करना था। छात्राओं की इस पहल से यह संदेश चौसा तथा हर जगह दिया गया है कि पुलिस सिर्फ कानून व्यवस्था की जिम्मेदारी नहीं निभाती है, बल्कि समाज के हर वर्ग के साथ भावनात्मक रूप से भी जुड़ी भी होती है। संघ के संरक्षक सत्यप्रकाश गुप्ता विदुरजी एवं सचिव सह साहित्यकार संजय कुमार सुमन ने कहा कि इस दिन हमने पुलिस कर्मियों के प्रति अपना सम्मान और आभार व्यक्त करने के लिए राखी का त्योहार मनाया। पुलिसकर्मी चौसा एवं देश की सीमा की रक्षा करने वाले सिपाहियों के समान देश की आंतरिक सुरक्षा की रखवाली करते हैं। इस कार्यक्रम का उद्देश्य पुलिस बल के साहस, निष्ठा और सेवा भावना के प्रति आभार व्यक्त करना था। उपाध्यक्ष मनोज शर्मा, कोषाध्यक्ष आशीष कुमार ने कहा कि ऐसे कार्यक्रम विद्यार्थियों में देशभक्ति, सामाजिक उत्तरदायित्व और भाईचारे की भावना को प्रबल करते हैं। कार्यक्रम में अवर निरीक्षक सद्दू कुमार, पुलिस अवर निरीक्षक विक्रम कुमार, श्रीकांत शर्मा, ग्रामीण पुलिस मृत्युंजय कुमार, अंचल अधिकारी की धर्मपत्नी प्रियंका देवी, माँ दुर्गा मेला समिति अध्यक्ष आदि थे

## मेडिकल कॉलेज हॉस्पिटल निर्माण हेतु कल होगा आम जनसभा का आयोजन


प्रातः किरण संवाददाता

अलौली। मेडिकल कॉलेज हॉस्पिटल निर्माण संघर्ष अभियान का बैठक श्री युवक प्रखंड पुस्तकालय में समाजसेवी किरण देव यादव की अध्यक्षता में हुई।बैठक में सर्व सम्मति से देवघट्टा चौक निकट अवस्थित 62 बीघा सरकारी जमीन पर मेडिकल कॉलेज निर्माण हेतु जन समर्थन जुटाने हेतु आम जनसभा का आयोजन 11 अगस्त 2025 को 12:00 बजे दिन में श्री युवक प्रखंड पुस्तकालय में करने का निर्णय लिया गया। तथा सघन जनसंपर्क अभियान चलने का फैसला लिया गया।देश बचाओ अभियान के संस्थापक राष्ट्रीय अध्यक्ष किरण देव यादव ने कहा कि जब उपमुख्यमंत्री का अनुशंसा पत्र देवघट्टा चौक निकट अवस्थित जमीन के संबंध में आ चुका है तो जिला प्रशासन रिपोर्ट क्यों नहीं भेज रहे हैं? देवघट्टा चौक के निकट सरकारी जमीन का रिपोर्ट सरकार को भेजने हेतु उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी के आदेश आलोक में वित्त विभाग के आप्त सचिव मुरली प्रसाद सिंह द्वारा जिलाधिकारी को अनुशंसा पत्र भेजा गया है, लगभग महीना गुजर चुका है, बावजूद इसके जिलाधिकारी एवं सीओ द्वारा जमीन का निरीक्षण कर रिपोर्ट नहीं भेजा जा रहा है। उक्त परिस्थिति में चरणबद्ध आंदोलन के तहत संघर्ष तेज किया जाएगा, जिसका जिम्मेदार जिला एवं प्रखंड अंचल प्रशासन की होगी

। श्री यादव ने आम जनता से आमसभा में अधिक संख्या में भाग लेने का अपील किया। श्री यादव ने माननीय मुख्यमंत्री, माननीय स्वास्थ्य मंत्री, माननीय उपमुख्यमंत्री से मेडिकल कॉलेज निर्माण हेतु देवघट्टा चौक के जमीन का जल्द घोषणा करने एवं शिलान्यास करने की मांग किया है। आम जनसभा में देश बचाओ अभियान के राष्ट्रीय महासचिव उमेश ठाकुर, राष्ट्रीय प्रवक्ता गुड्डू ठाकुर, राष्ट्रीय संयोजक मधुबाला, राष्ट्रीय सचिव धर्मेंद्र कुमार एवं फरकिया मिशन के महासचिव दिनेश शाह, सचिव लालमणि सदा, सहित दर्जनों समाजसेवी मुख्य वक्ता भाग लेंगे।

# हर्षोल्लास व श्रद्धा से मनाया गया रक्षाबंधन त्योहार

प्रातः किरण संवाददाता



जमुई/ई०अलीगंज:- बहन-भाई के अमर प्रेम व स्नेह का प्रतीक रक्षाबंधन पावन त्योहर प्रखंड क्षेत्र के विभिन्न गावों में भैया मेरे राखी के बंधन को निभाना ,इसे समझो न रेशम का तार भैया मेरी राखी का मतलब है प्यार भैया,जैसे गीतों के बीच शनिवार को हर्षोल्लास व श्रद्धा के साथ मनाया गया।नन्हीं बहनों व भाइयों में रक्षाबंधन को लेकर काफी उत्साह दिखा।

रक्षाबंधन पर्व को लेकर अलीगंज बाजारों में काफी चहल-पहल देखी गयी। भाइयों की कलाई पर बांधने के लिए जहां बहनें आकर्षक राखी की खरीदारी में एक दिन पूर्व से ही व्यस्त दिखीं। वहीं, भाइयों में भी इस पावन त्योहार को लेकर खासा उत्साह देखा गया। भाई-बहन के प्यार के प्रतीक माने जाने वाले इस त्योहार को लेकर ग्रामीण इलाकों की मिठाई दुकानें एक दिन पहले ही सज गई थी।

भाई-बहन के अटूट रिश्ते का प्रतीक रक्षाबंधन पर्व क्षेत्र में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। बहनों ने भाईयों की कलाईयों पर रक्षासूत्र बांध उनके स्वस्थ व दीघार्यू जीवन की कामना की। त्योहार को ले क्षेत्र के विभिन्न गांवों में काफी चहल-पहल रही। इससे पूर्व घरों में पकवान बना मंदिरों में पूजा-अर्चना की गयी, मौके पर बहनों ने अपने भाईयों के हाथों पर राखी बांधकर उनकी लम्बी आयु की कामना की। वहीं, भाईयों ने भी बहनों की रक्षा का संकल्प लिया। इस दौरान सुबह से गांव में बहनों द्वारा राखी बांधने का कार्यक्रम शुरू हो गया। वहीं, दूर रह रही बहनों ने भी भाई के प्यार को खींच उनके पास लाने का काम किया। पूरे दिन क्षेत्र के सभी गांवों में उत्सवी माहौल बना रहा।छोटे-छोटे बच्चे, नवविवाहित महिलाएं, युवतियां आकर्षक परिधानों में सज संवरकर रक्षाबंधन के पावन त्योहार पर रोली, अक्षत, चंदन का बहनों ने भाई के माथे पर पहले तिलक किया। फिर उनकी कलाई पर रक्षा सूत्र राखी बांधकर व मुंह मीठा करवाते हुए भगवान से अपने भाई की सुख समृद्धि, खुशहाली और तरक्की की कामना की। सभी बहनों ने रक्षाबंधन के मौके पर भाई के कलाई पर रक्षा सूत्र बांधकर भाई की आरती उतारते हुए उनकी लंबी उम्र की कामना कर मिठाई खिलाई आशीर्वाद लिया। भाइ ने बहनों को उपहार देकर उनकी सुरक्षा की वचन दिया। सुबह से ही राखी बंधवाने का सिलसिला शुरू हो गया जो देर शाम तक जारी रह। भाइयों के घर जाने के लिए नवविवाहित महिलाओं में सुबह से ही उत्साह देखने को मिला। वहीं अलीगंज बाजार में राखी दुकान एवं मिठाई की दुकानों पर सुबह से ग्राहकों का तांता लगा रहा। रक्षाबधन त्योहार की अगर बात करें तो इस बार महिलाओं व लड़कियों के चेहरों पर राखी का खुमार देखते ही बनता था। इस बार महिलाओं व लड़कियों के द्वारा राखी का त्योहार बड़ी उत्साह के साथ मनाया गया।

सम्पादकीय

# आदिवासी महिलाओं ने बकरी के दूध से बनाया केमिकल फ्री साबुन

जितेन्द्र कुमार सिन्हा



आज के दौर में जब बाजारों में रासायनिक उत्पादों की भरमार है, ऐसे में प्राकृतिक और केमिकल-फ्री उत्पादों की मांग तेजी से बढ़ रही है। त्वचा से जुड़ी समस्याएं, एलर्जी, खुजली, एक्जिमा और दाग-धब्बों की वजह से लोग अब जैविक और आयुर्वेदिक विकल्पों की ओर झुकाव दिखा रहे हैं। इसी कड़ी में बांसवाड़ा जिला की आदिवासी महिलाओं ने एक अनोखी पहल की है। उन्होंने बकरी के दूध से साबुन बनाना शुरू किया है, जिसे लोगों ने त्वचा के लिए लाभकारी बताया है। यह पहल न केवल महिलाओं की आत्मनिर्भरता का प्रतीक है, बल्कि समाज को केमिकल-फ्री सौंदर्य उत्पादों की ओर भी प्रेरित कर रही है। राजस्थान के बांसवाड़ा जिले की महिलाएं सदियों से पारंपरिक ज्ञान और प्राकृतिक संसाधनों का उपयोग करती रही हैं। लेकिन अब ये महिलाएं, राजीविका (राजस्थान ग्रामीण आजीविका मिशन) जैसे सरकारी कार्यक्रमों की मदद से अपने पारंपरिक ज्ञान को आधुनिक उद्यमिता से जोड़ रही हैं। डूंगरपुर और बांसवाड़ा जैसे जनजातीय बहुल जिलों में महिलाओं के स्वयं सहायता समूह न केवल आर्थिक रूप से मजबूत हो रहा हैं, बल्कि वे जैविक उत्पादों का निर्माण कर स्थानीय और राष्ट्रीय स्तर पर पहचान बना रहा है। विश्व माता वनधन केंद्र डडूका गढ़ी से जुड़ी रूप कांता डामोर और उनकी टीम ने बकरी के दूध से साबुन बनाना शुरू किया है। यह साबुन पूरी तरह प्राकृतिक है, जिसमें किसी प्रकार का हानिकारक रसायन नहीं डाला गया है। त्वचा विशेषज्ञों के अनुसार, बकरी का दूध प्राचीन काल से औषधीय गुणों के लिए जाना जाता रहा है। इसमें मौजूद तत्व त्वचा के लिए अत्यंत लाभकारी होता है। विटामिन ए त्वचा की मरम्मत और कोमलता बनाए रखने में सहायक होता है। विटामिन डी त्वचा की कोशिकाओं के पुनर्निर्माण में मदद करता है। विटामिन ई एंटीऑक्सिडेंट के रूप में कार्य करता है और उम्र बढ़ने के लक्षणों को कम करता है। लैक्टिक एसिड त्वचा की गहराई से सफाई करता है और मृत कोशिकाओं को हटाता है। प्राकृतिक वसा त्वचा को नमी प्रदान करती है और उसे कोमल बनाती है। इन गुणों के कारण बकरी का दूध न केवल संवेदनशील त्वचा के लिए बल्कि सभी प्रकार की त्वचा के लिए एक उपयुक्त विकल्प माना जाता है। रूप कांता डामोर बताती हैं कि साबुन बनाने की प्रक्रिया पूरी तरह स्वदेशी है, जिसमें पारंपरिक विधियों और प्राकृतिक सामग्रियों का प्रयोग किया जाता है। इस प्रक्रिया में कोई सिंथेटिक रंग, कृत्रिम सुगंध या हानिकारक रसायन नहीं डाले जाते। इसके मुख्य घटक हैं बकरी का दूध (उबाल कर और छान कर प्रयोग किया जाता है), गुलाबजल (प्राकृतिक सुगंध के लिए), बेसन (स्क्रबिंग एजेंट के रूप में), वैसलीन और नारियल तेल (मॉइस्चराइजर के रूप में), नीम और तुलसी का अर्क (एंटीसेप्टिक गुणों के लिए) और आवश्यक तेल (जैसे लेवेंडर, टी-ट्री या चंदन)। इन सभी सामग्रियों को निश्चित अनुपात में मिलाया जाता है, फिर उन्हें सांचे में डाल कर जमाया जाता है। दो से तीन दिनों में यह साबुन तैयार हो जाता है। राजस्थान ग्रामीण आजीविका विकास परिषद (राजीविका) ने ग्रामीण महिलाओं को संगठित कर उन्हें स्वरोजगार के अवसर उपलब्ध कराए हैं। बकरी दूध साबुन परियोजना इसी का एक उदाहरण है। महिलाएं अब अपने उत्पादों को मेलों, हाट बाजारों और ऑनलाइन प्लेटफॉर्म्स पर बेच रही हैं ।इससे महिलाएं आर्थिक रूप से सशक्त हो रही हैं, पारंपरिक ज्ञान को आय का साधन बनाया गया है, ग्रामीण अर्थव्यवस्था को बल मिला है, महिलाओं में आत्मविश्वास और नेतृत्व कौशल का विकास हुआ है। त्वचा रोग विशेषज्ञ डॉ. हरीश शर्मा बताते हैं कि बकरी के दूध में मौजूद लैक्टिक एसिड त्वचा को गहराई से साफ करता है और रोमछिद्रों को खोलता है। इसके अलावा, यह त्वचा को मॉइस्चराइज करता है और उसे तरोताजा बनाए रखता है। रसायनयुक्त साबुन जहां त्वचा को रूखा और बेजान बना देता है, वहीं बकरी के दूध से बने साबुन त्वचा को पोषण देता है। यह साबुन बच्चों की त्वचा के लिए, एक्जिमा, सोरायसिस जैसे रोगों से ग्रसित लोगों के लिए, मुंहासों की समस्या से जूझ रहे युवाओं के लिए और अत्यधिक शुष्क या अत्यधिक तैलीय त्वचा के लिए विशेष रूप से लाभकारी है। राजीविका के मेले में पहुंचे ग्राहक बताते हैं कि बकरी के दूध से बने इस साबुन का उपयोग करने के बाद उन्हें त्वचा में फर्क महसूस हुआ है। रेखा शर्मा, जो पहले एलर्जी और खुजली की समस्या से परेशान थीं, बताती हैं कि बाजार के साबुनों से उन्हें राहत नहीं मिली है, लेकिन इस साबुन ने असर दिखाया। ह्लसुगंध हल्की और प्राकृतिक है, जो मन को भाती है ।ह्व ह्लसाबुन लगाने के बाद त्वचा मुलायम और ताजगी से भरी लगती है ।ह्व ह्लयह साबुन बाजार के महंगे ऑर्गेनिक साबुनों से कम कीमत में ज्यादा असरदार है। बकरी के दूध से बना यह साबुन न केवल त्वचा के लिए लाभकारी है बल्कि यह पर्यावरण के लिए भी हानिरहित है। इसमें प्लास्टिक पैकेजिंग का प्रयोग नहीं किया जाता। इसे बायोडिग्रेडेबल सामग्री में पैक कर बेचा जाता है। इसका निर्माण स्थानीय स्तर पर होता है जिससे कार्बन फुटप्रिंट भी कम होता है। पहले जो महिलाएं घरेलू कार्यों तक सीमित थीं, वे आज एक सफल व्यवसाय चला रही हैं। रूप कांता डामोर और उनकी टीम हर महीने 300 से 500 साबुन बनाती हैं और 50 से 80 की कीमत में बेचती हैं। वे अब बकरी पालन को भी अपने व्यवसाय से जोड़ चुकी हैं। रूप कांता पहले एक गृहिणी थीं। राजीविका के प्रशिक्षण से जुड़ने के बाद उन्होंने बकरी पालन शुरू किया। फिर उन्होंने बकरी के दूध से साबुन बनाना शुरू किया और आज वे अपने गांव की कई महिलाओं को रोजगार दे रही हैं।

# किशोरों में नींद की समस्या क्यों बढ़ रही है

अंकित श्रीवास्तव



आज के समय में किशोरों के बीच नींद से जुड़ी समस्याएँ तेजी से बढ़ रही हैं। पर्याप्त नींद न मिलना उनके मानसिक, शारीरिक और भावनात्मक स्वास्थ्य पर नकारात्मक असर डाल सकता है। इसके पीछे कई कारण हैं ।सबसे पहले, डिजिटल डिवाइस और सोशल मीडिया का अत्यधिक प्रयोग एक बड़ा कारण है। मोबाइल फोन, लैपटॉप और वीडियो गेम का देर रात तक उपयोग नींद के प्राकृतिक चक्र को बाधित करता है। इनकी तेज रोशनी मस्तिष्क में मेलाटोनिन हार्मोन के उत्पादन को कम कर देती है, जिससे नींद आने में देर होती है ।दूसरा, शैक्षणिक दबाव और परीक्षा का तनाव भी महत्वपूर्ण कारण है। पढ़ाई, प्रोजेक्ट और अतिरिक्त गतिविधियों के कारण किशोर देर रात तक जागते हैं, जिससे उनकी नींद का समय घट जाता है ।तीसरा, अनियमित दिनचर्या और अस्वास्थ्यकर जीवनशैली भी नींद की समस्या को बढ़ाती है। देर से सोना, देर से उठना, कैफीन युक्त पेय का सेवन और दिन में अधिक झपकी लेना नींद के पैटर्न को बिगाड़ देता है ।चौथा, मानसिक स्वास्थ्य समस्याएँ जैसे चिंता, अवसाद और भावनात्मक अस्थिरता नींद में बाधा डाल सकती हैं। आज के समय में सामाजिक तुलना और भविष्य की चिंता भी किशोरों में अनिद्रा का कारण बन रही है ।पाँचवाँ, शारीरिक गतिविधियों की कमी भी जिम्मेदार है। पर्याप्त व्यायाम न करने से शरीर थकता नहीं और नींद की गुणवत्ता प्रभावित होती है ।इन सभी कारणों के चलते, किशोरों को समय पर नींद नहीं आती या नींद पूरी नहीं होती। इसके परिणामस्वरूप उनकी पढ़ाई, मूड और स्वास्थ्य पर बुरा असर पड़ता है। समस्या से बचने के लिए डिजिटल समय को सीमित करना, नियमित दिनचर्या अपनाना, तनाव प्रबंधन और शारीरिक गतिविधियों को बढ़ावा देना आवश्यक है।

# संसद संवाद की बजाय संघर्ष का अखाड़ा कब तक

**यह विडंबना है कि जनप्रतिनिधि जिन मुद्दों को लेकर चुने जाते हैं, उन्हीं मुद्दों पर चर्चा की बजाय वे मेजें थपथपाने, वेल में उतरने और माइक बंद कराने में लगे हैं। संसद का हंगामा केवल दृश्य नहीं, एक राजनीतिक पतन की ओर संकेत करता है। जब एक ओर सरकार संवाद से बच रही है और दूसरी ओर विपक्ष केवल दिखावटी विरोध में लिप्त हंगामें बरपा रहा है, इन त्रासद एवं विडम्बनापूर्ण स्थितियों में देश की जनता के मुद्दे पीछे छूट रहे हैं। विपक्ष और सत्ता के बीच जारी इस टकराव में बहस के बजाय बहिष्कार और गतिरोध हावी हो चुका है। मानसून सत्र की शुरूआत उम्मीदों से भरी थी, नए विधेयकों, जनहित की बहसों और लोकतांत्रिक विमर्शों की। लेकिन यह सत्र भी पुराने ढर्रे पर चल पड़ा, विरोध, स्थगन, नारेबाजी और हंगामे की भेंट चढ़ता लोकतंत्र। विपक्ष बिहार में चल रहे वोटर लिस्ट रिवीजन पर चर्चा चाहता है। इसमें ईवीएम की पारदर्शिता, मतदाता सूची में गड़बड़ी और चुनाव आयोग की निष्पक्षता जैसे गंभीर मुद्दे शामिल हैं।**





ललित गर्ग


(लेखक वरिष्ठ स्तंभकार हैं)

बिहार में वोटर लिस्ट रिवीजन पर संसद में गतिरोध जारी है, जिससे कामकाज बाधित हो रहा है। आज संसद का दृश्य सार्थक संवाद की बजाय किसी अखाड़े से कम नहीं लगता। बहस के स्थान पर बैनर, तख्तियां और नारों की गूंज सुनाई देती है। संसद जहां नीति निर्माण होना चाहिए, वहां प्रतिदिन कार्यवाही स्थगित हो रही है। यह विडंबना है कि जनप्रतिनिधि जिन मुद्दों को लेकर चुने जाते हैं, उन्हीं मुद्दों पर चर्चा की बजाय वे मेजें थपथपाने, वेल में उतरने और माइक बंद कराने में लगे हैं। संसद का हंगामा केवल दृश्य नहीं, एक राजनीतिक पतन की ओर संकेत करता है। जब एक ओर सरकार संवाद से बच रही है और दूसरी ओर विपक्ष केवल दिखावटी विरोध में लिप्त हंगामें बरपा रहा है, इन त्रासद एवं विडम्बनापूर्ण स्थितियों में देश की जनता के मुद्दे पीछे छूट रहे हैं। विपक्ष और सत्ता के बीच जारी इस टकराव में बहस के बजाय बहिष्कार और गतिरोध हावी हो चुका है। मानसून सत्र की शुरूआत उम्मीदों से भरी थी, नए विधेयकों, जनहित की बहसों और लोकतांत्रिक विमर्शों की। लेकिन यह सत्र भी पुराने ढर्रे पर चल पड़ा, विरोध, स्थगन, नारेबाजी और हंगामे की भेंट चढ़ता लोकतंत्र। विपक्ष बिहार में चल रहे वोटर लिस्ट रिवीजन पर चर्चा चाहता है। इसमें ईवीएम की पारदर्शिता, मतदाता सूची में गड़बड़ी और चुनाव आयोग की निष्पक्षता जैसे गंभीर मुद्दे शामिल हैं। इसके साथ ही मणिपुर की स्थिति, बेरोजगारी, महंगाई, पेगासस जासूसी, किसानों की समस्याएं और हाल ही में आई बाढ़ एवं आपदा राहत जैसे मुद्दे भी विपक्ष के एजेंडे में हैं। लेकिन विपक्ष इन और ऐसे जरूरी मुद्दों पर चर्चा का माहौल बनाने की बजाय सरकार को घेरने की मानसिकता से ग्रस्त है। संसद की प्रासंगिकता तभी है जब उसमें देश की सच्चाइयों की प्रतिध्वनि हो और विपक्ष इसमें सकारात्मक भूमिका निभाये। गतिरोध के कारण दर्जनों विधेयक लंबित हैं, डेटा प्रोटेक्शन बिल, महिला आरक्षण बिल, वन नेशन वन इलेक्शन पर चर्चा, कृषि कानूनों में संशोधन, आदि। ये सब विधेयक केवल कानून नहीं हैं, बल्कि करोड़ों भारतीयों के जीवन से जुड़े ज्वलंत प्रश्न हैं। लेकिन दुर्भाग्यवश, विपक्ष सार्थक बहस से भाग रहा है या बहस में अड़ंगा डाल रहा है। सत्ता पक्ष भी कोई बीच का रास्ता निकालता हुआ दिखाई नहीं दे रहा है। दोनों की यह रस्साकशी देश के लोकतांत्रिक स्वास्थ्य को कमजोर कर रही है। कोई भी पक्ष झुकने को तैयार नहीं दिख रहा। लेकिन, इसका असर संसद के कामकाज पर पड़ रहा है। दोनों सदनों का कीमती वक्त हंगामे में जाया हो रहा है और यह कोई पहली बार नहीं हो रहा है। पिछले वर्षों में इस तरह की गतिविधियां आम हो गई हैं। विपक्ष चाहता है कि सरकार एसआईआर पर चर्चा कराए। लेकिन, सरकार नियमों का हवाला देकर कह रही है कि चुनाव आयोग स्वायत्त संस्था है और मामला सुप्रीम कोर्ट में लंबित है, इसलिए चर्चा नहीं हो सकती। जवाब में, राज्यसभा में विपक्ष के नेता मल्लिकार्जुन खरगे ने भी 2023 की एक रूलिंग निकाल कर उपसभापति को पत्र लिख दिया है। दोनों पक्ष नियमों के सवाल पर अड़े हैं, लेकिन यह नहीं भूलना चाहिए कि ये नियम सदन की कार्यवाही को सुचारू रूप से चलाने के लिए बनाए गए हैं, न कि कामकाज ठप्प कराने के लिए। मानसून सत्र शुरू होने के पहले ही अंदाजा था कि एसआईआर पर हंगामा होगा। इसके पीछे विपक्ष की अपनी आशंकाएं हैं। शुरूआत से ही यह प्रक्रिया विवादों में रही है। आधार और वोटर कार्ड को मान्य डॉक्युमेंट्स में शामिल न करने से लेकर बड़ी संख्या में लोगों को वोटर लिस्ट से बाहर निकालने तक, इसमें कई पेच फंसे हैं। चुनाव आयोग ने संशोधित वोटर लिस्ट का ड्राफ्ट जारी कर दिया है और इसमें 65 लाख नाम हटाए गए हैं। सुप्रीम कोर्ट ने इन लोगों की पूरी जानकारी मांगी है। संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने पिछले दिनों कहा था कि अगर विपक्षी दलों का हंगामा जारी रहता है, तो देशहित में सरकार के सामने विधेयक पारित कराने की मजबूरी होगी। लेकिन, लोकतंत्र के लिए यही बेहतर होगा कि दोनों पक्ष सदन का इस्तेमाल रचनात्मक बहस के लिए करें। आम नागरिक संसद से समाधान की उम्मीद करता है, न कि शोरशराबा। जब लाखों युवा रोजगार की बाट जोह रहे हैं, किसान कर्ज में डूब रहे हैं, और आमजन महंगाई से त्रस्त है, तब संसद में ठहाके नहीं, तकलीफों की चर्चा जरूरी है। यह सवाल अब बार-बार उठ रहा है कि क्या संसद केवल दिखावटी बन गई है? अगर सरकार विपक्ष को केवल बाधा मानकर चलती है और विपक्ष केवल विरोध के लिए विरोध करता है, तो लोकतंत्र की आत्मा मरती है। जैसाकि पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी ने कहा था, ह्लसंसद को ठप्प करना आसान है, लेकिन संसद को चलाकर देश की उम्मीदों को साधना ही असली लोकतंत्र है। ह्वचुनाव आयोग एसआईआर की जरूरत को बता चुका है और शीर्ष अदालत ने भी उसे माना है। यह जरूरी भी है, क्योंकि भ्रष्ट वोटरों से चुनी जाने वाली सरकारें भी भ्रष्ट ही होती है। इसलिये चुनाव की इस विसंगति की सफाई होना जरूरी है, इस पर चर्चा की मांग को लेकर सत्ता पक्ष-विपक्ष के बीच गतिरोध बना हुआ है तो बातचीत से इसका हल निकालना होगा ताकि संसद का कामकाज सुचारुरूप से चल सके। लोकतंत्र में सदन चलाने की जिम्मेदारी सरकार की होती है। लेकिन इसमें विपक्ष का सहयोग भी अपेक्षित होता है, दोनों को अपना यह दायित्व समझना चाहिए। संसद का हर सत्र, हर मिनट करदाताओं की गाढ़ी कमाई से चलता है। हर व्यवधान लाखों रुपये की बबार्दी है। यह नैतिक रूप से भी चिंताजनक है कि जनप्रतिनिधि बहस से अधिक हंगामे में समय गंवा रहे हैं। समाधान यही है कि सत्ता पक्ष विपक्ष की बात सुने, संवाद को प्राथमिकता दे। विपक्ष भी रचनात्मक विरोध करे, अनावश्यक बहिष्कार से बचे। लोकतंत्र बहस से ही मजबूत होता है, बहिष्कार से नहीं। वोटर लिस्ट रिवीजन पर चर्चा होनी चाहिए। जरूरी विधेयकों पर बहस होनी चाहिए।

# आओ मिट्टी और पर्यावरण की रक्षा करें

**साथियों बात अगर हम भारत की करें तो भारत न केवल हर अन्तर्राष्ट्रीय मंचों से पर्यावरण की सुरक्षा में महत्वपूर्ण योगदान और सहयोग प्रदान कर रहा है बल्कि घरेलू स्तरपर भी अनेक लक्ष्यों को भी अपने टारगेट समय से पूर्व पूर्ण करने की ओर अग्रसर है। राष्ट्रीय स्तरपर पर्यावरण की सुरक्षा के लिए अनेक सामाजिक, सरकारी, सरकारी, निजी संस्थाएं कार्य कर रही है परंतु अगर वास्तव में हमें पर्यावरण को सुरक्षित करना है तो हर नागरिक को इस पर्यावरण सुरक्षा संबंधी यज्ञ में अपने सहयोग रूपी आहुति देनी होगी और अभियान चलाकर, आओ मिट्टी और पर्यावरण की रक्षा करें!! का नारा देना होगा! मानव को प्रकृति का साथी बनना होगा तथा अनुकूल मानवीय सभ्यता पर्यावरण संबंधित समस्याओं को दूर कर खुशहाल समृद्धि टिकाऊ भविष्य का निर्माण करेगी ऐसी सोच रखनी होगी। साथियों बात अगर माननीय केंद्रीय रक्षा मंत्री द्वारा एक कार्यक्रम में संबोधन की करें तो पीआईबी के अनुसार उन्होंने भी, विज्ञान के क्षेत्र में नई प्रौद्योगिकीयों को खोजने तथा ऐसे नवोन्मेषण करने की अपील की जो पर्यावरण के अनूकूल मूल्यों को बनाये रखेंगे।**





एडवोकेट किशन सनमुखदास भावनानी

लेखक

वैश्विक स्तरपर आज हर देश पर्यावरण समस्याओं का सामना कर रहा है जिसका समाधान खोजने उसपर अमल करने के लिए विभिन्न अंतरराष्ट्रीय मंचों पर सभी देश एकत्रित होकर पर्यावरण की सुरक्षा के मुद्दों पर अनेक उपायों की चर्चा कर उसके क्रियान्वयन करने में लगे हुए हैं। मैं एडवोकेट किशन सनमुखदास भावनानी गोंदिया महाराष्ट्र मानता हूं कि जिसमें पेरिस समझौता सहित अनेक ऐसे समझौते शामिल हैं जो मानवीय जीवन को पर्यावरण के खतरों से बचाने के लिए मील का पत्थर साबित होंगे। साथियों बात अगर हम भारत की करें तो भारत न केवल हर अन्तर्राष्ट्रीय मंचों से पर्यावरण की सुरक्षा में महत्वपूर्ण योगदान और सहयोग प्रदान कर रहा है बल्कि घरेलू स्तरपर भी अनेक लक्ष्यों को भी अपने टारगेट समय से पूर्व पूर्ण करने की ओर अग्रसर है। राष्ट्रीय स्तरपर पर्यावरण की सुरक्षा के लिए अनेक सामाजिक, सरकारी, सरकारी, निजी संस्थाएं कार्य कर रही है परंतु अगर वास्तव में हमें पर्यावरण को सुरक्षित करना है तो हर नागरिक को इस पर्यावरण सुरक्षा संबंधी यज्ञ में अपने सहयोग रूपी आहुति देनी होगी और अभियान चलाकर, आओ मिट्टी और पर्यावरण की रक्षा करें!! का नारा देना होगा! मानव को प्रकृति का साथी बनना होगा तथा अनुकूल मानवीय सभ्यता पर्यावरण संबंधित समस्याओं को दूर कर खुशहाल समृद्धि टिकाऊ भविष्य का निर्माण करेगी ऐसी सोच रखनी होगी। साथियों बात अगर माननीय केंद्रीय रक्षा मंत्री द्वारा एक कार्यक्रम में संबोधन की करें तो पीआईबी के अनुसार उन्होंने भी, विज्ञान के क्षेत्र में नई प्रौद्योगिकीयों को खोजने तथा ऐसे नवोन्मेषण करने की अपील की जो पर्यावरण के अनूकूल मूल्यों को बनाये रखेंगे। उन्होंने कहा, हमें प्रकृति का साथी बन जाना चाहिए तथा जीवों के साथ साथ प्रकृति के निर्जीव तत्वों के प्रति भी श्रद्धा और सम्मान की भावना रखनी चाहिए। मुझे पूरा विश्वास है कि धीरे धीरे मानव सभ्यता हमारे समय की पर्यावरण संबंधित समस्याओं को दूर करेगी तथा हम सभी के लिए एक खुशहाल, समृद्ध, न्यायसंगत तथा टिकाऊ भविष्य का निर्माण करेगी। उन्होंने पर्यावरण के क्षरण पर चिंता जताई और कहा कि पृथ्वी के इकोसिस्टम का निर्माण इस तरह से किया गया है कि किसी एक विशिष्ट भौगोलिक क्षेत्र में प्रभाव केवल उसी क्षेत्र तक सीमित नहीं रहता बल्कि यह पूरे विश्व को सन्निहित कर लेता है। उन्होंने कहा, उदाहरण के लिए हमारे सामने कार्बन उत्सर्जन का मामला है। भले ही यह एक देश में हो रहा हो, निश्चित रूप से यह अन्य सभी देशों को प्रभावित कर रहा है। यही कारण है कि वैश्विक पर्यावरण सुरक्षा के संबंध में, सभी शिखर सम्मेलन, सम्मेलन, संधियां तथा समझौते, चाहे वह रियो समिट हो या डेजर्टिफिकेशन से मुकाबला करने के लिए संयुक्त राष्ट्र सम्मेलन, जलवायु परिवर्तन कन्वेंशन, क्योटो प्रोटोकॉल या पेरिस सम्मेलन, वे सभी समान रूप से एक सुर में कार्य करने के लिए विश्व के सभी देशों का मार्गदर्शन करते हैं। एक जिम्मेदार राष्ट्र के रूप में, भारत ने अपनी परंपरा और संस्कृति से निर्देशित होकर निरंतर मृदा संरक्षण क लिए कार्य किया है। केवल मिट्टी पर ध्यान केंद्रित करने के जरिये मृदा संरक्षण नहीं किया जा सकता। हमने इससे जुड़े सभी घटकों जैसे वनीकरण, वन्य जीवन, आर्द्र भूमि आदि को संरक्षित करने और बढ़ाने का कार्य किया है। केवल सामूहिक प्रयासों से ही सामूहिक समस्याओं का निदान संभव होगा। इसलिए, यह आवश्यक है कि हम सभी मिट्टी और पर्यावरण की रक्षा करने का प्रयास करें और एक साथ मिल कर एक बेहतर विश्व की ओर बढ़ें। उन्होंने मिट्टी बचाओ अभियान को उम्मीद की किरण बताया क्योंकि इससे यह विश्वास पैदा होता है कि इस अभियान के माध्यम से विश्व भर के लोग आने वाले समय में मृदा के स्वास्थ्य को बनाये रखने में योगदान देंगे। उन्होंने कहा कि यह अभियान न केवल मिट्टी की रक्षा करने बल्कि मानव सभ्यता एवं संस्कृति को संरक्षित करने का भी एक प्रयास है। उन्होंने पर्यावरणीय समस्याओं को दूर करने के लिए प्रेरित करने के अतिरिक्त लोगों को योग के माध्यम से अधिक प्रसन्नचित्त तथा अधिक सार्थक जीवन जीवन जीना सिखाने के लिए किए जा रहे कार्यों के लिए उनकी सराहना की। उन्होंने कहा, वसुधैव कुटुम्बकम का संदेश देकर भारत ने अपनी सीमा के भीतर रहने वाले लोगों को ही नहीं, बल्कि पूरे विश्व के लोगों को अपना परिवार माना है। श्री सद्गुरु ने अपने काम से निश्चित रूप से एक नया पर्यावरण आंदोलन पैदा करने के लिए वसुधैव कुटुम्बकम की भावना को जीवंत बनाया है। उन्होंने कहा, वह मिट्टी बचाओ जैसे अभियानों तथा अध्यात्मिकता के माध्यम से दिव्य संदेश दे रहे हैं। अतः अगर हम उपरोक्त पूरे विवरण का अध्ययन कर उसका विश्लेषण करें तो हम पाएंगे कि आओ मिट्टी और पर्यावरण की रक्षा करें। मानव को प्रकृति का साथी बनना होगा। अनुकूल मानवीय सभ्यता पर्यावरण संबंधित समस्याओं को दूर कर खुशहाल समृद्धि टिकाऊ भविष्य का निर्माण करेगी सराहनीय सोच है।

# रक्षाबंधन के बाद राखी हमेशा सम्मानपूर्वक उतारना चाहिए



आभा सिन्हा

रक्षाबंधन भारतीय संस्कृति का एक अत्यंत पवित्र और भावनात्मक त्योहार है। यह केवल एक रस्म नहीं, बल्कि भाई और बहन के बीच अटूट प्रेम, विश्वास और सुरक्षा के वचन का प्रतीक है। इस दिन बहन अपने भाई की कलाई पर राखी बांधकर न केवल उसके जीवन में खुशहाली और सुरक्षा की कामना करती है, बल्कि भाई भी बहन की रक्षा का संकल्प लेता है। राखी एक छोटा-सा धागा, केवल रंग-बिरंगे रेशों का गुच्छा नहीं होता है, बल्कि यह रिश्तों की गरिमा और पवित्रता का संदेश देने वाला एक भावनात्मक प्रतीक है। लेकिन, रक्षाबंधन के बाद एक प्रश्न अक्सर लोगों के मन में आता है कि ह्लराखी को कब और कैसे उतारना चाहिए?ह्व यह प्रश्न केवल व्यवहारिक नहीं है, बल्कि सांस्कृतिक और धार्मिक दृष्टि से भी महत्वपूर्ण है, क्योंकि राखी को सम्मानपूर्वक विसर्जित करना भाई-बहन के रिश्ते और इस पवित्र धागे की गरिमा को बनाए रखने का हिस्सा है। रक्षाबंधन का उल्लेख महाभारत, पुराणों और कई ऐतिहासिक घटनाओं में मिलता है। द्रौपदी द्वारा भगवान श्रीकृष्ण की उंगली से रक्त बहने पर अपनी साड़ी का टुकड़ा बांधना, या मेवाड़ की रानी कर्णावती द्वारा मुगल सम्राट हुमायूं को राखी भेजना, यह घटनाएं इस पर्व की गरिमा को दशार्ता है। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार, राखी बांधने से भाई-बहन के रिश्ते में शुभता और दीघार्यु का आशीर्वाद मिलता है। यह धागा एक प्रकार का संरक्षण कवच होता है, जो नकारात्मक ऊर्जा और संकटों से रक्षा करता है। आज के समय में रक्षाबंधन का दायरा केवल भाई-बहन तक सीमित नहीं रहा। कई जगह इसे मित्रता, सामाजिक सौहार्द और राष्ट्रीय एकता के प्रतीक के रूप में भी मनाया जाता है। राखी उतारने के लिए कोई सार्वभौमिक समय-सीमा तय नहीं है। यह पूरी तरह परिवार की परंपरा और व्यक्तिगत इच्छा पर निर्भर करता है। कुछ लोग मानते हैं कि राखी तीन दिन तक पहनना शुभ होता है। सप्ताह भर पहनने का प्रचलन भी है, खासकर ग्रामीण क्षेत्रों में। कई लोग मानते हैं कि 11वें दिन राखी उतारना शुभ और पूर्ण माना जाता है। शहरों में व्यस्त जीवन के कारण कुछ लोग इसे अगले दिन ही उतार देते हैं। कुछ लोग राखी उतारते समय भगवान के समक्ष प्रार्थना करते हैं कि भाई-बहन का रिश्ता हमेशा मजबूत रहे। राखी को कभी भी खींचकर या काटकर नही निकालना चाहिए। साफ हाथों से धीरे-धीरे खोलकर उतारना श्रेष्कर होता है। राखी उतारने से पहले भगवान या कुलदेवी-देवता के सामने कुछ क्षण ध्यान करके भाई-बहन के रिश्ते की मजबूती के लिए आशीर्वाद मांगना चाहिए। राखी उतारकर उसे किसी साफ कपड़े या थाली में रखना चाहिए। राखी को घर के पूजा स्थल या मंदिर में रखा जा सकता है। इसे पवित्र बक्से या थाली में संभालकर रखा जा सकता है। गंगा, यमुना, नर्मदा जैसी पवित्र नदियों या घर के मंदिर में रखे जल में विसर्जन किया जा सकता है। यह विधि राखी के सम्मान को बनाए रखता है। पीपल, तुलसी या नीम के पेड़ पर राखी बांधना एक प्राचीन परंपरा है। यह प्रकृति के प्रति सम्मान और शुभता का प्रतीक है। राखी को कूड़े में नही फेंकना चाहिए। बाथरूम या अशुद्ध स्थान पर न रखना चाहिए। राखी को जलाने से बचना चाहिए क्योंकि यह एक पवित्र वस्तु है। उत्तर भारत में राखी को पूजा स्थल में रखकर अगले रक्षाबंधन पर विसर्जन करने की परंपरा है। पश्चिमी भारत में गुजरात और राजस्थान में राखी को तुलसी के पौधे पर बांधना शुभ माना जाता है। पूर्वी भारत में बंगाल में राखी को मिट्टी में गाड़कर या नदी में प्रवाहित किया जाता है। दक्षिण भारत में कई जगह राखी को घर की देवी के मंदिर में अर्पित किया जाता है। कई लोग राखी को डायरी, फोटो एलबम या विशेष बक्से में रखते हैं। यह भाई-बहन के रिश्ते की याद को संजोने का तरीका है। राखी बांधना भाई-बहन में भावनात्मक जुड़ाव को बढ़ाता है। यह एक प्रतीकात्मक सुरक्षा कवच के रूप में मन में आत्मविश्वास पैदा करता है। रक्षाबंधन का यह संदेश है कि ह्लरिश्ते केवल खून से नहीं, बल्कि प्रेम से बनते हैंह्व सामाजिक सद्भाव को मजबूत करता है। राखी केवल एक धागा नहींहै, बल्कि भाई-बहन के रिश्ते का पवित्र बंधन है। रक्षाबंधन के बाद इसे कब और कैसे उतारना है, यह भले ही व्यक्ति की इच्छा या परिवार की परंपरा पर निर्भर करता हो, लेकिन इसे हमेशा सम्मानपूर्वक उतारना और संभालना चाहिए। चाहे इसे पूजा स्थल में रखें, पवित्र पेड़ पर बांधें, नदी में विसर्जित करें या स्मृति के रूप में संजोकर रखें, मुख्य बात यह है कि इस पवित्र धागे की गरिमा बनी रहे।

# नगर निगम क्षेत्र में पर्यावरण संरक्षा और नागरिक सुविधा मेरी प्राथमिकता: गरिमा

- सागर पोखरा परिसर में लगाए जा रहे आराम बैंचों का महापौर ने दल बल सहित किया निरीक्षण
- नगर निगम क्षेत्र के वार्डों और अन्य सार्वजनिक स्थानों पर अब तक करीब सवा दो सौ बैंच लगने की दी जानकारी

प्रात : किरण संवाददाता

बेतिया। महापौर गरिमा देवी सिकारिया ने कहा कि संपूर्ण नगर निगम क्षेत्र की पर्यावरण संरक्षा और नागरिक सुविधा बढ़ाना मेरी प्राथमिकता है। पर्यावरण संरक्षा को ही महत्व प्रदान करते हुए संपूर्ण नगर निगम क्षेत्र में अब लकड़ी की जगह कंक्रीट, बालू और सीमेंट से बने आराम बैंच लगाए जा रहे हैं। सागर पोखरा परिसर में लगाए जा रहे कुल 20 आराम बैंचों का महापौर ने दल बल सहित किया निरीक्षण किया। महापौर श्रीमती सिकारिया ने बताया कि इस योजना के तहत नगर निगम क्षेत्र के विभिन्न वार्डों अब तक 82 और अन्य सार्वजनिक स्थानों पर अब तक करीब सवा दो सौ बैंच लगवाने की जानकारी दी। इसमें शहीद पार्क में 18, टाउन हॉल परिसर व जोड़ा शिवाला मंदिर एवं उत्तर वाली पोखरा चिल्ड्रन पार्क और नजर बाग पार्क में दस-दस, महारानी जानकी कुंवर महाविद्यालय परिसर 20, दुर्गा बाग में 12, महाराजा हरेंद्र किशोर पुस्तकालय परिसर में 25 के अलावा नगर निगम कैंपस, देवरहवा बाबा मंदिर और आनंद मार्ग मंदिर परिसर में भी नगर निगम प्रशासन द्वारा आराम बैंचों को लगवाए जाने की जानकारी दी। महापौर श्रीमती सिकारिया ने यह संपूर्ण नगर निगम क्षेत्र के लिए आम और खास लोगों का आह्वान करते हुए बताया कि पर्याप्त संख्या में पेड़ पौधे लगाकर उनकी सुरक्षा करते हुए समग्र शहरी क्षेत्र को हरा भरा बनाकर उसकी हरियाली के माध्यम से भी पर्यावरण संरक्षा को बढ़ावा देना सबसे जरूरी बताया। महापौर ने बताया कि नगर निगम प्रशासन संपूर्ण शहरी क्षेत्र हरियाली बढ़ा कर नगर निगम क्षेत्र को हरित क्षेत्र के रूम में विकसित करने की अपनी योजना में सुझाव और सहयोग देने की अपील अपने नगर निगम क्षेत्र के जागरूक जनता जनार्दन से की। महापौर ने बताया कि निगम के नव अधिग्रहित क्षेत्र में भी आरामदायक बेंच लगाने हेतु कार्यदेश कनीय अभियंताओं को दे दिया गया है।

# लखीसराय में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया भाई-बहन के प्रेम पर आधारित रक्षाबंधन का त्योहार

- छोटे-छोटे बच्चे और बच्चियों में रक्षाबंधन को लेकर दिखा गजब का उत्साह
- तेतरहाट थाना अध्यक्ष मृत्युंजय कुमार पंडित ने महादलित बस्तियों में मनाया रक्षाबंधन का त्योहार

प्रात : किरण संवाददाता





लखीसराय !भारतीय धर्म संस्कृति के अनुसार रक्षाबंधन का त्योहार श्रावण माह की पूर्णिमा को मनाया जाता है यह त्योहार भाई-बहन को स्नेह की डोर में बांधता है !रक्षाबंधन में राखी या रक्षासूत्र का सबसे अधिक महत्व है !रक्षाबंधन भाई- बहन के रिश्ते का प्रसिद्ध त्योहार है रक्षा का मतलब सुरक्षा और बंधन का मतलब बाध्य है !पूरे देश दुनिया की भांति लखीसराय जिले में भी रक्षाबंधन का त्योहार काफी हर्षोल्लास के साथ मनाया गया !रक्षाबंधन को लेकर छोटे-छोटे बच्चे-बच्चियों में गजब का उत्साह दिखा !वहीं जिले के तेतरहाट थाना अध्यक्ष मृत्युंजय कुमार पंडित ने थाना के पुलिसकर्मियों के साथ मिलकर महादलित बस्ती में रक्षाबंधन का त्योहार मनाया ! महादलित बच्चियों के हाथों अपने कलाई में राखी बंधवाई और एक दूसरे को मिठाई खिलाया !जिससे महादलित समाज के लोग काफी खुश दिखे !वहीं लखीसराय जिले का सुप्रसिद्ध किड जी विद्यालय में छोटे-छोटे बच्चे और विद्यालय की शिक्षिकाओं ने एक दूसरे को राखी बांधकर धूमधाम से रक्षाबंधन का त्यौहार मनाया और एक दूसरे को मिठाईयां खिलाई !रक्षाबंधन को लेकर राखी और मिठाइयों की दुकानों में भारी भीड़ देखी गई ! जिले के डीएम मिथिलेश मिश्र और एसपी अजय कुमार ने भी जिले वासियों को रक्षाबंधन की ढेरों शुभकामनाएं व बधाइयां दी !

## संक्षिप्त खबरें

### आपसी विवाद में दो पक्षों में झड़प, दर्जनों घायल

छपरा ग्रामीण सारण जिले के बनियापुर थाना क्षेत्र के पिठौरी नंदलाल टोला में आपसी विवाद में झड़प होने की खबर प्रकाश में आया है। जिसमें दो पक्षों के बीच जमकर लाठी-डंडे एवं ईंट-पत्थर चले। जिसमें दोनों पक्षों से लगभग आधा दर्जन लोग बुरी तरह घायल हो गए है। बताया जाता है की किसी आपसी विवाद में शंकर राम एवं राजदेव राम के बीच कहा सुनी के साथ देखते ही देखते जमकर लाठीझडंडा एवं ईटझपत्थर से मारपीट शुरू हो गई। जिसमें एक पक्ष के राजदेव राम और उनके पुत्र बीरेंद्र राम,अजय राम एवं दूसरे पक्ष के शंकर राम एवं उनके पुत्र अशोक राम गंभीर रूप से घायल हो गए है। दोनो पक्षों के घर वालो ने सभी घायल लोगों को इलाज के लिए रेफरल अस्पताल बनियापुर में भर्ती कराया गया। जहाँ चिकित्सकों ने कुछ घायल लोगो को बेहतर इलाज के लिए सदर अस्पताल छपरा रेफर कर दिया। इस घटना की एक वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। सोशल मीडिया पर वायरल वीडियो में बच्चे, जवान, औरत सहित आपसी विवाद में दोनों पक्ष के लोग एक दूसरे को गली गलौज करते लाठी-डंडे एवं ईंट-पत्थर फेंक रहे है। घटना की खबर मिलते ही इस मामले में बनियापुर थाना पुलिस ने त्वरित कारवाई करते हुए दोनों पक्षों के शिकायत पर प्राथमिकी दर्ज कर दोनों पक्षों से एक-एक आरोपित को गिरफ्तार कर मंडल कारा छपरा भेज दिया गया है।

### इंडो नेपाल सुरक्षा प्रहरी एसएसबी जवानों को नेपाल ओम शांति संस्था की बहनों ने राखी बांधी

बगहा। इंडो नेपाल सीमा पर तैनात सुरक्षा प्रहरी एसएसबी के जवानों को नेपाल में शांति व्यवस्था एवं हिंदुत्व को आगे बढ़ाने वाली संस्था ओम शांति में भूमिका निभाने वाली और पूरा जीवन कुंवारी रहने का शपथ लेकर जीवन व्यतीत करने वाली नेपाली बहनों ने शनिवार की दोपहर रक्षाबंधन के त्योहार पर सीमा सुरक्षा में तैनात जवानों एवं अधिकारियों को राखी बांध भाई बहन के रिश्ते के पवित्र त्योहार को मनाया। इस अवसर पर एसएसबी 21वीं वाहिनी के कमांडेंट तपेश्वर संबित राउत सहायक कमांडेंट अवधेश कुमार,विवेक सिंह डांगी सहित बड़ी संख्या में स्थानीय वरिष्ठ नागरिक उपस्थित रहे।

### सांसद प्रतिनिधि ने वितरित किया राहत सामग्री

छपरा कार्यालय। सोनपुर विधानसभा 122 के सबलपुर दियारा छेत्र के सबलपुर नवल टोला सबलपुर माध्यवती पंचायत सबलपुर पूर्वी और उत्तरी पंचायत अतिपिछड़ा टोला मे बाढ़ पीड़ित परिवार के बीच मे बाढ़ राहत सामग्री चिवरा मीठा बिस्कुट सोनपुर विधानसभा भाजपा नेता प्रदेश कार्य समिति सदस्य सह सांसद प्रतिनिधि राकेश कुमार सिंह द्वारा बड़ी संख्या में लोगो के बीच मे राहत सामग्री वितरण किया गया। जहां इस अवसर पर उनके साथ मंडल अध्यक्ष दीपक शर्मा कोषाध्यक्ष धनजय शर्मा युवा समाजसेवी अनुपम कुमार चन्दन पवन शर्मा सुमित शर्मा धीरज राय सिवम शर्मा बिरजू पासवान सहित अनेक लोग उपस्थित थे इस अवसर पर उन्होंने ने कहा की यह जनसेवा की प्रेणा हमें सांसद राजीव प्रताप रूडी से मिली जो हमेशा जनहित के कार्य करते रहते है और उन्होंने सोनपुर सिविल रउ्ड और सोनपुर अंचल अधिकारी से बात कर लोगो के साहयता और भोजन की बेवस्था के लिए कम्युनीटी किचेन खोलने की बात कही जिस पर रउ्ड ने भरोसा दिलाया की आज शाम तक हर हाल मे खुल जायेगा और मौका पर उपस्थित मंडल अध्यक्ष दिपक शर्मा एवं सैकड़ों लोगों ने स्थानीय विधायक पर भी कहा की उनको सोनपुर की जनता से कोई मतलब नहीं है लोग बाढ़ मे त्रस्त है वह अभी तक देखने तक नहीं आये जनता इसबार उनको भी सबक सीखलाये गी और सोनपुर मे इस बार जरूर परिवर्तन होगा जनता अपना मुंड बना लिया है । जहां रक्षा बंधन के शुभ अवसर पर सभी नेता अपने परिवार के साथ है वहीं राकेश सिंह सबलपुर में बढ़ा पीड़ित को साथ उनका दर्द को देखते हुए पूरे दिन राहत सामग्री के साथ वितरण हुआ और आगे भी जनता के सुख दुख में साथ रहूंगा।

# वीटीआर टी 37 से पातन एक गुल्ली के साथ एक वन तस्कर गिरफ्तार,एक मौके से फरार



प्रात : किरण संवाददाता

बगहा। वीटीआर वन क्षेत्र के वन कर्मियों ने गश्ती के दौरान 01 अदद सखुआ की गुल्ली के साथ एक वन अपराधी झोटिल कुमार को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया है। जबकि उसका साथी राजू भगत चकमा देकर मौके से भागने में सफल रहा।इस बात की जानकारी वाल्मीकिनगर रेंजर अमित कुमार ने देते हुए बताया कि वन कर्मियों की टीम गश्ती पर निकली थी। उसी दौरान कक्ष संख्या टी 37 में एक युवक सखुआ का पेड़ पातन कर गुल्ली तैयार कर रहा था। जिसे वन कर्मियों की टीम ने रंगे हाथ गिरफ्तार कर लिया।घटना स्थल से एक अदद गुल्ली भी जब्त किया गया है। गिरफ्तार युवक नौरंगिया थाना क्षेत्र के नौरंगिया का निवासी है। इस संबंध में प्राथमिकी दर्ज कर उसे न्यायिक हिरासत में बगहा भेजा जा रहा है।

# खैरा को मिले दो नए अध्यापक, नियोजन शिविर में हुआ चयन

प्रात : किरण संवाददाता



छपरा कार्यालय।अवर प्रादेशिक नियोजनालय, छपरा परिसर में एक दिवसीय नियोजन शिविर का आयोजन किया गया। यह शिविर सहायक निदेशक, अवर प्रादेशिक नियोजनालय, छपरा, श्री भरत जी राम के निदेश में संपन्न हुआ। शिविर का उद्घाटन नियोजन पदाधिकारी, छपरा, सुश्री पिंकी भारती द्वारा किया गया। अपने उद्घाटन संबोधन में उन्होंने उपस्थित युवाओं को सरकारी नियोजनालयों के माध्यम से मिलने वाले निःशुल्क रोजगार अवसरों की जानकारी दी एवं उन्हें सचेत किया कि वे किसी दलाल या फर्जी संस्था के बहकावे में न आएं। उन्होंने युवाओं को प्रेरित किया कि वे अपने कौशल और प्रयास से शीघ्र आत्मनिर्भर बनने की दिशा में आगे बढ़ें। इस नियोजन शिविर में फैक्सी इन्फैन्सी पब्लिक स्कूल, खैरा द्वारा कक्षा 1 से 7 तक के लिए अध्यापक पद हेतु चयन प्रक्रिया कराई गई। चयन लिखित परीक्षा के माध्यम से किया गया, जिसमें उम्मीदवारों के शैक्षणिक ज्ञान, भाषा दक्षता और शिक्षण क्षमता का मूल्यांकन किया गया। इस प्रक्रिया में 2 उम्मीदवारों का चयन किया गया, जिनकी कार्यस्थली खैरा निर्धारित की गई है। इस शिविर की सफलता में अवर प्रादेशिक नियोजनालय, छपरा के कर्मियों की सराहनीय भूमिका रही।

# जंगली हाथियों का मूवमेंट कक्ष संख्या 38 और 40 में बढ़ा, ग्रामीणों को सतर्क रहने की जरूरत: अभिषेक

प्रात : किरण संवाददाता

बगहा। वीटीआर कक्ष संख्या 38 व 40 में जंगली हाथियों के झुंड की चहल कदमी एक बार फिर देखी जा रही है। जंगली हाथियों के झुंड की सूचना मिलने के बाद वन विभाग और न्यूज संस्था के गजमित्र अलर्ट मोड में आ गए है। न्यूज संस्था के प्रोजेक्ट मैनेजर अभिषेक ने बताया कि अभी जंगली हाथियों का मूवमेंट्स ऊपर की साइड की तरफ है इनका पूर्व कॉरिडोर से होते हुए पिछले मूवमेंट की जगह दोन क्षेत्र से होते हुए दरुआबारी और लक्ष्मीपुर के आसपास भी होगा।अगर ये जंगली हाथी आए तो लोगो को सतर्क रहते हुए हर 10 मीटर की दूरी पर गोयठे का अलाव जलाए और उसमें लालमिर्च डालकर धुआं करें, इसकी तीखी झांसा से हाथी दूर भाग जाएंगे। उन्होंने आगे बताया कि गजमित्रों द्वारा जंगली हाथियों पर लगातार बराबर नजर रखी जा रही है। बतातें चले की इन जंगली हाथियों से सबसे ज्यादा खतरा वाल्मीकि टाइगर रिजर्व के पालतू हाथी द्रोणा, बालाजी,राजा एवं मणिकांतो को है। हाथी सफारी के लिए बीटीआर में पाले गए इन चार हाथियों की निगरानी भी बढ़ा दी गई है। रेंजर अमित आनंद ने बताया कि वाल्मीकि टाइगर रिजर्व के वन कक्ष संख्या टी 38,40 के भालू थापा जंगल क्षेत्र में हाथियों का मूवमेंट हो रहा है। उन पर कड़ी नजर रखी जा रही है। इसके लिए गज मित्रों सहित टीटीपीपी को भी वन क्षेत्र में तैनात किया गया है।

# नहर में नहाने गए युवक की डूबने से मौत, परिजनों में कोहराम

## मृतक युवक घर का इकलौता पुत्र था, माता पिता का सहारा टूटा

प्रात : किरण संवाददाता



छपरा ग्रामीण। सारण जिले के बनियापुर थाना क्षेत्र के नहर में नहाने गए युवक की डूबने से मौत हो गई है। घटना कमता पंचायत के रजौली गांव की बताई जाती है। मृतक उपेंद्र मांझी का 18 वर्षीय पुत्र अजित कुमार बताया जाता है। घटना के संबंध में बताया जाता है कि अजित अपने दोस्तों के साथ मिलकर घर के समीप ही एक नहर में नहाने गया था। नहाने के दौरान अधिक गहरे पानी मे डूबने से उसकी मौत हो गई है। इस घटना की जानकारी तब हुई जब उसके साथ गए दोस्तों ने शोर मचाना शुरू किया। इस बीच घटना स्थल पर काफी संख्या मे ग्रामीण जूट गए। ग्रामीणों के काफी मसक्कत के बाद युवक के शव को बाहर निकाला गया। घटना की सूचना मिलते ही बनियापुर थाना पुलिस ने घटनास्थल पहुंच कर आवश्यक कारवाई करते हुए शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिये सदर अस्पताल छपरा भेज दिया। स्थानीय ग्रामीणों ने बताया कि युवकों ने बगल के ही एक अर्द्धनिर्मित मकान के फर्श से छलांग लगाकर नहर में नहा रहे थे। तभी जब अजित ने छलांग लगाया तो उसके बाद बाहर नही निकल सका। अंदेशा जताया जा रहा है कि छलांग लगाने के दौरान नहर से सटे गहरे गड्ढे में गिरा गया होगा। जिस वजह से वह बाहर नही निकल सका और जिसे डूबने से उसकी नहर के पानी में ही मौत हो गई।

**परिजनों की चीख-पुकार से माहौल हुआ गमगीन**

घटना की सूचना मिलते ही परिजनों की चीख-पुकार से माहौल गमगीन हो गया। मौके पर पहुँचे ग्रामीणों ने परिवारवालों को समझा-बुझाकर शांत कराया गया। आसपास के लोगों ने बताया कि अजित अपने माता-पिता का इकलौता पुत्र था एवं उसके तीन बहन भी है। मृतक के पिता परिवार का भरण-पोषण करने के लिये अन्य प्रदेश में रहकर मजदूरी करते है। मृत युवक से परिवार को काफी उम्मीदें थी। पीड़ित परिवार की स्थिति काफी दयनीय है। इस घटना से मृतक के मां बब्ली देवी बहन सरीता, संध्या एवं संगीता का रो-रो कर बुरा हाल बना हुआ है।

# विश्व हिंदू परिषद ने सेवा बस्ती में रक्षा-बंधन का किया कार्यक्रम

- 61 वां स्थापना पखवाड़ा कार्यक्रम का हुआ शुभारंभ

प्रात : किरण संवाददाता



छपरा कार्यालय। विश्व हिंदू परिषद धर्म प्रसार के अंतर्गत नई बाजार दलित सेवा बस्ती में रक्षा-बंधन का हर्षोल्लास के साथ संपन्न किया गया। अरुण पुरोहित धर्म प्रसार जिला प्रमुख ने कहा विश्व हिंदू परिषद 61 वां स्थापना पखवाड़ा का शुभारंभ आज रक्षाबंधन के कार्यक्रम से किया गया। वहां उपस्थित सभी बच्चों एवं महिलाओं को सनातन धर्म में रक्षाबंधन के पवित्र बंधन के विषय में बताया जहां हम एक और भाई बहन की रक्षा करते हैं वही समाज के संपन्न लोग को कमजोर वर्ग की रक्षा का संकल्प लेना चाहिए। देश की रक्षा औरपर्यावरण संतुलन के लिए वृक्षों की रक्षा करनी है। वृक्ष में रक्षा सूत्र बांध के संकल्प कराया। अवध किशोर मिश्रा राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ सारण विभाग प्रमुख ने बच्चों से भारत माता की जय ,सनातन धर्म की जय उद्घोष कराया। एक्टर वैष्णवी ने सभी बच्चों को राखी बांधी। इस अवसर पर समाज सेवी सुभाष राय उर्फ झरीमन राय, पारसनाथ अधिवक्ता, मनोज कुमार ,विकास यादव, कृष्ण कुमार वैष्णवी, अरुण पुरोहित धर्म प्रचारक, एक्टर वैष्णवी,राजेश गुप्ता, संजय पुरोहित, संजय राम राजेश राम वगैरह उपस्थित रहे। सभी ने एक दूसरे को राखी बांधकर रक्षा का संकल्प लिया एवं मिठाई बाटकर उत्सव मनाया। अरुण पुरोहित ने वैष्णवी के साथ मिलकर राजेंद्र स्टेडियम के पास दलित बस्ती में जाकर राखी बांधी तथा शिशु पार्क में वृक्ष पर रक्षा सूत्र बांधकर पर्यावरण बचाने का संकल्प कराया ।

# आपसी विवाद में दो पक्षों में झड़प, दर्जनों घायल

प्रात : किरण संवाददाता

छपरा ग्रामीण । सारण जिले के बनियापुर थाना क्षेत्र के पिठौरी नंदलाल टोला में आपसी विवाद में झड़प होने की खबर प्रकाश में आया है। जिसमें दो पक्षों के बीच जमकर लाठी-डंडे एवं ईंट-पत्थर चले। जिसमें दोनों पक्षों से लगभग आधा दर्जन लोग बुरी तरह घायल हो गए है। बताया जाता है की किसी आपसी विवाद में शंकर राम एवं राजदेव राम के बीच कहा सुनी के साथ देखते ही देखते जमकर लाठीझडंडा एवं ईटझपत्थर से मारपीट शुरू हो गई। जिसमें एक पक्ष के राजदेव राम और उनके पुत्र बीरेंद्र राम,अजय राम एवं दूसरे पक्ष के शंकर राम एवं उनके पुत्र अशोक राम गंभीर रूप से घायल हो गए है। दोनो पक्षों के घर वालो ने सभी घायल लोगों को इलाज के लिए रेफरल अस्पताल बनियापुर में भर्ती कराया गया। जहाँ चिकित्सकों ने कुछ घायल लोगो को बेहतर इलाज के लिए सदर अस्पताल छपरा रेफर कर दिया। इस घटना की एक वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। सोशल मीडिया पर वायरल वीडियो में बच्चे, जवान, औरत सहित आपसी विवाद में दोनों पक्ष के लोग एक दूसरे को गली गलौज करते लाठी-डंडे एवं ईंट-पत्थर फेंक रहे है। घटना की खबर मिलते ही इस मामले में बनियापुर थाना पुलिस ने त्वरित कारवाई करते हुए दोनों पक्षों के शिकायत पर प्राथमिकी दर्ज कर दोनों पक्षों से एक-एक आरोपित को गिरफ्तार कर मंडल कारा छपरा भेज दिया गया है।

# अभिनेत्री वैष्णवी ने कुष्ठ आश्रम के बच्चों को राखी बांधकर मनाया रक्षाबंधन का त्योहार



छपरा। शहर के राजेन्द स्टेडियम स्थित कुष्ठ आश्रम के बच्चों को राखी बांधकर अभिनेत्री सुश्री वैष्णवी ने रक्षा बंधन का पर्व मनाया. छोटे-छोटे गरीब अनाथ बच्चों को अभिनेत्री वैष्णवी ने राखी बांधकर बच्चों का बहन की कमी महसूस होने नही दी। वैष्णवी ने कुष्ट आश्रम के बच्चों को तिलक लगाकर मिष्टान खिलाते हुए ईश्वर से उनके सफल एवं दीघार्यु जीवन की कामना करते हुए कहा की वो बचपन से ही उन कलाइयों में राखी बांधती आ रही हैं जिनका अपना कोई नहीं है,कुष्ट आश्रम में राखी बांधने के उपरांत सुश्री वैष्णवी ने पेड़ पौधों को भी रक्षाकवच बांधा. वृक्षों के रक्षा सूत्र बांधने के महता पर प्रकाश डालते हुए सुश्री वैष्णवी ने कहा कि इसका मुख्य उद्देश्य पर्यावरण को बचाना है। वृक्षों के बिना जीवन संभव नहीं है, और उनकी रक्षा करना हम सभी की जिम्मेदारी है. यह एक प्रतीकात्मक कार्य है जो लोगों को प्रकृति के करीब लाता है. इस अवसर पर उपस्थित समाजसेवी झरीमन राय अरुण पुरोहित राजेश डाबर आदि लोगों ने अभिनेत्री वैष्णवी के कार्यों की भूरी भूरी प्रंशसा की एवं इसे एक बेहतर और सार्थक पहल बताते हुए अभिनेत्री वैष्णवी को आशीर्वाद दिया. इस अवसर पर शहर के कई गणमान्य लोग उपस्थित थे.

# रमपुरवा कैंप में सैकड़ो की संख्या में बहनो ने एसएसबी जवानों को बांधी राखी

प्रात : किरण संवाददाता

बगहा। बगहा के लक्ष्मीपुर रमपुरवा पंचायत के रमपुरवा गांव में स्थित एसएसबी 21वीं बटालियन कैंप परिसर में शनिवार की सुबह भाई-बहन के पवित्र रिश्ते का त्योहार रक्षाबंधन को हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस मौके पर केंद्रीय मंत्री प्रतिनिधि सह भाजपा नेता सुमन कुमार सिंह मौजूद रहे। देश की सेवा में 24 घंटे अपना समय व्यतीत करने वाले जवानों के कलाइयों पर बहनों ने राखी बांध उनके लंबी उम्र की कामना की। मंत्री प्रतिनिधि सह भाजपा नेता सुमन कुमार सिंह ने उपस्थित बहनों को संबोधित करते हुए कहा कि भाई-बहन के ये पवित्र रिश्वतों का त्यौहार प्रत्येक साल जवानों के साथ मनाया जाता है। अपने घरों से दूर सीमा पर देश की रक्षा करने वाले जवानों की कलाइयों पर बहनों द्वारा बांधी गई राखी, उनके आगामी जीवन में कवच का काम करेगा।समाजसेवी सुमन सिंह के साथ सहायक कमांडेंट विवेक सिंह डांगी,रणवीर कुमार शर्मा, मोहम्मद शरीफ,नेयाज हसन,कमलेश कुमार,मुकेश कुमार सहित अन्य ग्रामीण उपस्थित रहे।

# राष्ट्र गौरव सम्मान से सम्मानित होने के लिए नई दिल्ली को लिए रवाना हो गए छपरा के वरिष्ठ पत्रकार डॉ.विद्या भूषण श्रीवास्तव एवं समाजसेवी कमल किशोर सहाय

- समाज कल्याण फेडरेशन ऑफ इंडिया 9 राज्यों की 70 हस्तियों को करेगा अलंकृत





छपरा कार्यालय। छपरा के वरिष्ठ पत्रकार एवं सारण जिला पत्रकार संघ के जिला अध्यक्ष डॉ.विद्या भूषण श्रीवास्तव एवं समाजसेवी कमल किशोर सहाय रविवार को ग्रेटर नोएडा में आयोजित एक राष्ट्रीय स्तर के आयोजन में राष्ट्र गौरव सम्मान से सम्मानित होने लिए नई दिल्ली के लिए रवाना हो गए । शनिवार को देर संध्या पटना एयर पोर्ट से नई दिल्ली के लिए रवाना हुए डॉ.श्रीवास्तव को जहां उत्कृष्ट पत्रकारिता,समाज सेवा,शैक्षणिक , सांस्कृतिक रचनात्मक गतिविधि को बढ़ावा देने एवं युवाओं को पत्रकारित की प्रशिक्षण देने को लेकर यह सम्मान दिया जाएगा वहीं कमल किशोर सहाय को सामाजिक एवं रचनात्मक कार्यों के अतिरिक्त स्वच्छता अभियान को बढ़ावा देने को लेकर उन्हें अलंकृत किया जाएगा। इस आशय की जानकारी राष्ट्रीय स्वेच्छिक ह्यसंगठन समाज कल्याण फेडरेशन ऑफ इंडियाह्व ( एस के एफ आई ) के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं वरिष्ठ पत्रकार जितेंद्र बच्चन ने से दी। उन्होंने बताया कि देश की प्रतिभाओं को लगातार सम्मानित कर उनके भीतर सकारात्मक प्रेरणा जगाने का उत्कृष्ट प्रयास कर रहा है। इसी कड़ी में रविवार को 7वां राष्ट्रीय गौरव सम्मान समारोह आयोजित किया जा रहा है, जिसमें 9 राज्यों- दिल्ली, राजस्थान, उत्तर प्रदेश, उत्तराखंड, महाराष्ट्र, बिहार, छत्तीसगढ़, ओडिशा और हरियाणा की 70 हस्तियों को उनके संबंधित क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य के आधार पर सम्मानित किया जाएगा। संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष व वरिष्ठ पत्रकार जितेन्द्र बच्चन ने कहा कि इस गौरवशाली परंपरा का हिस्सा बनना एक महत्वपूर्ण अनुभूति है। जिन सम्मानित होने वाली हस्तियों को इस बार चुना गया है, वे भारत के विकास एवं उसे सशक्त बनने में उत्कृष्ट योगदान कर रही हैं। उन्होंने कहा कि जब हम किसी व्यक्ति की मेहनत और उपलब्धियों को सार्वजनिक रूप से सम्मानित करते हैं तो सिर्फ उसका मनोबल नहीं बढ़ाते, बल्कि समाज के अन्य लोगों को आगे बढ़ने की प्रेरणा देते हैं। उन्होंने राष्ट्र गौरव अवार्ड की घोषणा करते हुए बताया कि यह भव्य समारोह ग्रेटर नोएडा स्थित नॉलेज पार्क-3 स्थित पीआईआईटी कालेज की ऑडिटोरियम में संपन्न होगा। इस अवसर पर संगठन के मुख्य संरक्षक डॉ. भरत सिंह, राष्ट्रीय महासचिव कृष्ण कुमार द्विवेदी, महानिदेशक डॉ. अशोक कुमार, राजस्थान के प्रदेश अध्यक्ष राम स्वरूप भटनागर मुख्य रूप से उपस्थित रहेंगे। सम्मान समारोह में अलग-अलग क्षेत्रों में समाज के लिए कार्य कर रही 70 हस्तियों को शिक्षा, साहित्य, स्वास्थ्य, समाजसेवा, पत्रकारिता, कला-संस्कृति एवं महिला सशक्तिकरण के क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य करने के लिए अलंकृत किया जाएगा। एस के एफ आई के अनुसार, राष्ट्र गौरव अवार्ड से जो हस्तियों नवाजी जाएंगी, उनमें नयी दिल्ली की डॉ. इन्दुमति सरकार, डॉ. अभिजीत कुमार श्रीवास्तव ,बिहार के डॉ. विद्या भूषण श्रीवास्तव , राजस्थान के रामस्वरूप भटनागर, डॉ. रमेश वशिष्ठ, डॉ. धर्मराज छिछोलिया, श्रीमती वीणा गुप्ता, उत्तर प्रदेश के डॉ सुनील कुमार तिवारी, पीयूष गोयल एवं सुनील कुमार खुराना शामिल हैं। दूसरे अलंकरणों में राष्ट्रीय प्रतिभा सम्मान, प्रत्रकार गौरव, ह्यसाहित्य गौरव, समाज रत्न, शिक्षक गौरव एवं कला-संस्कृति रत्न अवार्ड प्रदान किए जाएंगे इनमें दीप शिखा,कृष्ण कुमार सैनी,कमल किशोर सहाय, ललित कुमार डॉ गीता ,पीयूष गोयल सहित कई लोग शामिल है इसके अलावा कई जिलों के प्रतिभाशाली छात्र-छात्राओं को भी पुरस्कृत किया जाएगा, जो राष्ट्र के उज्ज्वल भविष्य के आधार स्तंभ हैं। उल्लेखनीय है कि एसकेएफआई महज सामाजिक संस्थाओं का एक संघ ही नहीं है, बल्कि यह अनेक सामाजिक गतिविधियों का संचालन भी करता है। देश के अलग-अलग राज्यों में इसके पदाधिकारी ह्यविकसित समाज, सशक्त भारतह्व की नीति पर लगाकार अपनी सक्रियता बनाए हुए हैं।

# परसा में ई रिक्सा शो रूम का हुआ शुभारम्भ

प्रात : किरण संवाददाता



छपराः-परसा स्थित हाई स्कूल चौक के समीप परसा सोनहो रोड हरपुर परसा में देश के अग्रणी ई रिक्शा निमार्ता कम्पनी स्काईबोल्ट प्राइवेट लिमिटेड के प्रचलित ब्रांड जेड फोर्स के ब्रांच एलएंडजी ऑटोमोटिव ई रिक्सा शो रूम का उद्घाटन समाजसेविका कृष्णकला देवी, भाग्यनारायण सिंह व पीईपीपीएल ग्रुप के निदेशक पंकज कुमार सिंह उर्फ बबलू ,राजेश रंजन ने संयुक्त रूप से फीता काटकर शुभारम्भ किया।इस तरह के ब्रांड के शोरूम कि शुरूआत परसा में होने से एक तरफ जहाँ पर्यावरण पर सकारात्मक असर होगा वही यहाँ के लोगों के लिए रोजगार का भी सुअवसर प्राप्त होगा। स्थानीय लोगों ने इ रिक्शा के गुणवत्ता को जांच कर कहा कि ये ई रिक्शा बाकि इ रिक्शा से बिलकुल अलग है।पटना मेनिफैक्चरिंग यूनिट के निदेशक पंकज सिंह ने कहा कि यहाँ शोरुम खुलने के कारण पुरे सारण जिले एवं परसा के लोगो को बहुत ही किफायती कीमत पर इ रिक्शा उपलब्ध करवाया जायेगा।समाजसेविका कृष्णकला देवी ने शोरूम के संचालक ज्ञान एवं लव को शुभकामनायें दी एवं उनके इस पहल के लिए काफी सराहना कि ।कुल मिला कर ये पुरे परसा के लोगो के लिए एक अनूठा कदम है क्योंकि इससे बहुत कम निवेश में अच्छा लाभ कमाने का अवसर प्राप्त होगा।यह शोरूम राज्य के लगभग सभी जिले में स्थित है ।पटना के बुद्धा कॉलोनी में पीईपीपीएल्स ऑटोमोटिव के नाम से स्थित है ।ग्राहकों को अभी शुरूआत में अतिरिक्त छुट का लाभ दिया जा रहा है ।साथ ही इस अवसर पर निदेशक बबलू सिंह ने ई-रिक्शा चालक से अपील करते हुए कहा कि परसा में इस तरह के ब्रांड जेड फोर्स के शोरूम शुरूआत होने से पर्यावरण संरक्षण में सकारात्मक असर दिखेगा। वही स्थानीय लोगो को स्वरोजगरक भी अवसर प्राप्त होगा।उन्होंने कहा कि बढ़ते पेट्रोल डीजल की कीमत और प्रदूषण को देखते परसा, दरियापुर,दिघवारा, मकेर व अमनौर जैसे शहर में लेटेस्ट टेक्नोलॉजी तथा ई-रिक्शा के चोरी होने की वजह से बचने के लिए जेड जेड फोर्स ई-रिक्शा में जीपीएस लगा हुआ उचित दामों में उपलब्ध कराया जाएगा।इस अवसर पर सत्येंद्र कुमार सिंह,लव कुमार सिंह,ज्ञानशू कुमार,गया सिंह,उमेश सिंह,सहित दर्जनों गणमान्य लोग मौजूद थे।

देश दुनिया की ताजा तरीन खबरें पढ़ने के लिए लॉग ऑन करें
@Pratahkiran www.pratahkiran.com



# मुनिश्री विशल्य सागर के मार्गदर्शन में वात्सल्य दिवस मनाया गया



प्रातः किरण संवाददाता

आरा। श्री चंद्रप्रभु दिगंबर जैन मंदिर में चातुर्मास कर रहे मुनि श्री 108 विशल्य सागर जी महाराज के सानिध्य में भगवान श्रेयांसनाथ का मोक्ष कल्याणक महोत्सव एवं वात्सल्य दिवस मनाया गया। प्रातः समय में श्रीजी का भव्य पंचामृत अभिषेक, वृहद शांतिधारा, भगवान श्रेयांसनाथ पूजन, निर्वाण लाडू समर्पण के पश्चात रक्षाबंधन पूजन, मुनिश्री का पाद प्रक्षालन, शास्त्र भेंट के उपरांत वात्सल्य दिवस के अवसर पर गुरुवर के पिच्छिका में रक्षा सूत्र बंधन का कार्यक्रम आयोजित हुआ। जिसमें प्रथम निर्वाण लाडू समर्पण एवं प्रथम पिच्छिका में रक्षा सूत्र बंधन का सौभाग्य ब्र सुलोचना दीदी को प्राप्त हुआ। इस अवसर पर मुनिश्री विशल्य सागर जी महाराज ने धर्मसभा में बताया कि जैन धर्म में रक्षाबंधन का पर्व इसलिए मनाया जाता है कि आज ही के दिन हस्तिनापुर में 700 मुनिराजो पर आए उपसर्ग को आचार्य श्री विष्णु कुमार महामुनिराज जी ने दूर किया था उसी के उपलक्ष में रक्षाबंधन का त्यौहार जैन समुदाय में वात्सल्य दिवस के रूप मनाया जाता है। वात्सल्य दिवस सही माने में संकल्प दिवस का है जिसमें सिर्फ बहन द्वारा रक्षा के लिए भाई को रक्षा सूत्र बांधने का ही नहीं बल्कि इस त्यौहार को संकल्प दिवस के रूप में मनाया जाना चाहिए जिसमें सभी का रक्षा हो सके जैसे गुरु-शिष्य, भाई-बहन, पिता-पुत्र, माता-पिता, धर्म, संस्कृति, समाज की रक्षा के लिए रक्षा सूत्र बांधकर संकल्पित होना ही सही माने में ये दिवस मनाने का महत्व है। वात्सल्य का पर्व है ,धर्म धर्मात्मा की विपत्ति को टालने का पर्व है, तीर्थ रक्षा का पर्व है, तीर्थंकर की वाणी की रक्षा का पर्व है, संयम की रक्षा का पर्व है। मीडिया प्रभारी निलेश कुमार जैन ने बताया कि वात्सल्य दिवस के अवसर पर मुनिसंघ के आहारचर्या के लिए कई सौभाग्यशाली जोड़ो के साथ-साथ बच्चें, युवा, पुरुष एवं महिलाओं ने मुनिसंघ का पड़गाहन एवं आहारचर्या सम्पन्न कराया। ब्र अलका दीदी, ब्र भारती दीदी, ब्र अनीश भैया के द्वारा भाव भक्ति किया गया। वात्सल्य दिवस के मौके पर मुनिसंघ के सचिव अजय कुमार जैन, संयोजक डॉ शशांक जैन, अंशु जैन, छवि जैन, मनीष जैन, आलोक किशोर जैन, अभय कुमार जैन, शैलेश कुमार जैन, सुषमा जैन, उषा जैन, नेहा जैन, अलका जैन, रीना जैन, निर्मला जैन, ज्ञानी जैन, वंश जैन, प्रांजल जैन, मन्नू जैन, अशोक जैन, मृगांक जैन, लक्ष्य जैन, डॉ श्वेता जैन, अमूल बंसल, साहू जैन, अरिहंत जैन, रश्मि जैन, मीना जैन के साथ सैकड़ों की संख्या में भक्तगण शामिल थे।

# बड़हरा विधायक ने नाव से बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों का दौरा कर लोगों का हालचाल जाना एवं राहत कार्यो के व्यवस्था का जायजा लिया



प्रातः किरण संवाददाता

आरा/बड़हरा । बड़हरा विधायक राघवेन्द्र प्रताप सिंह लगातार दूसरे दिन बाढ़ प्रभावित क्षेत्रो का निरीक्षण अधिकारियों एवं स्थानीय जनप्रतिनिधि के साथ किया। शनिवार को बड़हरा विधायक राघवेन्द्र प्रताप सिंह ने केशोपुर से एसडीआरएफ टीम, अंचल राजस्व अधिकारी,स्थानीय पंचायत जनप्रतिनिधि एवं कार्यकताओं के साथ मोटरवान नाव से नेकनाम टोला बाँध पर पहुँचे। वहाँ उन्होंने नेकनाम टोला पंचायत के शालीग्राम एवं नेकनाम टोला गाँव के बाढ़ पीड़ितों से मिलकर उनका हालचाल जाना। उनकी समस्याओं को सुना और उपस्थित अंचल राजस्व अधिकारी को जल्द उनकी समस्या दूर करने का निर्देश दिया। बाढ़ पीड़ित लोगो की मांग पर सामुदायिक किचेन शुरू करने का निर्देश विधायक द्वारा दिया गया। तदोपरांत अंचल राजस्व पदाधिकारी एवं नेकनाम टोला पंचायत मुखिया द्वारा लगभग साढ़े तीन सौ व्यक्तियो को प्लास्टिक सीट एवं राशन वितरण किया गया।तदोपरांत विधायक ने बखोरापुर, हाजीपुर, दूबे छपरा पहुंच कर बाढ़ की स्थिति की जानकारी लोगो से लिया और उनकी समस्याओं से रूबरू हुए।बड़हरा विधायक ने कहा कि बड़हरा विधानसभा क्षेत्र मे आए बाढ से जनमाल की क्षति हो रही है। पशुओ के लिए आहार की व्यवस्था की गई है और राशन वितरण के साथ जरूरत मंद लोगो को प्लास्टिक सीट भी प्रदान किया जा रहा है।

भोजन की व्यवस्था को देखते हुए सामुदायिक किचेन के लिए भी कहा गया है। उन्होंने कहा कि किसी का तबीयत खराब हो रहा है उन्हे तुरंत चिकित्सीय लाभ प्रदान किया जा रहा है।

एसडीआरएफ की टीम हमेशा तैनात है। प्रखंड,अंचल पदाधिकारी एवं मुझसे संपर्क करने पर कोई भी आवश्यक सुविधा तुरंत उपलब्ध कराया जा रहा है। मै लगातार क्षेत्र के लोगो से मिलता रहता हूँ और आगे भी मेरा दौरा जारी रहेगा।साथ मे अंचल राजस्व पदाधिकारी दीवाकर जी,नेकनाम पंचायत मुखिया परमा राय,भाजपा बड़हरा विधानसभा प्रभारी संजय कुमार सिंह,उज्जवल सिंह,पप्पू सिंह,जवाहिर केसरी, रामबाबु पांडेय आदि कार्यकर्ता थे।

# नाव की पूजा सदियों से होती आ रही है : राजू चौधरी



प्रातः किरण संवाददाता

डेहरी ओन सोन, रोहतास। सावन की पूर्णिमा के दिन नाव की पूजा की जाती है। इस पूजा की परम्परा सदियों से चली आ रही है। उक्त बातें सोन नदी के किनारे रहने वाले शिवगंज निवासी वीआईपी पार्टी के युवा जिलाध्यक्ष राजू चौधरी ने डेहरी स्थित शिवगंज मुहल्ले में सोन नदी के किनारे हो रही नावों की पूजा के दौरान कही। उन्होंने कहा कि इस दिन सोन नदी की पूजा के साथ साथ कशीवां वीर बाबा की भी पूजा होती है। केवट, मल्लाह ,हों या अन्य किसी जाति के लोग जिनके पास नाव है, सभी पूर्णिमा के दिन अपनी नाव की पूजा करते है। उन्होंने बताया कि जब यातायात के साधन नहीं था तो नदी में नाव से ही सामग्री भेजी जाती थी। उस समय आवागमन का साधन नाव ही था। यहां सोन नदी में जब पुल नहीं था तो बड़े बड़े नावे चलतीं थी। बताया कि नाव की पूजा में चना, कचवनिया, लडडू, फूलमाला, सिंन्दुर, रोडी, अगरबत्ती घी आदि का प्रयोग किया जाता है। नाव की पूजा के लिए जब घर से दऊरा लेकर महिलाएं निकलतीं है, तो बाजा बजाते घाट पर जाते हैं। पूजा महिलाएं पुरुष करते हैं। वहीं बाबू चौधरी ने बताया कि जब मल्लाह, केवट अपनी नाव को लेकर बाढ तथा पानी से भरे हुए सोन में मछली मारने तथा सोन डीला पर खेती करने जाते है तो नाव ही उनकी रक्षा करती है। इसलिए ये परम्परा सदियों से चली आ रही है।

इस मौके बालदेव चौधरी, धर्मेन्द्र चौधरी, किशोरी चौधरी, जगदीश चौधरी,धुरा चौधरी, रविन्द्र कुमार, चौधरी, बड़े चौधरी,सहित कई अन्य उपस्थित थे।

# कस्तूरबा विद्यालय के बच्चियों के बीच पाठ्य सामग्री का वितरण



प्रातः किरण संवाददाता

पीरो। रक्षाबंधन के मौके पर कस्तूरबा बालिका आवासीय विद्यालय की छात्राओं के बीच प्रखंड विकास पदाधिकारी सुनील कुमार गौतम द्वारा पाठ्य सामग्री का वितरण किया गया। इस दौरान छात्राओं ने प्रखंड विकास पदाधिकारी सहित अन्य लोगों को रक्षा सूत्र बांध कर उनके मंगलमय जीवन की कामना की। प्रखंड विकास पदाधिकारी ने कहा कि कस्तूरबा बालिका आवासीय विद्यालय छात्राओं को बेहतर शिक्षा प्रदान करने का एक उपयुक्त संस्थान है। यहां नामांकित छात्राओं को सरकार की ओर से सभी आवश्यक साधन उपलब्ध कराए जा रहे हैं। मौके पर बीस सूत्री कार्यक्रम क्रियान्वयन समिति के अध्यक्ष अक्षय लाल चौधरी, संतोष कुमार, अनिल कुमार, सेराज खान, कस्तूरबा बालिका आवासीय विद्यालय की वार्डेन निभा कुमारी, कुमारी अर्चना तिवारी समेत कई अन्य लोग मौजूद थे।

# आरपीएफ-जीआरपी की संयुक्त कार्यवाही में चांदी के जेवरात बरामद, दो गिरफ्तार

प्रातः किरण संवाददाता



गया जी। पूर्व मध्य रेलवे के डीडीयू रेल मंडल के गया-डीडीयू रेल सेक्शन पर विशेष सर्च अभियान चलाया जा रहा है। इसी के तहत आरपीएफ पोस्ट के और जीआरपी की संयुक्त सर्च अभियान की कार्रवाई में काले रंग का पिटठु बैग एवं दो सफेद रंग का वजनी झोला के साथ पकड़े गए दो सन्दिग्ध व्यक्ति के पास से काफी मात्रा में चांदी का जेवरात बरामद की गई। पूर्व मध्य रेलवे के आफ आईजी अमरेश कुमार के मार्गदर्शन में डीडीयू रेल मंडल के वरीय मंडल सुरक्षा आयुक्त जेथिन बी राज के नेतृत्व में आरपीएफ इंस्पेक्टर प्रदीप कुमार रावत और टीम विशेष सर्च अभियान चला रही थी।

इसी दौरान पकड़े गए दोनों सन्दिग्ध से पूछताछ करने पर अपना नाम व पता दिलीप कुमार व चंदन कुमार वर्मा बताया। दोनों के पास से बरामद एक काले रंग का पिटठु बैग एवं दो सफेद रंग का वजनी झोला को चेक करने पर उसमें 19 छोटे-बड़े पैकेटो में सफेद धातु का निर्मित आभुषण पायल,बिछिया, अंगुठी इत्यादि पाया गया। इसका कुल वजन 18.889 किलो एवं मूल्य 10 लाख 95 हजार 562 रुपए बताया गया। पूछताछ में दोनों ने बताया कि उक्त जेवरात को वाराणसी से लेकर बक्सर बिहार जा रहे है।परंतु इस संबंध में दोनों के द्वारा कोई वैध दस्तावेज प्रस्तुत नही किया जा सका। उपरोक्त बरामद आभुषण के संबंध में आवश्यक कारवाई के लिए इसकी सूचना आयकर विभाग को दिया गया।

## बाढ़ प्रभावितों के जान-माल की सुरक्षा एवं ससमय राहत पहुँचाना प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता : डीएम

पटना। जिलाधिकारी, पटना ने कहा कि बाढ़ प्रभावितों के जान-माल की सुरक्षा एवं ससमय राहत पहुँचाना प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है। बाढ़-प्रभावित व्यक्तियों के आवागमन के लिए कुल 98 नावों का परिचालन कराया जा रहा है। इसे आवश्यकतानुसार बढ़ाया जाएगा। अनुमंडल पदाधिकारियों; अनुमंडल पुलिस पदाधिकारियों एवं अंचल अधिकारियों को नावों के परिचालन में निर्धारित मानकों का अक्षरशः अनुपालन सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया है ताकि लोगों की सुरक्षा हर-हाल में सुनिश्चित रहे। जिलाधिकारी के निदेश पर अनुमंडल पदाधिकारी, पटना सदर द्वारा आज पंजीकृत नाविकों के साथ बैठक की गई। सभी को एसओपी का अक्षरशः अनुपालन सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया। क्षमता से ज्यादा लोगों को किसी भी हालत में नहीं बैठाने का निर्देश दिया गया। अपराह्न 6 बजे के बाद किसी भी नाव का परिचालन नहीं होगा।

## राजद नेता मेराज खान ने मुंहबोली बहन से बंधवाई राखी

पीरो। मन में पवित्र भावना और बहन के प्रति सच्चा स्नेह हो तो फिर धर्म-मजहब को मायने नहीं रखता।इस बात को चरितार्थ करते हुए राजद के पीरो नगर अध्यक्ष मो. मेराज खान ने हर साल की तरह इस बार भी अपनी मुंहबोली बहन डा. ममता मिश्रा से रक्षा सूत्र बंधवा कर उन्हें हर सुख-दुख में सहयोग का वचन दिया। मो.जन्नत खान के अनुसार बचपन से ही वे ममता मिश्रा को अपनी बड़ी बहन मानते रहे हैं और हर साल रक्षाबंधन पर उनसे राखी बंधवाते हैं। ममता मिश्रा भी उन्हें अपना छोटे भाई मानकर बड़ी बहन का स्नेह व प्यार देती हैं। भाई-बहन का यह रिश्ता लंबे समय से कायम है। आगे भी हमारा अपनी बड़ी बहन से यह स्नेहिल रिश्ता कायम रहेगा।

## बहना ने भाई की कलाई पर प्यार बांधा है



औरंगाबाद ।बहना ने भाई की कलाई पर प्यार बांधा है, रेशम की डोरी से संसार बांधा है.। जैसे मनभावन गीतों के बीच भाई-बहन के पवित्र रिश्ते का प्रतीक त्योहार रक्षाबंधन औरंगाबाद के शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्र में पारंपरिक रूप से हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस मौके पर बहनों ने अपने भाइयों की कलाई पर रक्षा सूत्र बांध कर उनके सुखमय जीवन की कामना की और जन्म जन्मांतर तक अपनी रक्षा का वचन लिया। शादी शुदा बहनें भाई को राखी बांधने के लिए मायके पहुंची थी वहीं कई भाइयों ने बहन की ससुराल जाकर रक्षा सूत्र बंधवाए और बहन को मनमाफिक उपहार दिए । उपहार पाकर बहनें काफी खुश दिखाई दी। इधर सावन पूर्णिमा को लेकर मंदिरों में विशेष पूजा अनुष्ठान का आयोजन किया गया था। औरंगाबाद के तहत आने वाली डुमरी गांव के देवी मंदिर और अन्य शहर के मंदिरों में शनिवार को अहले सुबह से ही पूजा अर्चना के लिए भक्तों की कतार लगी हुई थी।।

## वृक्षों को राखी बांधकर डॉ. प्रेम कुमार ने दिया पर्यावरण संरक्षण का संदेश

गया जी।बिहार के सहकारिता मंत्री डॉ. प्रेम कुमार ने गांधी मैदान, गया में पर्यावरण संरक्षण का अनोखा संदेश देते हुए वृक्षों को राखी बांधकर रक्षाबंधन का पर्व मनाया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि जैसे बहनें अपने भाइयों से रक्षा का वचन लेती हैं, वैसे ही हमें भी वृक्षों की रक्षा और संवर्धन का संकल्प लेना चाहिए। डॉ. कुमार ने बताया कि पेड़ हमारे जीवन के लिए उतने ही महत्वपूर्ण हैं जितना प्राणवायु, और इनकी सुरक्षा हमारी जिम्मेदारी है। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में सामाजिक कार्यकर्ता और स्थानीय नागरिक शामिल हुए हैं। सभी ने वृक्षारोपण एवं उनकी देखभाल का संकल्प लिया है। मंत्री ने लोगों से अपील की कि वे अपने आसपास अधिक से अधिक पौधे लगाएं और उनका संरक्षण करें, ताकि आने वाली पीढ़ियों को स्वच्छ और हराभरा पर्यावरण मिल सके। रक्षाबंधन पर यह अनूठी पहल पर्यावरण जागरूकता का प्रेरक उदाहरण बनी है। इस अवसर पर भाजपा लघु उद्योग प्रकोष्ठ के प्रदेश सहसंयोजक प्रेम सागर, क्षेत्रीय प्महामंत्री पप्पू चंद्रवंशी, अशोक शर्मा, वरिष्ठ नेता मुकेश शर्मा, देवानंद पासवान दिलीप सिंह जितेंद्र कुमार आदि कार्यकर्ता शामिल हुए हैं।

## वरिष्ठ पत्रकार शिवबालक सिंह की मनी पुण्यतिथि

गया जी।बिहार स्तर पर अपने निर्भीक पत्रकारिता के लिए चर्चित रहे वरिष्ठ पत्रकार स्व शिवबालक सिंह का प्रथम पुण्यतिथि पर गया जी जिले के फतेहपुर में आयोजित श्रद्धांजलि सभा में लोगो ने अश्रुपूर्ण श्रद्धासुमन अर्पित किया गया है। इस अवसर पर बीडीओ शशिभूषण साहू, थानाध्यक्ष इंस्पेक्टर प्रशांत कुमार सिंह, फतेहपुर नगर पंचायत अध्यक्ष रवि कुमार, आरपीएफ के सब इंस्पेक्टर जितेंद्र कुमार, हरिमोहन मीणा, समाजसेवी मिथलेश शर्मा, शिक्षक राजेश कुमार सिंह, अधिवक्ता रंजीत कुमार, पत्रकार राजेश कुमार मिक्की, पत्रकार सुधीर कुमार, पत्रकार नीरज कुमार, फिल्म सह टीवी अभिनेता अनूप कुमार सिंह, अधिवक्ता रंजीत कुमार, पत्रकार हिमांशु गौतम, पत्रकार संतोष कुमार,यूटूबर मीडिया समर राठौर, उपेंद्र भारती,मनोज कुमार,पवन कुमार, अरुण कुमार मिडिको, रामदीप सिंह,ऋषि कुमार, भाजपा नेता कृष्णदे० सिंह, नवीन कुमार सिन्हा आदि लोगो ने वरिष्ठ पत्रकार शिवबालक सिंह के जीवना और उपलब्धियों पर प्रकाश डालते हुए कहा कि ये अपने कर्तव्य निष्ठा के प्रति समर्पित रहकर काफी ईमानदारी के साथ पत्रकारिता का जीवन व्यक्तित किये। इनके कार्य हम सभी के लिए प्रेरणा है। श्रद्धांजलि व्यक्त करने वालो में केंद्रीय मंत्री जीतनराम मांझी, मंत्री संतोष कुमार सुमन, विधायक ज्योति मांझी, केंद्रीय मंत्री जीतनराम मांझी के राजनीतिक सलाहकार मो दानिश इकबाल, भाजपा के वरीय नेता डॉ मनीष पंकज मिश्रा, बिहार प्रदेश भाजपा कार्यसमिति सदस्य संतोष ठाकुर, भाजपा प्रदेश मंत्री धनराज शर्मा आदि शामिल रहे हैं।

## संस्कृत दिवस समारोह का आयोजन

पीरो (आरा)। सहार प्रखंड के बरूही स्थित श्री विष्णु दत्त मिश्र संस्कृत उच्च विद्यालय में संस्कृत दिवस पर भव्य कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रधानाचार्य प्रेमचंद त्रिपाठी ने की, जबकि विद्यालय प्रबंध समिति के सचिव जयकुमार ने संस्कृत भाषा के महत्व पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि संस्कृत विश्व की सबसे प्राचीन, मधुर, सरल और वैज्ञानिक भाषा है, जिसे देववाणी भी कहा जाता है। चारों वेद और छह वेदांग इसी भाषा में रचित हैं। कार्यक्रम में शिक्षक मृत्युंजय पांडे, रामधनी सिंह, सोनू कुमार, राजेंद्र राय, विश्राम राय समेत अनेक अभिभावक और विद्यार्थी उपस्थित रहे।

# आरा सदर प्रखंड के जमीरा गांव सहित 14 पंचायत को बाढ़ प्रभावित क्षेत्र घोषित करे जिला प्रशासनः क्यामुद्दीन

प्रातः किरण संवाददाता

आरा। भाकपा माले राज्य कमेटी सदस्य व आरा विधानसभा के महागठबंधन समर्थित पूर्व प्रत्याशी क्यामुद्दीन अंसारी ने एक प्रेस बयान में मांग की है कि आरा सदर प्रखंड के जमीरा गांव सहित अन्य 14 पंचायतों को बाढ़ प्रभावित क्षेत्र घोषित किया जाए. भाकपा माले नेता क्यामुद्दीन अंसारी ने आज सनदियां, सारंगपुर, बभनौली, महुली,कड़ारी,धोबहां, मानपुर सहित कई बाढ़ प्रभावित गांवों का दौरा किया.भाकपा माले नेता क्यामुद्दीन अंसारी ने कहा कि आरा प्रखंड के 14 पंचायत के प्रायः सभी गांव बाढ़ प्रभावित हैं.आरा आपदा की देखभाल करने वाले पदाधिकारी आरा सी. ओ.इलाके से फरार है इस लिए जिला पदाधिकारी के पास आरा प्रखंड का सही रिपोर्ट नहीं पहुंच रहा है यही वजह है कि आरा प्रखंड में बाढ़ राहत कार्य नहीं चल रहा है

भाकपा माले नेता क्यामुद्दीन अंसारी ने कहा कि जिला पदाधिकारी महोदय को एक बार आरा प्रखंड का दौरा करना चाहिए,ताकी बाढ़ का सही अनुमान लग सके.भाकपा माले नेता क्यामुद्दीन अंसारी ने कहा कि दौलतपुर,घुघुआं,बारा, बसंतपुर, सारंगपुर, बभनौली, महुली, कड़ारी धोबहां, मानपुर,देवढी, मोहनपुर, कड़रा, इंग्लिश, दुरौंधा,पीरौंटा जगवलिया,पिपरा जयपाल, नागोपुर, चौमुखा, जगवलिया,सभी डुमरा, निर्मलपुर, सैदपुर,बरजा, बाघा कोल, तेतरिया, अगरसंडा पुरुषोत्तमपुर,धमार यूं कहें कि पुरा आरा प्रखंड बाढ़ प्रभावित क्षेत्र है इस लिए आरा सदर प्रखंड को जिला पदाधिकारी बाढ़ क्षेत्र घोषित करें. भाकपा माले नेता क्यामुद्दीन अंसारी ने बड़हरा प्रखंड के बाढ़ प्रभावित क्षेत्र में सुखा राशन वितरण का स्वागत करते हुए मांग कि है कि आरा प्रखंड के सभी बाढ़ प्रभावित क्षेत्र में सुखा राशन वितरण कराई जाय.तथा गरीबों के बीच त्रिपाल और मवेशियों के लिए चारा का प्रबंध किया जाय.भाकपा माले नेता क्यामुद्दीन अंसारी ने आरा सदर प्रखंड के बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों के साथ सौतेले व्यवहार की कड़ी आलोचना की.तथा मांग कि है कि आरा प्रखंड के आपदा की देखभाल सी.ओ.आरा से हटा कर किसी दूसरे पदाधिकारी को सौंपी जाए.

# पृथ्वी दिवस पर पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का लिया गया संकल्प

प्रातः किरण संवाददाता



पीरो। पृथ्वी दिवस के अवसर पर वन विभाग द्वारा जेएम इंटरनेशनल स्कूल पीरो के परिसर में पौधारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया।

इस दौरान वन विभाग के अधिकारियों,कर्मियों, विद्यालय के शिक्षकों व छात्र-छात्राओं ने परिसर में फलदार पौधे लगाकर उनकी पुत्रवत रक्षा करने का संकल्प लिया। मौके पर वनों के क्षेत्र पदाधिकारी दीपक कुमार पांडेय ने वनों के महत्व की चर्चा करते हुए कहा कि पर्यावरण संतुलन में पेड-पौधों की अहम भूमिका है।

ये वायुमंडल में आक्सीजन व कार्बन डाई आक्साइड का संतुलन बनाए रखने तथा वषार्नुपात को निर्धारित करने में योगदान करते हैं लेकिन मानव द्वारा पेड-पौधों के अविवेकपूर्ण उपयोग के कारण वन प्रभावित हो रहे हैं। मानक के अनुसार जितना वन अच्छादित होना चाहिए उतना नहीं है। खासकर सूबे बिहार में वनों का क्षेत्रफल काफी कम है। जो निश्चय ही चिंता का विषय है। उन्होंने कार्यक्रम में मौजूद लोगों से हर सीलअपने जन्मदिन, वर्षगांठ आदि अवसरों पर एक पौधा लगाने की अपील की। कार्यक्रम में वनों के क्षेत्र पदाधिकारी दीपक कुमार पांडे वनपाल श्रीनिवास सिंह वनरक्षी सूर्य देव कुमार ,सुनील कुमार, सुष्मिता कुमारी ,पूनम कुमारी, रिंकी कुमारी एवं वन विभाग के अन्य कर्मचारी उपस्थित थे।

## भोजपुर उप विकास आयुक्त ने संदेश प्रखंड का किया भ्रमण

आरा । गुंजन सिंह, (भा0 प्रे0 से0) उप विकास आयुक्त भोजपुर द्वारा संदेश प्रखंड का भ्रमण किया गया, जिसमें लोहिया स्वच्छ बिहार अभियानअंतर्गत संचालित, अपशिष्ट प्रबंधन इकाई संदेश, प्लास्टिक अपशिष्ट प्रबंधन इकाई, योजना धूसर जल प्रबंधन हेतु निरीक्षण किया गया। भ्रमण के दौरान मनरेगा द्वारा निर्मित जीविका भवन का लोकार्पण किया गया। पुस्तकालय भवन, बाल विकास परियोजना पदाधिकारी के कार्यालय का निरीक्षण किया गया। उसके उपरांत प्रखंड मे चल रहे योजनाओं यथा, प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण की समीक्षा की गयी, जिसमें सभी आवास सहायक को निदेशित किया गया कि आवास पणजी मे दैनिक भ्रमण कर संधारण करेंगे।मनरेगा के चल रहे कार्य वृक्षारोपण, मानव दिवस सृजन, खेल मैदान आदि की समीक्षा की गयी।

## एक राखी बिहार के भावी मुख्यमंत्री तेजस्वी यादव के नाम कार्यक्रम का हुआ आयोजन :भाई दिनेश



प्रातः किरण संवाददाता

राजद नेता पूर्व विधायक जगदीशपुर भाई दिनेश के नेतृत्व मे

गंगाजल डिहरी में आयोजित एक कार्यक्रम में दर्जनों बहनों ने बिहार के भावी मुख्यमंत्री श्री तेजस्वी यादव को राखी बांधकर आशीर्वाद दिया। इस अवसर पर बहनों ने मांग की कि जब तेजस्वी यादव मुख्यमंत्री बनेंगे, तो वे शिक्षा, स्वास्थ्य और सुरक्षा के क्षेत्र में काम करेंगे।कार्यक्रम के मुख्य बिंदु में राखी बांधकर आशीवार्दः बहनों ने तेजस्वी यादव को राखी बांधकर बिहार का मुख्यमंत्री बनाने का आशीर्वाद दिया।

- शिक्षा, स्वास्थ्य और सुरक्षाः बहनों ने मांग की कि तेजस्वी यादव जब मुख्यमंत्री बनेंगे, तो वे इन तीनों क्षेत्रों में काम करेंगे।- जनसमर्थनः कार्यक्रम में दर्जनों लोग, छात्र-छात्राएं और गाँव के सैकड़ों अभिभावक उपस्थित थे ।

महिला सुरक्षा और सम्मानः तेजस्वी यादव ने पहले कहा था कि उनकी सरकार में महिला सुरक्षा और सम्मान सर्वोच्च प्राथमिकता होगी।

- रोजगार और शिक्षाः उन्होंने वादा किया था कि उनकी सरकार बनी तो युवाओं को रोजगार और शिक्षा के अवसर प्रदान किए जाएंगे।- माई-बहन मान योजनाः तेजस्वी यादव ने महिलाओं के लिए माई-बहन मान योजना का वादा किया है, जिसमें महिलाओं को प्रतिमाह 2500 रुपये की वित्तीय सहायता प्रदान की जाएगी। राखी बांधने वाली लड़की का नाम शीतल कुमारी, अंशु ,कुमारी, रिशु कुमारी छोटी कुमारी, अंजली कुमारी, ,अनीशा कुमारी,रागनी कुमारी,नंदनी कुमारी'

# मां के बाद दूसरी मां होती है बहनेः भाई

प्रातः किरण संवाददाता



पीरो। भैया मेरे राखी के बंधन को निभाना जैसे मनभावन गीतों के बीच भाई-बहन के पवित्र रिश्ते का प्रतीक त्योहार रक्षाबंधन पीरो अनुमंडल क्षेत्र में पारंपरिक रूप से हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस मौके पर बहनों ने अपने भाइयों की कलाई पर रक्षा सूत्र बांध कर उनके सुखमय जीवन की कामना की और जन्म जन्मांतर तक अपनी रक्षा का वचन लिया। शादी शुदा बहनें भाई को राखी बांधने के लिए मायके पहुंची थी वहीं कई भाइयों ने बहन की ससुराल जाकर रक्षा सूत्र बंधवाए और बहन को मनमाफिक उपहार दिए । उपहार पाकर बहनें काफी खुश दिखाई दी। इधर सावन पूर्णिमा को लेकर मंदिरों में विशेष पूजा अनुष्ठान का आयोजन किया गया था। अनुमंडल मुख्यालय स्थित मां पीटन देवी मंदिर में शनिवार को अहले सुबह से ही पूजा अर्चना के लिए भक्तों की कतार लगी हुई थी। दूसरी ओर इस मौके पर राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सदस्यों ने सेवा बस्तियों में जाकर वहां के लोगों को रक्षा सूत्र बांधा और उनका हर संभव मदद करने का भरोसा दिलाया। वहीं संघ के स्वयंसेवकों ने पर्यावरण संरक्षण के लिए वृक्षों को रक्षा सूत्र बांध कर उनकी सुरक्षा का संकल्प दोहराया।

# विभिन्न क्षेत्रों को बाढ़ग्रस्त क्षेत्र घोषित करने की मांग को लेकर भाकपा-माले का पांच सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल भोजपुर जिलाधिकारी तनय सुल्तानिया से मिलकर मांग-पत्र सौंपा

प्रातः किरण संवाददाता

शाहपुर,बड़हरा। आरा मुफ्फसिल,कोईलवर,बिहिया,आरा नगर के बाढ़ग्रस्त क्षेत्र घोषित करने की मांग को लेकर भाकपा-माले ने भोजपुर जिलाधिकारी तनय सुल्तानिया से पांच सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल मिलकर मांग-पत्र सौंपा !प्रतिनिधिमंडल में भाकपा-माले राज्य कमेटी सदस्य विजय ओझा,जिला कार्यालय सचिव दिलराज प्रीतम, शाहपुर प्रखंड कमेटी सदस्य जयशंकर प्रसाद,बड़हरा संतोष कुमार राम,आरा मुफ्फसिल प्रखंड कमेटी सदस्य व पंचायत समिति सदस्य जनार्दन गोड़ शामिल थे !विदित हो कि भोजपुर जिला के उतरी इलाके का प्रखंड जिसमें शाहपुर,बड़हरा,आरा मुफ्फसिल, कोईलवर व आरा नगर एक छोटा का हिस्सा बाढ़ से काफी प्रभावित हैं !इन प्रखंडों बाढ़ का पानी भरने से लोगों का जनजीवन काफी प्रभावित हैं !बाढ़ पीडितों के बीच आवागमन खाने-पीने,मेडिकल,पशु-चारा,फसल की बरबादी, त्रिपाल नहीं होने काफी संकट का सामना करना पड़ा रहा है !इसलिए इन सभी बाढ़ प्रभावित इलाकों में बाढ़ राहत अभियान करने की आवश्यकता है !1.इन सभी बाढ़ प्रभावित क्षेत्र को बाढ़ क्षेत्र घोषित की जाए !2.बाढ़ प्रभावित इलाकों में नाव की तत्काल व्यवस्था की जाए !

2.सामुदायिक किचेन की व्यवस्था की जाए !3.सफल क्षतिपूर्ति हेतु मुआवजा दी जाए !4.चलंत मेडिकल की व्यवस्था की जाए !5.पशु चारा की व्यवस्था की जाए !6.बच्चों के लिए दुध की व्यवस्था की जाए !7. बिजली के लिए जरनेटर की व्यवस्था की जाए !8.शौचालय की व्यवस्था की जाए !9.त्रिपाल की व्यवस्था की जाए !10.पेयजल की व्यवस्था की जाए !11.एनडीआरफ टीम की व्यवस्था की जाए !12.आपदा में मरणोपरांत तत्काल कबीर अंत्येष्टि, पारिवारिक लाभ देने की गारंटी की जाए !बडहरा प्रखंड के बाढ़ प्रभावित गांव पंचायत पंचायत सरैयाः-गांवः-घांघरबिंद टोलावा,दुर्ग टोला,इटहना, जहुराबाद,मुबारकपुर,सरैया वार्ड नंबर 4,5,8 दलित बस्ती !

*पंचायत पूर्वी गुंडीः-गांवः-शिवपुर,छोटका इटहना,रमई राय का टोलापंचायत पश्चिमी गुंडीः-गांवः-गल चौर,उदयमानपुर,बभनगांवा मुसहर टोली, वार्ड नंबर 6 बभनगावां पंचायत सोहरा-गांवः-सोहरा,महुली,पदमिनियां,हेतमपुर !पंचायत नरगदाः-गांवः-नूरपुर,पोरहा,मंझौली,नरगदा,जोकहरीपंचायत बलुआगांवः-केवटिया,अचरज का टोला,पिपरपाती, नया खवासपुर,बलुआ के डेरापंचायत नथमलपुरःगांवः-सेमारिया,ज्ञानपुर,महुदही,संजोइल,नथमलपुर बालू पर !

पंचायत सिन्हाः-गांवः-लफुसपुर,लक्ष्मीपुर,कान्हा, ल्याणपुर,कवल परा,पाण्डे टोला,सिन्हा !पंचायत ाकड़ीः-गांवः-मिल्की,चंदागांवपपंचायत बखोरापुरः-गांवः-ालपुर,हाजीपुर,दुबे छपरा,बखोरापुर,पैगा आदि हैं।



# राधिका आप्टे ने माना बॉलीवुड और हॉलीवुड में बड़ा फर्क



अभिनेत्री राधिका आप्टे हाल ही में नेहा धूपिया के चैट शो फ्रीडम टू फीड में नजर आईं, जहां उन्होंने माना कि प्रेग्नेंट एक्ट्रेस को लेकर अब भी बॉलीवुड दकियानूसी सोच में उलझा हुआ है। उन्होंने अपने प्रेग्नेंसी के उस दौर को याद किया जब उन्हें एक प्रोड्यूसर के अजीब से रवैए का शिकार होना पड़ा था। नेहा धूपिया के चैट शो फ्रीडम टू फीड के दौरान राधिका ने बताया कि प्रेग्नेंसी की घोषणा के बाद उन्हें कई भावनात्मक और शारीरिक चुनौतियों का सामना करना पड़ा था। उन्होंने मां बनने को लेकर समाज में मौजूद पुराने सोच और भेदभाव पर भी बात की। राधिका ने कहा, मैं उस समय जिन भारतीय प्रोड्यूसर के साथ काम कर रही थी, उन्हें मेरी प्रेग्नेंसी की खबर अच्छी नहीं लगी। उन्होंने आगे बताया, उनका बर्ताव मेरे प्रति सख्त हो गया था और उन्होंने मुझसे टाइट कपड़े पहनने की जिद की, जबकि मैं उस समय खुद को बहुत असहज महसूस कर रही थी। मैं अपनी गर्भावस्था के पहले तिमाही में थी, मुझे बार-बार भूख लगती थी, और मैं चावल या पास्ता जैसी चीजें ज्यादा खा रही थी। शरीर में आम बदलाव आ रहे थे, लेकिन उस समय समझदारी दिखाने के बजाय उन्होंने मुझसे बेरूखी से बर्ताव किया। अभिनेत्री ने बताया कि दर्द और मेरे असहज होने के बावजूद प्रोड्यूसर ने सेट पर डॉक्टर से मिलने की अनुमति तक नहीं दी। हालांकि, राधिका उस दौरान अंतर्राष्ट्रीय प्रोजेक्ट पर भी काम कर रही थीं, जिसको लेकर उन्होंने निर्माता की तारीफ करते हुए कहा, हॉलीवुड के एक फिल्म निर्माता ने मेरा बहुत समर्थन किया था। जब मैंने उनसे कहा था कि मैं ज्यादा खा रही हूं और शूटिंग के आखिरी तक मेरा लुक बदल सकता है, तो उन्होंने हंसकर कहा, चिंता मत करो, अगर तुम इस प्रोजेक्ट के आखिरी तक पूरी तरह बदल भी जाओ, तो भी कोई बात नहीं, क्योंकि तुम गर्भवती हो। उनका यह समर्थन मेरे लिए बहुत मायने रखता। राधिका ने बताया कि वह प्रोफेशनल जिम्मेदारियों को अच्छे से समझती हैं, और हमेशा उनका सम्मान भी करती हैं। उन्होंने कहा, लेकिन उस समय थोड़ी सी सहानुभूति बहुत काम आती है। मैं किसी से विशेष व्यवहार की उम्मीद नहीं कर रही थी, बस थोड़ी-सी इंसानियत और समझदारी ही चाहती थी। चाहती थी कि मेरी इस खुशी को लोग थोड़ा समझें। राधिका की मुलाकात बेनेडिक्ट टेलर से 2011 में लंदन में हुई थी, जब वह एक साल के ब्रेक पर थीं और कंटेम्परी डांस सीखने गई थीं। दोनों ने 2013 में शादी की थी, और दिसंबर 2024 में राधिका ने बेटी को जन्म दिया था।

## द पैराडाइज में नानी निभाएंगे जदाल का किरदार

नानी की नई आगामी बहुप्रतीक्षित फिल्म द पैराडाइज से उनके किरदार का लुक जारी किया गया है। जिसमें उनका अनोखा अंदाज फैंस को भी हैरान कर रहा है। इस फिल्म में उनके किरदार का नाम है जदाल। तेलुगु एक्शन थ्रिलर फिल्म द पैराडाइज का निर्देशन श्रीकांत ओडेला ने किया है, जिन्होंने पहले नानी के साथ फिल्म दशहरा में साथ काम किया है। नानी फिल्म द पैराडाइज में जदाल नाम के किरदार में नजर आएंगे। आज निर्माताओं ने एक्स हैंडल पर नानी की एक शानदार तस्वीर शेयर की और साथ ही कैप्शन में लिखा, इसका नाम जदाल....

### नानी के किरदार जदाल का लुक और फैंस के कमेंट्स

इस लुक में नानी घनी दाढ़ी, लंबी मूंछें और दो चोटियों में खतरनाक अंदाज में दिखाई दे रहे हैं, जो काफी साहसिक और अलग है। निर्माताओं ने इस किरदार को बेबाकी से पेश किया है। आंखों पर काला चश्मा और गले में ब्लैक सिल्वर ज्वैलरी में नानी का लुक फैंस को हैरान कर रहा है। नानी को जदाल के लुक में देखने के बाद फैंस ने भी जमकर अपनी प्रतिक्रिया दी हैं। एक फैन ने लिखा, क्या यह लुक किसी फिल्म या किरदार से प्रेरित है, एक और फैन ने लिखा, जदाल...आधुनिक लुक और चोटियों से हैरान हूं..., एक फैन ने लिखा, गैंगस्टर ड्रामा...

### फिल्म द पैराडाइज के बारे में

फिल्म द पैराडाइज में नानी के अलावा जान्हवी कपूर भी मुख्य भूमिका में नजर आएंगी जबकि मोहन बाबू और राघव जुयाल सहायक किरदार भूमिका निभाएंगे। द पैराडाइज 1980 के दशक के सिकंदराबाद की पृष्ठभूमि पर आधारित है, जो एक हाशिए पर पड़े समुदाय की कहानी दिखाती है, जो एक नेता की तलाश में है। फिल्म को तेलुगु, तमिल, कन्नड़, मलयालम, हिंदी, बंगाली, अंग्रेजी और स्पेनिश में 26 मार्च, 2026 को रिलीज किया जाएगा। फिल्म का संगीत अनिरुद्ध ने तैयार किया है। इस फिल्म का निर्माण एसएलवी सिनेमाज कर रहे हैं।

## मायासभा में सशक्त महिला की भूमिका पर बोलीं दिव्या दत्ता



अभिनेत्री दिव्या दत्ता की वेब सीरीज मायासभा- द राइज ऑफ द टाइटन्स बुधवार को रिलीज हो चुकी है। सीरीज में दिव्या सशक्त महिला के किरदार में हैं। उन्होंने पुरुष-प्रधान दुनिया में एक सशक्त महिला के किरदार निभाने के अनुभव को साझा किया। दिव्या दत्ता से पूछा गया कि मायासभा- द राइज ऑफ द टाइटन्स में वह एक ऐसी महिला का किरदार निभा रही हैं, जो पुरुष-प्रधान दुनिया में है। पुरुषों के वर्चस्व वाले इस इंडस्ट्री में इस तरह के मजबूत किरदार को निभाने का अनुभव कैसा रहा? इसके जवाब में दिव्या ने कहा कि अनुभव जबरदस्त था। बातचीत में दिव्या ने कहा, पुरुष के दबदबे वाली दुनिया में एक सशक्त महिला के किरदार को निभाना बहुत शानदार रहा। अगर आप अपने काम को अच्छे से करते हैं, चाहे वह कोई भी पेशा हो, तो आप उसमें अपनी पहचान बना लेते हैं। एक्टिंग, राजनीति, या कोई और क्षेत्र, आप अपनी छाप छोड़ने में सफल होते हैं। उन्होंने आगे कहा, भले ही आपको हर जगह सराहना न मिले, लेकिन लोग आपके काम की ताकत और उस खासियत को जरूर नोटिस करेंगे। अभिनेत्री दिव्या दत्ता ने कहा कि उनके किरदार इरावती को निर्देशक देवा कट्टा के स्पष्ट नजरिए ने आकार दिया, जिससे उन्हें एक अभिनेत्री के रूप में न केवल मदद बल्कि आत्मविश्वास और स्पष्टता भी मिली।

## रश्मिका मंदाना का नया लुक, नई फिल्म की तैयारी...?



साउथ इंडियन स्टार रश्मिका मंदाना की एक फोटो इंटरनेट पर वायरल है। इस फोटो में वो एक पॉलिटिशियन वाले लुक में दिखाई दे रही हैं। उनके इस अवतार को देख सोशल मीडिया पर तरह-तरह की अटकलें लगाई जा रही हैं। इस फोटो में एक्ट्रेस साड़ी पहने हुए आदेश देने की मुद्रा में दिख रही हैं। इससे अंदाजा लगाया जा रहा है कि रश्मिका किसी फिल्म या वेबसीरीज में दमदार किरदार निभाने जा रही हैं। इस पर अभी कोई अपडेट नहीं आई है। कहा जा रहा है कि यह उनकी नई सीरीज या फिल्म जो पावर और पॉलिटिक्स पर बेस्ड होगी, उससे ही लिया गया है। इसे देखकर ऐसा लग रहा कि वो किसी मीटिंग की तैयारी में हैं। एक सोर्स ने कहा, यह रश्मिका मंदाना का सिर्फ नया लुक नहीं है। यह एक बोल्ड स्टेटमेंट है, जिसे हर किसी को अपनाना चाहिए। इसमें कुछ खास बात है। आपको किसी बड़ी घोषणा का इंतजार करना चाहिए, जो उनके लेटेस्ट प्रोजेक्ट से जुड़ी हो सकती है। वर्क फ्रंट की बात करें तो एनिमल फेम एक्ट्रेस की आने वाली फिल्म द गर्लफ्रेंड 5 सितंबर को रिलीज होगी। इसे राहुल रविंद्रन ने डायरेक्ट किया है। इसमें दीक्षित शेट्टी लीड रोल में हैं। इसके अलावा, एक्ट्रेस के पास थामा भी है। इसमें वो आयुष्मान खुराना के अपोजिट दिखाई देंगी। इसे मुंज्या फेम आदित्य सरपोतदार डायरेक्ट करेंगे। इसमें एक इतिहासकार की कहानी होगी, जो पुरानी पांडुलिपियों से एक वैंपायर के रहस्य को उजागर करता है। इसके साथ ही रश्मिका एक इमोशनल एक्शन-थ्रिलर मायसा में भी दिखाई देंगी, जिसमें वो गोंड समुदाय की महिला का रोल प्ले करेंगी। इस फिल्म को रविंद्र पुले डायरेक्ट करेंगे। फिल्म के प्रोड्यूसर अजय और अनिल होंगे।



## अनुराग कश्यप की निशानची का ट्रेलर रिलीज, दोहरी भूमिका में दिखे ऐश्वर्या ठाकरे



फिल्म निर्माता अनुराग कश्यप अपनी फिल्म निशानची से धमाकेदार वापसी कर रहे हैं। अपनी फिल्म में वह इस बार महाराष्ट्र के सबसे प्रभावशाली परिवारों में से एक से एक नए कलाकार को पेश कर रहे हैं। यह कोई और नहीं बल्कि बाल ठाकरे के पोते ऐश्वर्या ठाकरे हैं। फिल्म में वह डबल रोल में नजर आएंगे। आज शुक्रवार को फिल्म निशानची का टीजर रिलीज किया गया है। इसमें भरपूर मसाला, इमोशंस और ड्रामा है।

### क्या होगी फिल्म की कहानी?

निशानची में दो भाइयों के बीच के जटिल और अशांत संबंधों के बारे में दिखाया गया है। दोनों की जिंदगी नाटकीय रूप से अलग-अलग मोड़ लेती है। दोनों अलग-अलग रास्ते पर निकल पड़ते हैं। टीजर में देसी अंदाज देखने को मिल रहा है। इसमें बंदूक, गोली, रोमांस और एक्शन है।

### टीजर में क्या है खास?

टीजर की शुरुआत कुछ इस तरह से होती है कि एक व्यक्ति कहता है कि बिना बॉलीवुड, काउनों जिंदगी कैसे जिए? इसके बाद टीजर में म्यूजिक, डांस और एक्शन दिखता है। टीजर में एश्वर्या ठाकरे बब्लू के किरदार में नजर आते हैं। वह अपने स्टाइल और अलग एटीट्यूड में रहते हैं। फिल्म में वेदिका पिंटो भी नजर आती हैं। वेदिका पिंटो ऐश्वर्या ठाकरे के साथ कदम से कदम मिलाकर चलती है। दोनों की केमिस्ट्री को बहुत अच्छे अंदाज में दिखाया गया है।

### टीजर में नजर आए कई कलाकार

इसके बाद टीजर में डब्लू की एंट्री होती है। बब्लू जितना बिगडैल है, डब्लू उतना ही संस्कारी है। इनके अलावा टीजर में मोहम्मद जीशान अय्यूब नजर आते हैं। कुमुद मिश्रा भी बेहतरीन अदाकारी कर रहे हैं। निशानची पूरे भारत के सिनेमाघरों में 19 सितंबर को रिलीज होगी।



## ओटीटी पर आ रही मनोज बाजपेयी की फिल्म इंस्पेक्टर जेंडे साथ में नजर आएंगे जिम सर्भ

मनोज बाजपेयी इन दिनों अपनी मशहूर वेब सीरीज द फैमिली मैन 3 को लेकर चर्चा में हैं। वह इस पर काम कर रहे हैं। इससे पहले गुरुवार को उनकी एक नई फिल्म इंस्पेक्टर जेंडे का पहला पोस्टर जारी किया गया है। फिल्म में मनोज बाजपेयी के साथ जिम सर्भ अहम किरदार में नजर आएंगे।

नेटफ्लिक्स ने गुरुवार को नई फिल्म का पोस्टर जारी करते हुए इंस्टाग्राम पोस्ट में लिखा है चोर-पुलिस का खेल अब शुरू होगा। इंस्पेक्टर जेंडे ड्यूटी पर आ रहे हैं। इंस्पेक्टर जेंडे में मनोज बाजपेयी और जिम सर्भ हैं। यह 5 सितंबर को नेटफ्लिक्स पर रिलीज हो रही है। फिल्म का पोस्टर अखबार की तरह है। इसमें मनोज बाजपेयी और जिम सर्भ का फोटो बना है।


खबरों के मुताबिक इस फिल्म की कहानी 70-80 के दशक की मुंबई की कहानी हो सकती है। पोस्टर में दिख रहे फिल्म के टाइटल के नीचे लिखा है क्या इंस्पेक्टर स्विमसूट किलर को पकड़ पाएंगे? पोस्ट देखकर लगता है कि फिल्म की कहानी स्विमसूट किलर पर आधारित होगी। यह अपराधी तिहाड़ जेल से भाग गया था। इंस्पेक्टर जेंडे एक पुलिस अधिकारी थे, जो उसे पकड़ना चाहते थे।

### इंस्पेक्टर जेंडे के बारे में

खबरों की मानें तो फिल्म में मनोज बाजपेयी इंस्पेक्टर का रोल निभाएंगे तो वहीं जिम सर्भ स्विमसूट किलर के तौर पर नजर आएंगे। इसमें भालचंद्र कदम, सचिन खेडेकर, गिरिजा ओक और हरीश दुधाड़े होंगे। फिल्म के निर्माता ओम राउत हैं। उन्होंने कहा इंस्पेक्टर जेंडे की कहानी देखने और जश्न मनाने लायक है। यह नेटफ्लिक्स ऑरिजनल फिल्म है। 5 सितंबर को फिल्म ओटीट पर ही रिलीज होगी।



## हिमेश रेशमिया का नाम ब्लूमबर्ग पॉप पावर लिस्ट में शामिल



म्यूजिक कंपोजर और सिंगर हिमेश रेशमिया ब्लूमबर्ग की पॉप पावर लिस्ट में शामिल होने वाले एकमात्र भारतीय कलाकार बन गए हैं। 7 अगस्त को जारी इस लिस्ट में दुनिया के सबसे प्रभावशाली पॉप स्टार्स की रैंकिंग शामिल है। लिस्ट में पोस्ट मेलोन, ब्रूनो मार्स और बेयोंसे टॉप पर हैं, जबकि हिमेश 22वें नंबर पर हैं। इस लिस्ट में बिली इलिश, सबरीना कारपेंटर, जे-होप, कोल्डप्ले, एड शीरन, बैड बनी, लेडी गागा, कैटसेये और शकीरा जैसे नाम भी शामिल हैं। ब्लूमबर्ग के अनुसार, इस ग्लोबल रैंकिंग को तैयार करने के लिए दुनिया भर से लगभग एक लाख 20 हजार लोगों ने अप्लाई किया था। फिर इस पूरी प्रक्रिया में फैंझस भी शामिल हुए और अपने पंसदीदा पॉप स्टार्स को वोट दे लिस्ट में आगे बढ़ाया। इस अचीव्मेंट पर अब एक्स और इंस्टाग्राम दोनों ही जगह फैंस हिमेश पर खूब प्यार लुटा रहे हैं। एक्स पर एक फैन ने लिखा- भारतीय सुपरहिट मशीन, वन एंड ओनली मिस्टर हिमेश रेशमिया। वहीं, एक दूसरे फैन ने लिखा- यह हम सभी के लिए गर्व का पल है। एक ने कहा-आशिक बनाया आपने से लेकर ग्लोबल चार्ट तक, क्या सफर रहा। बधाई हो!




# हरदीप पुरी बोले- भारत ऊर्जा क्षेत्र में आत्मनिर्भरता की ओर बढ़ रहा


## लेकिन आयात अब भी महत्वपूर्ण



**नई दिल्ली, एजेंसी।** केंद्रीय पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने शुक्रवार को स्वच्छ ऊर्जा और घरेलू ईंधन उत्पादन में भारत की प्रगति के बारे में बात की। उन्होंने स्वीकार किया कि देश अब भी अपनी बढ़ती ऊर्जा जरूरतों को पूरा करने के लिए आयात पर बहुत अधिक निर्भर है। पेट्रोलियम मंत्री ने जैव ऊर्जा और प्राकृतिक गैस क्षेत्र की प्रगति पर कहा, हमारे पास पहले से ही 113 संपीड़ित बायोगैस (सीबीजी) संयंत्र कार्यरत हैं और 73 निर्माणाधीन हैं। मंत्री ने यहां राष्ट्रीय राजधानी में पायनियर बायोफ्यूल्स 360 शिखर सम्मेलन के अवसर पर संवाददाताओं से कहा, यदि आप बाजार में आने वाले कार मॉडलों को देखें, तो पाएंगे कि उनमें से कई नए मॉडल सीएनजी-संगत हैं। इसलिए यह एक सफलता की कहानी है। पुरी ने ऊर्जा पहुंच में प्रगति के एक अन्य उदाहरण के रूप में भारत के लिक्विफाइड पेट्रोलियम गैस (एलपीजी) वितरण की ओर इशारा किया। उन्होंने कहा, आज हम सभी आंकड़ों से उलट चल रहे हैं। देश में 33.5 करोड़ एलपीजी कनेक्शन हैं, जिनमें उज्ज्वला योजना के तहत 10.5 करोड़ कनेक्शन शामिल हैं, फिर भी हम अपनी जरूरत का लगभग 60 प्रतिशत एलपीजी आयात करते हैं। आयात पर निर्भरता को स्वीकार करते हुए, पुरी ने दोहराया कि देश घरेलू उत्पादन बढ़ाने के लिए निर्णायक कदम उठा रहा है। उन्होंने कहा, हमारी रिफाइनरियां अधिक उत्पादन करने जा रही हैं। हम अन्वेषण और उत्पादन (ईएंडपी) में और अधिक काम करने जा रहे हैं। प्राकृतिक गैस के बारे मंत्री पुरी ने कहा कि घरेलू उत्पादन में अच्छी वृद्धि देखी जा रही है। उन्होंने कहा, हां, हमारा उत्पादन प्रति वर्ष 18 प्रतिशत की दर से बढ़ रहा है, लेकिन फिर भी हम अब भी लगभग 50 प्रतिशत आयात कर रहे हैं। मंत्री पुरी ने आत्मनिर्भर भारत के प्रति देश की प्रतिबद्धता पर जोर दिया।

# देसी में है दम... तभी तो यह शख्स कर रहा करोड़ों रुपये की कमाई

**नई दिल्ली, एजेंसी।** कौन कहता है कि देसी चीजों में दम नहीं है एक बार आप उसे करिए तो सही, पैसा आना अपने आप शुरू हो जाता है। ऐसा ही कुछ किया है कोयंबटूर के रहने वाले चार्टर्ड अकाउंटेंट विकास कुमार ने। विकास कुमार केमिकल फ्री स्विमिंग पूल बनाते हैं। इसके जरिए वह आज करोड़ों रुपये की कमाई कर रहे हैं। विकास कुमार अपने छोटे बेटे के लिए केमिकल-फ्री स्विमिंग पूल खोज रहे थे। उन्होंने देखा कि शहर के ज्यादातर पूल में क्लोरीन होता है। क्लोरीन त्वचा, बालों और फेफड़ों के लिए हानिकारक होता है। विकास को अपने बचपन के गांव के नेचुरल



तालाबों से प्रेरणा मिली। उन्होंने बिना सीमेंट और केमिकल के नेचुरल चीजों से स्विमिंग पूल बनाने का फैसला किया।

**कैसे लिया फैसला-** विकास ने एक इंटरव्यू में कहा, मैं नहीं चाहता था कि मेरा बेटा हर बार तैरने के बाद चश्मा पहने, उसकी आंखें लाल हों और उसमें से ब्लीच की गंध आए। इसलिए विकास ने साधारण पूल से अलग कुछ करने का सोचा। उन्होंने तमिलनाडु के पोल्लाची में अपने फार्महाउस पर बिना सीमेंट, क्लोरीन या सिंथेटिक चीजों का इस्तेमाल किए नेचुरल, सेल्फ-क्लीनिंग स्विमिंग तालाब बनाया।

## कंपनी बनाकर शुरू किया काम

सीए होने के बावजूद विकास को रिस्क पता थे। लेकिन उन्हें पर्यावरण और आर्थिक दोनों तरह से यह सही लगा। उन्होंने बायोस्फीयर नाम से एक कंपनी शुरू की। यह कंपनी इंडियन क्लाइमेट, मटेरियल और लाइफस्टाइल के हिसाब से बायो स्विमिंग पूल डिजाइन और बनाती है। उनके पूल पूरी तरह से नेचुरल और लोकल मटेरियल से बने होते हैं। एक कम एनर्जी वाला पंप हर समय चलता रहता है। यह पानी को बजरी, जलीय पौधों और फायदेमंद बैक्टीरिया की परतों से होकर गुजारता है। ये बैक्टीरिया और पौधे नेचुरल फिल्टर की तरह काम करते हैं। वे पानी से गंदगी निकालते हैं और उसे बैलेंस रखते हैं। इसके लिए किसी भी तरह के केमिकल या हर साल पानी बदलने की जरूरत नहीं होती है।

**कितनी हो रही कमाई-** आज बायोस्फीयर सिर्फ एक आदमी की कंपनी नहीं है। यह एक बढ़ता हुआ बिजनेस है। यह पूरे भारत में इको-फ्रेंडली घर मालिकों, रिसॉर्ट और फार्महाउस को सर्विस देता है। एक नेचुरल स्विमिंग तालाब बनाने में लगभग 45 दिन लगते हैं। इसे कस्टमाइज भी किया जा सकता है। इसमें कोई तालाब, झरने और नेचुरल स्ट्रीम भी बनाए जा सकते हैं। इन पूल को ज्यादा मेंटेनेंस की जरूरत नहीं होती है। इनमें कंक्रीट या प्लास्टिक का इस्तेमाल नहीं होता है।

# रूस से खरीद बंद होने पर दुनिया में 10 फीसदी बढ़ेंगे क्रूड के दाम

- यहीं से हो रहा 10 प्रतिशत कच्चा तेल आपूर्ति

**नई दिल्ली, एजेंसी।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के उच्च टैरिफ के दबाव में आकर अगर सभी देशों ने रूस से कच्चे तेल की खरीदारी बंद कर दी, तो इससे वैश्विक स्तर पर क्रूड के दाम 10 फीसदी बढ़ जाएंगे। एसबीआई ने शुक्रवार को जारी एक रिपोर्ट में कहा, कच्चे



तेल की वैश्विक आपूर्ति में रूस की हिस्सेदारी करीब 10 फीसदी है। रूस से तेल खरीदारी बंद करने पर दुनियाभर में क्रूड की कीमतें तेजी से बढ़ेंगी। ऐसा तब तक होगा, जब तक कोई अन्य तेल उत्पादक देश इस कमी को पूरा करने के लिए आगे न आए। रिपोर्ट में कहा गया है कि कच्चे तेल की कीमतों में वृद्धि से न सिर्फ देशों का आयात बिल बढ़ेगा, बल्कि लागत और महंगाई के मोर्चे पर भी चुनौतियों का सामना करना होगा। कुल मिलाकर, अनिश्चितताओं और अस्थिरता के इस दौर में इन सबका नकारात्मक असर वैश्विक जीडीपी की वृद्धि दर पर पड़ेगा।

# भारत किसी के आगे नहीं झुकेगा

## टैरिफ पर अमेरिका के साथ बढ़ रहे तनाव पर बोले केंद्रीय मंत्री

**नई दिल्ली, एजेंसी।** अमेरिका की ओर से 50 प्रतिशत टैरिफ लगाने के एलान के बाद बढ़ते तनाव के बीच केंद्रीय वाणिज्य मंत्री ने पीयूष गोयल ने भारत का स्टैंड साफ किया है। केंद्रीय मंत्री ने एक कार्यक्रम के दौरान बोलते हुए कहा कि भारत किसी के आगे नहीं झुकेगा।

वैश्विक व्यापार समूहों के साथ भारत के भविष्य के जुड़ाव के बारे में पूछे जाने पर गोयल ने कहा कि आज देश बहुत अधिक मजबूत और आत्मविश्वास से भरा हुआ है। यह सालाना साढ़े छह प्रतिशत की दर से बढ़ रहा है और इसमें तेजी आने की संभावना है।

केंद्रीय मंत्री इस विचार को नकारते हुए कि दुनिया विभूमंडलीकरण का सामना कर रही है, तर्क दिया कि देश अब अपने लिए व्यापार मार्गों और साझेदारों को नए सिरे से परिभाषित कर रहे हैं। उन्होंने कहा, मुझे पूरा विश्वास है कि भारत इस साल पिछले साल की तुलना में ज्यादा निर्यात करेगा। उन्होंने आगे कहा कि व्यापार बाधाओं से निपटने के लिए पहले से ही उपाय किए जा रहे हैं।

भविष्य के मुक्त व्यापार समझौतों पर, गोयल ने कहा कि भारत का दृष्टिकोण केवल शुल्क रियायतों की मांग से आगे बढ़ चुका है। चार देशों के ईएफटीए समूह के साथ हुई बातचीत को याद करते हुए, उन्होंने उनसे कहा, हम 4 ट्रिलियन



अमेरिकी डॉलर की और दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ती बड़ी अर्थव्यवस्था हैं। हमारे पास युवाओं की शक्ति है, जबकि आपकी आबादी बूढ़ी होती जा रही है। उन्होंने कहा कि ईएफटीए के सदस्य देश भारत में 100 अरब अमेरिकी डॉलर का निवेश करने पर सहमत हुए हैं, जिससे 10 लाख प्रत्यक्ष रोज़गार और कुल मिलाकर लगभग 50 लाख नौकरियाँ पैदा होंगी। उन्होंने आगे कहा, 1 अक्तूबर से ईएफटीए समझौता लागू हो जाएगा और इसके लाभ दिखाई देने लगेंगे।

गोयल ने भारतीय अर्थव्यवस्था को मृत कहने के लिए कांग्रेस सांसद की भी आलोचना की और कहा कि देश कांग्रेस के उत्तराधिकारी को कभी नहीं भूलेगा। उन्होंने कहा, विपक्ष के नेता की ओर से नकारात्मक कहानी को दोहराना शर्म की बात है। मैं इसके लिए उनकी निंदा करता हूं और स्पष्ट रूप से कहूं तो, देश राहुल गांधी को भारत की ओर से दुनिया के सामने रखी जा रही इन अपमानजनक टिप्पणियों के लिए कभी माफ नहीं करेगा।

भारत की आर्थिक मजबूती के बारे में बताते हुए गोयल ने कहा कि देश की मुद्रा, विदेशी मुद्रा भंडार, शेयर बाजार और बुनियादी बातें मजबूत बनी हुई हैं और महंगाई अन्य उभरती अर्थव्यवस्थाओं की तुलना में दुनिया में सबसे कम है। गोयल ने कहा, पूरी दुनिया हमें सबसे तेजी से बढ़ती बड़ी अर्थव्यवस्था के रूप में मानती है, जो वैश्विक विकास में 16 प्रतिशत का योगदान दे रही है। उन्होंने कहा कि भारत के 1.4 अरब युवा, कुशल और महत्वाकांक्षी नागरिक वैश्विक साझेदारों के लिए एक शक्तिशाली आकर्षण हैं।

उन्होंने वर्ष 2000 के बाद से भारत में हुए बदलावों का भी जिक्र किया और हजारों नौकरियां पैदा करने का श्रेय आईटी उद्योग को दिया। केंद्रीय मंत्री ने याद दिलाया कि कैसे देश ने कोविड-19 संकट को एक अवसर में बदल दिया।

# सैमसंग सॉल्व फॉर टुमॉरो में भाग लेने का अंतिम मौका

## आपका आइडिया बन सकता है अगला बड़ा समाधान




**गुरुग्राम, एजेंसी।** दिल्ली की गलियों से लेकर कोल्हापुर की कक्षाओं तक, हजारों छात्रों ने एक साहसी विश्वास के साथ कदम बढ़ाया है — मैं कल के लिए समाधान खोज सकता हूं। अब, जैसे ही सैमसंग सॉल्व फॉर टुमॉरो रोडशो अपने अंतिम चरण में पहुंच रहा है, भारत के युवा चेंजमेकर्स के लिए अपने आइडियाज़ को हकीकत में बदलने की उलटी गिनती शुरू हो चुकी है। 30 जून 2025 इस राष्ट्रीय नवाचार प्रतियोगितासैमसंग सॉल्व फॉर टुमॉरो में आवेदन करने का आखिरी दिन है। यह चैलेंज 14 से 22 वर्ष की उम्र के युवाओं के लिए है, जिसने पूरे देश में एक नई सोच और बदलाव की लहर पैदा की है। 29 अप्रैल 2025 को शुरू हुए इस कार्यक्रम के तहत छात्रों को मिलते हैं — डिज़ाइन थिंकिंग टूल्स, सैमसंग और आईआईटीदिल्लीके विशेषज्ञों से मेंटरशिप, निवेशकों से संपर्क के अवसर, प्रोटोटाइप बनाने की सहायता और 1 करोड़ रुपये जीतने का मौका।

## विदेशी मुद्रा भंडार 9.32 अरब डॉलर घटकर 688.87 अरब डॉलर पर, रिजर्व बैंक ने जारी किए आंकड़े

**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारत का विदेशी मुद्रा भंडार एक अगस्त को समाप्त होने वाले हफ्ते के दौरान 9.322 अरब डॉलर कम होकर 688.871 अरब डॉलर रह गया। यह हाल के दिनों में हुई सबसे बड़ी गिरावटों में से एक है। आरबीआई ने शुक्रवार को फॉरेक्स रिजर्व से जुड़े आंकड़े जारी किए। भारतीय रिजर्व बैंक की ओर से जारी आंकड़ों के अनुसार पिछले रिपोर्टिंग सप्ताह में समग्र विदेशी मुद्रा भंडार 2.703 बिलियन डॉलर बढ़कर 698.192 बिलियन डॉलर हो गया था। केंद्रीय बैंक ने अपने आंकड़ों में बताया कि एक अगस्त को समाप्त सप्ताह में विदेशी मुद्रा भंडार का प्रमुख घटक विदेशी मुद्रा आस्तियां 7.319 अरब डॉलर घटकर 581.607 अरब डॉलर रह गईं। डॉलर के संदर्भ में व्यक्त विदेशी मुद्रा परिसंपत्तियों में विदेशी मुद्रा भंडार में रखे गए यूरो, पाउंड और येन जैसी गैर-अमेरिकी इकाइयों की मूल्यवृद्धि या मूल्यह्रास का प्रभाव शामिल होता है। आरबीआई ने कहा कि सप्ताह के दौरान स्वर्ण भंडार 1.706 अरब डॉलर घटकर 83.998 अरब डॉलर रह गया। शीर्ष बैंक ने कहा कि विशेष आहरण अधिकार (एसडीआर) 237 मिलियन अमरीकी डॉलर घटकर 18.572 बिलियन अमरीकी डॉलर रह गए। आरबीआई के आंकड़ों के अनुसार, समीक्षाधीन सप्ताह में आईएमएफ में भारत की आरक्षित स्थिति भी 59 मिलियन अमेरिकी डॉलर घटकर 4.694 बिलियन अमेरिकी डॉलर रह गई।

## ट्रंप पर पनगढ़िया का कटाक्ष

# लाशें चलती ही होंगी.. तभी 7 प्रतिशत की दर से बढ़ रही अर्थव्यवस्था

**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारतीय अर्थशास्त्री अरविंद पनगढ़िया ने अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के मृत अर्थव्यवस्था वाले कटाक्ष पर कहा कि भारत की अर्थव्यवस्था 7 प्रतिशत की दर से बढ़ रही है। डॉलर के संदर्भ में तो यह इससे भी अधिक है। ट्रंप के बयान पर तो यही कहा जा सकता है कि हो सकता है लाशें चलती हों। 16वें वित्त आयोग के अध्यक्ष पनगढ़िया ने शुक्रवार को कहा, यदि अर्थव्यवस्था मृत है तो आप 7 प्रतिशत से अधिक की दर से विकास नहीं कर सकते। मुझे नहीं पता कि इस परिभाषा का क्या अर्थ है। ट्रंप ने 31 जुलाई को सोशल मीडिया पोस्ट में कहा था, मुझे इसकी परवाह नहीं कि भारत रूस के साथ क्या करता है। वे मिलकर अपनी मृत अर्थव्यवस्थाओं को नीचे गिरा सकते हैं, मुझे इससे कोई फर्क नहीं पड़ता। पनगढ़िया ने कहा, भारत को यूरोपीय संघ के साथ मुक्त व्यापार समझौते को आक्रामक तरीके से आगे बढ़ाना चाहिए। भूमि और श्रम बाजार सुधारों को आगे बढ़ाना चाहिए। विकास की गति तेज करने के लिए नियमों में ढील देना चाहिए। निर्यात पर उच्च शुल्क के बाद निर्णायक मोड़ का सामना कर रहे भारत को सुधार एजेंडे पर तेजी लानी चाहिए।

**एक बाजार बंद होने पर हमें दूसरे को खोलने की जरूरत-** पनगढ़िया ने कहा, एक बाजार लगभग बंद होता दिख रहा है। इसलिए हमें दूसरे बाजार को बड़े पैमाने पर खोलने की जरूरत है।

# कहीं अमेरिका पर ही भारी न पड़ जाए टैरिफ

## विश्लेषकों की राय, ट्रंप के रवैये से बढ़ सकती हैं मुश्किलें



**वाशिंगटन/लंदन, एजेंसी।** रूसी तेल खरीदने वाले देशों पर जुर्माने से लेकर दर्द निवारक दवा का बेजा इस्तेमाल रोकने के लिए फेंटेनाइल के आयात पर रोक लगाने तक, अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने टैरिफ को अपनी विदेश नीति का पसंदीदा हथियार बना लिया है। भारी-भरकम टैरिफ लगातार दुनियाभर के बाजारों में हलचल मचा देने वाले ट्रंप अब इसी के बलबूते रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन को घुटनों पर लाने की कोशिश में जुटे हैं। हालांकि, विश्लेषकों का मानना है कि इससे पुतिन के तेवरों में कोई कमी आने के आसार नहीं हैं। ट्रंप ने रूस को धमकाने के लिए एकदम नायाब तरीका निकाला है। उन्होंने रूस से कहा है कि या तो वह एक दिन के भीतर यूक्रेन के साथ जंग रोके या फिर उसका तेल खरीदने वाले देशों पर द्वितीयक टैरिफ के तौर पर जुर्माना लगाए जाने के लिए तैयार रहे। ट्रंप का मानना है कि द्वितीयक शुल्क (भारत पर अतिरिक्त 25 प्रतिशत टैरिफ की तरह) से बचने के लिए संबंधित देश रूस से कच्चा तेल आयात करना बंद कर देंगे। इससे एक प्रमुख वित्तीय स्रोत बंद होने से रूस के लिए जंग लड़ना मुश्किल हो जाएगा।

## एक साल में 93.21 फीसदी बढ़ी इलेक्ट्रिक कारों की बिक्री

# ई-दोपहिया वाहनों में गिरावट

**नई दिल्ली, एजेंसी।** नीतिगत समर्थन और चार्जिंग बुनियादी ढांचे में सुधार से इलेक्ट्रिक यात्री वाहनों (ई-कारों) की खुदरा बिक्री जुलाई, 2025 में सालाना आधार पर 93.21 फीसदी बढ़कर 15,528 इकाई पहुंच गई। एक साल पहले की समान अवधि में 8,037 ई-यात्री वाहन बिके थे। कुल बिक्री में टाटा मोटर्स का योगदान सर्वाधिक रहा।

फेडरेशन ऑफ ऑटोमोबाइल डीलर्स एसोसिएशन (फाडा) के शुक्रवार को जारी आंकड़ों के मुताबिक, 6,047 ई-यात्री वाहनों की बिक्री के साथ टाटा मोटर्स सबसे आगे रही। यह संख्या जुलाई, 2024 में बेचे गए 5,100 इकाइयों से 18.57 फीसदी अधिक है। दूसरे स्थान पर काबिज एमजी मोटर इंडिया ने 5,089 ई-यात्री वाहन बिके, जो सालाना आधार पर 214.91 फीसदी की वृद्धि है।



- **ई-वाणिज्यिक वाहनों की खुदरा बिक्री-** ई-तिपहिया वाहनों की बिक्री 9 फीसदी बढ़कर 69,146 इकाई पहुंच गई। एक साल पहले की समान अवधि में 63,675 ई-तिपहिया वाहन बिके थे। महिंद्रा समूह 9,766 इकाइयों के पंजीकरण के साथ इस क्षेत्र में अग्रणी रहा।
- **बाजार हिस्सा बढ़ा, त्योहारों में अच्छी बिक्री की उम्मीद-** बिक्री बढ़ने से ई-वाहनों की बाजार हिस्सेदारी में भी तेजी देखने को मिली है। ई-यात्री वाहनों की बाजार हिस्सेदारी जुलाई में बढ़कर 4.7 फीसदी पहुंच गई, जो जुलाई, 2024 में 2.4 फीसदी रही थी। ई-दोपहिया वाहनों की बाजार हिस्सेदारी 7.4 फीसदी से बढ़कर 7.5 फीसदी, ई-तिपहिया की 57.6 फीसदी से बढ़कर 62.1 फीसदी और ई-वाणिज्यिक वाहनों की हिस्सेदारी 1.07 फीसदी से बढ़कर 1.63 फीसदी पहुंच गई।

# क्रिकेटरों ने मनाया रक्षाबंधन पर्व



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** देशभर में रक्षाबंधन का त्योहार बड़े हर्ष और उल्लास के साथ मनाया गया। क्रिकेट जगत के सितारे भी पीछे नहीं हैं। सूर्यकुमार यादव, श्रेयस अय्यर और आकाश दीप जैसे भारतीय खिलाड़ी भी इस पावन पर्व को बड़े ही धूम-धाम से मना रहे थे।





# न्यूजीलैंड की टेस्ट इतिहास में तीसरी सबसे बड़ी जीत

## जिम्बाब्वे को पारी और 359 रन से हराया; डेवोन कॉन्वे प्लेयर ऑफ द मैच बने

**बुलवायो (एजेंसी)।** न्यूजीलैंड ने टेस्ट इतिहास की तीसरी सबसे बड़ी जीत अपने नाम कर ली। टीम ने दूसरे टेस्ट में जिम्बाब्वे को एक पारी और 359 रन से हरा दिया। इसी के साथ सीरीज 2-0 से कीवियों के नाम रही। शनिवार को बुलवायो में जिम्बाब्वे अपनी दूसरी पारी में मात्र 28.1 ओवर में 117 रन बनाकर ऑलआउट हो गई।

डेब्यू कर रहे जकरी फॉल्क्स ने मैच में 9 विकेट लिए और टीम को सबसे बड़ी टेस्ट जीत दिलाई। शुक्रवार को न्यूजीलैंड ने 476 रन की बढ़त के बाद ओवर नाइट पारी घोषित कर दी। टीम ने (रचिन रवींद्र 165*, डेवोन कॉन्वे 153 और हेनरी निकोल्स 150*) की बदौलत 3 विकेट खोकर 601 रन बनाए। जिम्बाब्वे ने लगातार अपना छठा टेस्ट गंवाया और इस सीरीज की सभी चार पारियों में 170 से कम रन बनाए।

न्यूजीलैंड का जिम्बाब्वे दौरा अजेय रहा। उन्होंने टी-20 ट्राई-सीरीज के सभी मैच, फाइनल और दोनों टेस्ट जीते।

### न्यूजीलैंड की सबसे बड़ी जीत

न्यूजीलैंड ने टेस्ट इतिहास में अपनी सबसे बड़ी जीत दर्ज की। इससे पहले 2012 में कीवियों ने नेपियर में जिम्बाब्वे को ही इनिंग और 301 रन से हराया था।

### जिम्बाब्वे की पहली पारी 125 रन पर सिमटी

जिम्बाब्वे ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया था। पूरी टीम 125 रन पर ऑलआउट हो गई। मैट हेनरी ने सबसे ज्यादा 5 विकेट लिए। फॉल्क्स के खाते में 4 विकेट आए। जवाब में डेवोन कॉन्वे (153 रन), हेनरी निकोल्स (150* रन) और रचिन



रविंद्र (165* रन) की पारियों से 601 रन बनाए और पारी घोषित कर दी। जिम्बाब्वे का कोई भी गेंदबाज अपनी छाप नहीं छोड़ पाया। जिम्बाब्वे की दूसरी पारी 117 ओवर में ही समाप्त हो गई।ब्रैंडन टेलर 42 महीने बैन के बाद टेस्ट खेलने उतरे। उन्होंने जिम्बाब्वे के लिए ओपनिंग बल्लेबाजी की।

### हेनरी ने टेस्ट में छठी बार 5 विकेट हॉल लिया

हेनरी ने 15 ओवर गेंदबाजी की, जिसमें 40 रन देते हुए ये 5 विकेट चटकाए। यह उनके टेस्ट करियर का छठा 5 विकेट हॉल रहा। इसके साथ-साथ उन्होंने दूसरी बार इस टीम के विरुद्ध 5 या अधिक विकेट लेने में सफलता हासिल की। यह सीरीज में उनका दूसरा 5 विकेट हॉल था। पहले टेस्ट में उन्होंने कुल 9 विकेट (6/39 और 3/51) हासिल किए थे। दूसरी पारी में हेनरी ने 16 रन देकर 2 विकेट लिए। हेनरी सीरीज में 16 विकेट लेने की वजह से प्लेयर ऑफ द सीरीज भी बने।

### रचिन का तीसरा शतक

रचिन रवींद्र ने न्यूजीलैंड की पहली पारी में 139 गेंदों का सामना किया और 165 रन बनाए। उनके बल्ले से 21 चौके और 2 छक्के निकले। ये उनके टेस्ट करियर का तीसरा और जिम्बाब्वे के खिलाफ पहला शतक रहा। उन्होंने अब तक 17 टेस्ट मैच खेले हैं और इसकी 32 पारियों में 42.20 की औसत से 1,224 रन बनाए हैं। उनका सर्वश्रेष्ठ स्कोर 240 रन रहा है। उन्होंने यह पारी साउथ अफ्रीका के खिलाफ खेली थी।

### हेनरी निकोल्स के बल्ले से निकला 10वां शतक

निकोल्स ने 245 गेंदों का सामना किया और 150 रन बनाए। उनके बल्ले से 15 चौके निकले। ये उनके टेस्ट करियर का 10वां और जिम्बाब्वे के खिलाफ पहला शतक रहा। रविंद्र और निकोल्स के बीच 285 गेंदों में नाबाद 256 रन की साझेदारी हुई। अब तक इस खिलाड़ी ने 58 टेस्ट मैच खेले हैं और इसकी 90 पारियों में 39.02 की औसत से 3,161 रन बनाए हैं। उनका सर्वश्रेष्ठ स्कोर 200* रन रहा है।

### कॉन्वे के 2 हजार रन पूरे

कॉन्वे ने इसी टेस्ट में अपने करियर के 2000 रन पूरे किए और करीब ढाई साल बाद पांचवां शतक लगाया। उन्होंने 153 रन बनाए। जिम्बाब्वे के लिए शुक्रवार का दिन बेहद कठिन रहा। उनके तीन गेंदबाज ब्लेसिंग मुजरबानी, ट्रेवर ग्वांडू और विन्सेंट मसकेसा सभी ने 100 से ज्यादा रन खर्च किए। यही तीनों इस मैच में अब तक विकेट लेने वाले गेंदबाज भी रहे, हालांकि ग्वांडू का विकेट पहले दिन आया था।

### निकोल्स और रवींद्र के बीच 256 रन की नाबाद साझेदारी हुई

मिडिल ऑर्डर बल्लेबाज हेनरी निकोल्स और रचिन रवींद्र ने चौथे विकेट के लिए 256 रन की नाबाद साझेदारी कर डाली। दोनों ने शतक लगा दिए और जिम्बाब्वे? के बॉलर्स की बॉल पर मैदान के चारों तरफ शॉट लगाए।निकोल्स 245 बॉल पर 150 रन बनाकर नाबाद लौटे। पारी में हेनरी ने 15 चौके लगाए।

# कोहली ने इंटरनेशनल क्रिकेट में वापसी की तैयारी शुरू की



**लंदन (एजेंसी)।** दिग्गज भारतीय बल्लेबाज विराट कोहली ने 5 महीने के बाद इंटरनेशनल क्रिकेट में वापसी की तैयारी शुरू कर दी है। वे लंदन में गुजरात टाइटंस के असिस्टेंट कोच नईम अमीन से ट्रेनिंग ले रहे हैं। कोहली अक्टूबर में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ 3 वनडे सीरीज के मैच खेलेंगे।36 साल के भारतीय बल्लेबाज ने शुक्रवार को इंस्टाग्राम स्टोरी पर अपनी प्रैक्टिस का फोटो पोस्ट किया, जिसमें वे नईम अमीन के साथ दिख रहे हैं। नईम के हाथ में कोहली का बल्ला भी है। विराट ने लिखा- तैयारी में मदद करने के लिए शुक्रिया भाई। आपको देखकर हमेशा अच्छा लगता है। विराट कोहली ने 9 मार्च 2025 के बाद से इंटरनेशनल क्रिकेट नहीं खेला है। आखिरी बार वे न्यूजीलैंड के खिलाफ चैंपियंस ट्रॉफी के फाइनल में उतरे थे। उस मुकाबले को भारतीय टीम ने 4 विकेट से जीता था। विराट कोहली अक्टूबर महीने में इंटरनेशनल क्रिकेट खेलते दिखेंगे। वे ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ 3 वनडे मैचों की सीरीज में हिस्सा लेंगे। टीम इंडिया यह सीरीज 19 से 25 अक्टूबर के बीच खेलेगी। इस दौरे पर 5 टी-20 मैच भी खेले जाएंगे, लेकिन विराट कोहली टी-20 मैचों का हिस्सा नहीं होंगे।

# बेंगलुरु में देश का दूसरा सबसे बड़ा क्रिकेट स्टेडियम बनेगा



**बेंगलुरु (एजेंसी)।** कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्धारमैया ने बेंगलुरु के पास नया क्रिकेट स्टेडियम बनवाने की घोषणा की है। इस स्टेडियम में एक साथ 80 हजार दर्शक मैच देख सकेंगे। यह दर्शक क्षमता के हिसाब से अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम के बाद देश का दूसरा सबसे बड़ा क्रिकेट स्टेडियम होगा। सिद्धारमैया ने कर्नाटक हाउसिंग बोर्ड के सूर्या सिटी, बोम्मासंद्रा में स्टेडियम के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी है। इसे 1650 करोड़ रुपए की लागत से बनाया जाएगा। नया स्टेडियम पहले से मौजूद एम चिन्नास्वामी स्टेडियम से 22 किलोमीटर दूर है। इसे बनाने का फैसला रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के विक्ट्री सेलिब्रेशन में मची भगदड़ के बाद लिया गया है। आरसीबी ने पहली बार आईपीएल ट्रॉफी जीती। इसी जीत का जश्न मनाने के लिए 4 जून को चिन्नास्वामी में कार्यक्रम रखा गया था। इसमें भगदड़ मच गई और 11 लोगों को जान गंवानी पड़ी। 1,650 करोड़ रुपए की इस परियोजना का पूरा खर्च कर्नाटक हाउसिंग बोर्ड उठाएगा। इसमें सिर्फ क्रिकेट मैदान ही नहीं, बल्कि आठ इनडोर और आठ आउटडोर खेलों की सुविधाएं, आधुनिक जिम, ट्रेनिंग सेंटर, स्विमिंग पूल, गेस्ट हाउस, हॉस्टल, होटल और अंतरराष्ट्रीय आयोजनों के लिए एक कन्वेंशन हॉल भी होगा। यह स्टेडियम बेंगलुरु में बीसीसीआई के नए राष्ट्रीय क्रिकेट अकादमी (एनसीए) जैसा बन सकता है।

# पाकिस्तान ने पहले वनडे में वेस्टइंडीज को हराया

## सीरीज में 1-0 की बढ़त बनाई, नवाज-रिजवान के अर्धशतक

**त्रिनिदाद (एजेंसी)।** पाकिस्तान ने वेस्टइंडीज को पहले वनडे में 5 विकेट से हराकर तीन मैचों की सीरीज में 1-0 की बढ़त हासिल कर ली है। त्रिनिदाद के ब्रायन लारा स्टेडियम में खेले गए मैच में 281 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए पाकिस्तान ने 49वें ओवर में जीत दर्ज की।

वनडे डेब्यू कर रहे हसन नवाज जीत के हीरो रहे। उन्होंने नाबाद अर्धशतक (63*) लगाया। वहीं, अपने करियर का दूसरा मैच खेल रहे हुसैन तलत नाबाद 41 रन बनाए। दोनों के बीच छठे विकेट के लिए 104 रनों की नाबाद साझेदारी हुई और पाकिस्तान ने 7 गेंदें शेष रहते टारगेट हासिल कर लिया।

वेस्टइंडीज की ओर से तीन अर्धशतक लगे

पाकिस्तान ने टॉस जीतकर पहले फील्डिंग करने का फैसला किया। पहले बैटिंग कर रही वेस्टइंडीज की शुरुआत अच्छी नहीं रही। 4 रन के स्कोर पर कैरिबियाई टीम का पहला विकेट गिरा। ब्रैंडन किंग 5 गेंदों का सामना कर 4 रन बना कर आउट हो गए।उसके बाद वेस्टइंडीज की ओर से तीन बल्लेबाजों ने अर्धशतक जड़े और पारी को संभालते हुए स्कोर 280 तक पहुंचाया। जिसमें एविन लुईस (60), शाई होप (55) और रोस्टन चेज (53) शामिल हैं। इनके अलावा केसी कार्टी ने 30 और गुकेश मोती ने 31 रन बनाए।



### वेस्टइंडीज की ओर से दो 50+ साझेदारियां हुई

दूसरे विकेट के एविन लुईस और केसी कार्टी ने 82 गेंदों पर 77 रन की साझेदारी की। उसके बाद चौथे विकेट के लिए शाई होप और रदरफोर्ड ने 39 गेंदों पर 31 रन की पार्टनरशिप की। वहीं, पांचवें विकेट के लिए रोस्टन चेज ने 89 गेंदों पर 64 रन की पार्टनरशिप की।

वेस्टइंडीज की पूरी टीम 49वें ओवर में सभी विकेट खोकर 280 रन पर सिमट गई। पाकिस्तान की ओर से शाहीन शाह अफरीदी ने 51 रन देकर 4 विकेट और नसीम शाह ने 55 रन देकर 3 विकेट लिए।

### रिजवान-नवाज के अर्धशतक


281 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी पाकिस्तान की शुरुआत अच्छी नहीं रही। सलामी बल्लेबाज सईम अयूब 16 रन के स्कोर पर आउट हो गए। उसके बाद अब्दुल्ला शफीक (29) और बाबर आजम के बीच दूसरे विकेट के लिए 54 गेंदों पर 47 रन की साझेदारी हुई।उसके बाद बाबर (47) ने मोहम्मद रिजवान (53) के साथ तीसरे विकेट के लिए 69 गेंदों पर 55 की साझेदारी। उसके बाद रिजवान ने चौथे विकेट के लिए आगा सलमान के साथ 43 गेंदों पर 40 रन की साझेदारी की। वहीं पांचवे विकेट के लिए रिजवान और हसन नवाज के बीच 41 गेंदों पर 22 रन की साझेदारी हुइ।

### हसन और तलत ने संभाला मोर्चा

रिजवान के आउट होने के बाद पाकिस्तान मुश्किल में था, क्योंकि 101 रन अभी बाकी थे। हसन नवाज और हुसैन तलत ने मोर्चा संभाला। हसन ने शुरुआत में 12 गेंदों में सिर्फ 3 रन बनाए और स्पिन के खिलाफ कमजोर दिखे। वेस्टइंडीज ने उनके दो बार कैच छोड़े, जिसका फायदा उठाते हुए उन्होंने पारी को संभाला।

# 'वापसी का बेसब्री से इंतजार', सूर्यकुमार यादव एशिया कप की तैयारी में लगे

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** भारतीय टी20 कप्तान सूर्यकुमार यादव ने अगले महीने होने वाले एशिया कप से पहले रिकवरी के लिए कड़ी मेहनत शुरू कर दी है। जून में सूर्यकुमार ने जर्मनी के म्यूनिख में अपनी सफल स्पोर्ट्स हर्निया सर्जरी के बारे में इंस्टाग्राम पर एक अपडेट साझा किया था। शुक्रवार को सूर्यकुमार ने



इंस्टाग्राम पर एक वीडियो पोस्ट किया जिसमें वह जिम में पसीना बहा रहे थे और अपनी फिटनेस वापस पाने के लिए अलग-अलग एक्सरसाइज कर रहे थे। उन्होंने अपने पोस्ट का कैप्शन दिया, जो मुझे पसंद है उसे करने के लिए वापस आने का बेसब्री से इंतजार कर रहा हूं।

पिछले हफ्ते एक रिपोर्ट में बताया गया था कि यह तेजतर्रार बल्लेबाज सर्जरी से उबरने के दौरान बीसीसीआई के मेडिकल स्टाफ की निगरानी में है। अगले कुछ हफ्तों में सूर्यकुमार का कार्यभार काफी बढ़ने की उम्मीद है और माना जा रहा है कि वह अगले महीने होने वाले एशिया कप के लिए पूरी तरह तैयार हैं जिसकी शुरुआत 9 सितंबर से होनी है। रिपोर्ट के अनुसार भारतीय टीम के सितंबर के पहले हफ्ते में यूएई जाने की उम्मीद है। यह टूर्नामेंट अगले साल होने वाले टी20 विश्व कप में अपना खिताब बचाने के लिए भारत की तैयारियों की शुरुआत का प्रतीक होगा। भारत इस टूर्नामेंट की मेजबानी श्रीलंका के साथ करेगा।सूर्यकुमार को जून 2024 में विश्व कप जीतने के बाद भारत की टी20आई टीम की कमान सौंपी गई थी, जब रोहित शर्मा ने इस प्रारूप से संन्यास की घोषणा की थी। इस 34 वर्षीय खिलाड़ी को आखिरी बार जून में मुंबई टी20 लीग के दौरान खेलते हुए देखा गया था, जहां उन्होंने ट्रायम्फ नाइट्स मुंबई नॉर्थ ईस्ट का प्रतिनिधित्व किया था।



# सीएसके बड़े बदलाव की तैयारी में, कई प्लेयर्स रिलीज होंगे

## नीलामी में 40 करोड़ के पर्स के साथ उतर सकती हैं; धोनी खेल सकते हैं

**चेन्नई (एजेंसी)।** चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के आगामी सीजन के लिए अपनी टीम में और आक्रामकता लाने की योजना बना रही है। टाइम्स ऑफ इंडिया की एक रिपोर्ट के अनुसार, सीएसके अपने पर्स को बढ़ाने के लिए कुछ खिलाड़ियों को रिलीज कर सकती है, ताकि नीलामी में बड़े खिलाड़ियों को शामिल किया जा सके। अगले सीजन से पहले सीएसके मैनेजमेंट का टारगेट एक संतुलित और मजबूत टीम बनाना है।

टीम का पिछला सीजन काफी खराब रहा था। ष्टस्य ने 14 में से केवल 4 मैच जीते और पॉइंट्स टेबल में सबसे आखिरी 10वें स्थान पर रही थी। इसके साथ ही फैंस के लिए खुशखबरी यह है कि महेंद्र सिंह धोनी के अगले सीजन में भी खेलने की संभावना है।

भारत के ऑफ स्पिनर आर अश्विन (9.75 करोड़ रुपए) की टीम से विदाई तय लग रही है। वहीं, डेवोन कॉन्वे (6.25 करोड़ रुपए), रचिन रवींद्र (4 करोड़ रुपए), राहुल त्रिपाठी (3.4 करोड़ रुपए), सैम करन (2.4 करोड़ रुपए), गुरजपनीत सिंह (2.2 करोड़ रुपए), नाथन एलिस (2 करोड़ रुपए), दीपक हुड्डा (1.75 करोड़ रुपए), जेमी एवरटन (1.5 करोड़ रुपए) और विजय शंकर (1.2 करोड़ रुपए) जैसे खिलाड़ियों के भविष्य पर भी सवालिया निशान है। अगर टीम इन खिलाड़ियों को रिलीज करती है तो टीम के पास 34.45 करोड़ रुपए की राशि हो सकती है और कुछ अतिरिक्त राशि के साथ सीएसके नीलामी में लगभग 40 करोड़ रुपए के साथ उतर सकती है।

दूसरी ओर, कप्तान संजू सैमसन ने राजस्थान रॉयल्स (आरआर) से मिनी ऑक्शन से पहले खुद को ट्रेड या रिलीज करने का अनुरोध किया हैं। संजू को अपने साथ जोड़ने के लिए सीएसके, केकेआर और डीसी रुचि दिखा रही हैं। इंडियन एक्सप्रेस के मुताबिक, पांच बार की आईपीएल चैंपियन चेन्नई सुपर किंग्स सैमसन को अपनी टीम में शामिल करना चाहती है। 2025 के खत्म होने के बाद ही सैमसन ने संयुक्त राज्य अमेरिका में ष्टस्य मैनेजमेंट और उनके मुख्य कोच स्टीफन फ्लेमिंग से मुलाकात भी की थी। समझा जाता है कि चेन्नई 30 साल के खिलाड़ी को ट्रेड डील के जरिए चेपॉक लाने के लिए तैयार है। हालांकि टीम के लिए यह आसान नहीं है।एमएस धोनी की ओर से अभी तक इस बात के कोई संकेत नहीं मिले हैं कि वह अगले सीजन में नहीं खेलेंगे। पिछला सीजन अच्छा नहीं रहा था और फ्रैंचाइजी का मानना है कि उनके पूर्व कप्तान एक और सीजन के लिए टीम में बने रहेंगे।

## संक्षिप्त समाचार

### बांदा में शराब के नशे में बेटे ने चाकू से हमलाकर बुजुर्ग पिता की हत्या की, गिरफ्तार

**बांदा, एजेंसी।** उत्तर प्रदेश में बांदा जिले के देहात कोतवाली क्षेत्र के एक गांव में कथित तौर पर शराब के नशे में एक युवक ने चाकू व फरसे से हमलाकर अपने बुजुर्ग पिता की हत्या कर दी। पुलिस ने शनिवार को बताया कि इस सिलसिले में आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। थाना प्रभारी अनूप दुबे ने बताया कि कुलकुमारी गांव में शुक्रवार शाम करीब साढ़े छह बजे गोरेलाल (35) ने शराब के नशे में चाकू और फरसे से हमलाकर अपने पिता नंदलाल कुशवाहा (60) को गंभीर रूप से घायल कर दिया। उन्होंने बताया कि घटना के समय घर के अन्य सदस्य खेत में धान की रोपाई के लिए गए हुए थे, चीख-पुकार सुनकर पड़ोसी मौके पर पहुंचे और परिजनों को घटना की सूचना दी। दुबे ने बताया कि कुशवाह को अस्पताल ले जाया गया जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। उन्होंने कहा, ''गोरेलाल शराब पीने का आदी है और शराब के नशे में पिता से उसकी कहासुनी हुई, जिसके बाद उसने घटना को अंजाम दिया।'' थाना प्रभारी ने बताया कि मौके पर पहुंची पुलिस ने गोरेलाल को रात में ही गिरफ्तार कर लिया है और आज शव का पोस्टमार्टम कराया जाएगा।

### यूपी पंचायत चुनाव: 25 अगस्त तक घर-घर जाएंगे बीएलओ, जिलाधिकारी का निर्देश

**प्रयागराज , एजेंसी।** यूपी में अगले वर्ष प्रस्तावित पंचायत चुनाव को तैयारियां तेजी चल रही हैं। पंचायत चुनाव के लिए मतदाता सूची पुनरीक्षण का काम 18 अगस्त से शुरू होगा जो कि 25 अगस्त तक चलेगा। इस दौरान बीएलओ घर-घर जाएंगे और मतदाताओं के नाम जोड़ेंगे। जिलाधिकारी ने संबंध में निर्देश जारी किया है। इस कार्य में लापरवाही बरतने पर सख्त कार्रवाई की चेतावनी दी गई है। प्रयागराज जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा ने शुक्रवार को पंचायत चुनाव के लिए अधिकारियों की बैठक की। प्रयागराज जिलाधिकारी ने कहा कि बीएलओ घर-घर जाकर मतदाता सूची में नाम जोड़ेंगे। इस दौरान उन्होंने निर्देश दिया कि अगर 25 अगस्त तक बीएलओ ग्राम पंचायत में न पहुंचे या फिर किसी को कोई शिकायत है तो वह जिलाधिकारी, जिला निर्वाचन अधिकारी पंचायत, प्रभारी अधिकारी जिला निर्वाचन कार्यालय पंचायत एवं नगरीय निकाय से व्यक्तिगत रूप से मिलकर या फिर फोन पर बात करके शिकायत कर सकता है। ऐसे लोग जिनकी आयु एक जनवरी 2025 को 18 वर्ष या इससे अधिक हो चुकी है वह अपने निवास से संबंधित ग्राम पंचायत में मतदान करने के योग्य माने जाएंगे। जिला अधिकारी ने सभी से अपील की है कि अगर उनकी आयु 18 वर्ष हो चुकी है तो वह अपना नाम मतदाता सूची में जुड़वाएं। आपको बता दें कि अगले साल यूपी पंचायत चुनाव होना हैं। उत्तर प्रदेश में इस बार 504 ग्राम पंचायतें कम हो चुकी हैं। अब 57696 ग्राम पंचायतों में चुनाव होगा। वहीं नगरीय सीमा विस्तार होने की वजह से ग्राम पंचायत के वार्ड भी कम हो जाएंगे।

### महाराष्ट्र को मिलेगी देश की सबसे लंबी दूरी वाली वंदे भारत एक्सप्रेस

**नागपुर, एजेंसी।** महाराष्ट्र के लिए खुशखबरी है। राज्य को जल्द ही अपनी 12वीं वंदे भारत एक्सप्रेस मिलने जा रही है, जिसका उद्घाटन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 10 अगस्त को करेंगे। यह नई सेमी-हाई-स्पीड ट्रेन अजनी (नागपुर) से पुणे के बीच चलाई जाएगी और इसका संचालन व रखरखाव सेंट्रल रेलवे जोन द्वारा किया जाएगा। अजनी (नागपुर)-पुणे वंदे भारत एक्सप्रेस देश की सबसे लंबी चलने वाली वंदे भारत ट्रेन होगी, जो कि 881 किमी की दूरी तय करेगी। यह नागपुर से पुणे के बीच की सबसे तेज ट्रेन होगी, जिसकी औसत रफ्तार 73 किमी प्रति घंटा होगी। ट्रेन में 10 इंटरमीडिएट स्टॉप होंगे और यह वार्धा-अकोला-शेगांव-भुसावल-जलगांव-मनमाड़ होते हुए पुंटांबा-डौंड के मार्ग से गुजरेगी। यह नई वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेन संख्या 26101/26102 के रूप में चलेगी। पुणे से नियमित सेवा 11 अगस्त से और अजनी से 12 अगस्त से शुरू होगी। यह ट्रेन सप्ताह में छह दिन चलेगी।यह सेवा दोनों शहरों और बीच के कस्बों में काम, व्यापार, पढ़ाई और पर्यटन के लिए यात्रियों को बड़ी सुविधा देगी। व्यापारी, छात्र, कर्मचारी और पर्यटक सभी को तेज़ और आरामदायक यात्रा का लाभ मिलेगा। पर्यटन को बढ़ावा देने के साथ-साथ व्यापार और वाणिज्य के नए अवसर भी खुलेंगे।

# उदयपुर फाइल्स: कन्हैयालाल की आत्मा के लिए भी खाली रखी एक सीट

**उदयपुर, एजेंसी।**
चर्चित कन्हैयालाल टेलर हत्याकांड पर आधारित फिल्म उदयपुर फाइल्स: आज रिलीज हो गई है। फिल्म की रिलीज के मौके पर कन्हैयालाल के बेटे यश साहू ने भावुक अपील करते हुए कहा कि यह फिल्म सिर्फ एक कहानी नहीं, बल्कि देश के लोगों के लिए एक संदेश है कि 28 जून को उनके पिता के साथ क्या हुआ और किस तरह देश में आतंकवाद की जड़ें काम कर रही हैं।

यश साहू ने कहा, मैं देश के लोगों से अपील करता हूं कि वे यह फिल्म जरूर देखें और सच्चाई जानें। यह फिल्म किसी भी धर्म का विरोध करने या किसी समुदाय की भावनाओं को ठेस पहुंचाने के लिए नहीं बनाई गई है, बल्कि इसका उद्देश्य लोगों को जागरूक करना और आतंकवाद के खतरनाक चेहरे को उजागर करना है। उन्होंने बताया कि फिल्म के विशेष प्रदर्शन में बड़ी संख्या में लोग पहुंचे और फिल्म को भरपूर समर्थन दिया। मेरी मां यह फिल्म नहीं देख पाएंगी, लेकिन थिएटर में मेरे पिता की आत्मा के लिए एक सीट खाली रखी गई और उस पर उनका फोटो लगाया गया, ताकि उनकी मौजूदगी का अहसास बना रहे, यश ने कहा।

यश साहू ने आगे बताया कि इस फिल्म को बनाने और रिलीज करने में कई हिंदू संगठनों ने सहयोग दिया, साथ ही प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार ने भी पूरी मदद की। उन्होंने कहा कि यह समर्थन उनके परिवार के लिए हौसला बढ़ाने वाला है और उन्हें न्याय की लड़ाई जारी रखने की ताकत देता है।

कन्हैयालाल हत्याकांड 28 जून 2022 को उदयपुर में हुआ था, जब दो हमलावरों ने उनके दुकान में घुसकर बेरहमी से उनकी हत्या कर दी थी। इस घटना ने पूरे देश को झकझोर दिया था और इसके बाद पूरे देशभर में कड़ी निंदा हुई थी। जांच एजेंसियों ने इस मामले को आतंकी साजिश से जुड़ा मानते हुए कई आरोपियों को गिरफ्तार किया था। 'उदयपुर फाइल्स' फिल्म इसी घटना की पृष्ठभूमि पर आधारित है, जिसमें दिखाया गया है कि कैसे कट्टरपंथी सोच के चलते निर्दोष लोगों की जानें जाती हैं और समाज में भय का माहौल फैलता है। फिल्म का उद्देश्य न केवल घटना की सच्चाई सामने लाना है, बल्कि लोगों को यह समझाना भी है कि आतंकवाद की जड़ें किस तरह पनपती हैं और उन्हें खत्म करने के लिए समाज को एकजुट होना कितना जरूरी है। फिल्म की रिलीज पर यश साहू के बयान ने दर्शकों के बीच भावनात्मक माहौल बना दिया। कई लोगों ने थिएटर में उनके पिता की तस्वीर के सामने श्रद्धांजलि दी और उनके साहस को सलाम किया। यश ने कहा, यह फिल्म मेरे पिता के न्याय की लड़ाई का हिस्सा है। हम चाहते हैं कि देश का हर नागरिक जाने कि उनके साथ क्या हुआ और यह समझे कि आतंकवाद किसी भी देश और समाज के लिए कितना बड़ा खतरा है। हिंदू संगठनों और आम लोगों के साथ-साथ सोशल मीडिया पर भी इस फिल्म को लेकर चर्चा तेज हो गई है। कई यूजर्स ने फिल्म देखने के बाद अपने अनुभव साझा करते हुए इसे आंखें खोल देने वाली और सच्चाई से रूबरू कराने वाली फिल्म बताया।



# फर्जी वोटों के कारण 2019 चुनाव हारी थी कांग्रेस: खड़गे

**बेंगलुरु , एजेंसी।**
कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने शुक्रवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) पर तीखा हमला बोलते हुए वोट चोरी का आरोप लगाया। बेंगलुरु के फ्रीडम पार्क में कांग्रेस की वोट अधिकार रैली को संबोधित करते हुए, मल्लिकार्जुन खड़गे ने दावा किया कि पार्टी 2019 के आम चुनाव फर्जी वोटों के कारण हारी थी। खड़गे ने कहा कि मौजूदा सरकार चोरी की सरकार है। मोदी फर्जी वोटों से इस देश को रुला रहे हैं। मैंने 2019 में यह कहा था। अपने पूरे जीवन में, मैं 2019 के चुनावों में हारा हूँ, मैं भी फर्जी वोटों के कारण हारा हूँ, जो अब सामने आया है। बेंगलुरु सेंट्रल के महादेवपुरा में राहुल गांधी के वोट चोरी के दावे को दोहराते हुए, खड़गे ने दावा किया कि चुनाव आयोग प्रधानमंत्री मोदी और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के इशारे पर काम करता है। उन्होंने कहा कि बेंगलुरु में हुए चुनावों में, एक विधानसभा ने 6,60,000 वोटों का सत्यापन किया है। पिछला चुनाव विश्वासघात का चुनाव था। मोदी की कोशिश है कि अगर लोग वोट न भी दें, तो मोदी और अमित शाह चुनाव आयोग को आदेश दें कि वह तय करे कि कहाँ कम वोट देना है और कहाँ ज़्यादा। प्रधानमंत्री मोदी पहले ही कांग्रेस और अन्य दलों को डराकर बहुमत हासिल कर चुके हैं।



उन्होंने कहा कि भाजपा ने महाराष्ट्र और कर्नाटक विधानसभा चुनाव और 2024 के लोकसभा चुनाव अवैध रूप से जीते हैं। उन्होंने कहा कि इससे पहले महाराष्ट्र और कर्नाटक में भी उन्होंने यही चाल चली है। मोदी एंड कंपनी 2024 का चुनाव नहीं जीत पाई। उन्होंने आगे कहा कि इंडिया ब्लॉक के सांसद 11 अगस्त को दिल्ली स्थित चुनाव आयोग के कार्यालय तक मार्च करेंगे। उन्होंने कहा कि यह सरकार नहीं बचेगी, हम तुम्हें जनता से दूर कर देंगे। हम उन्हें सिर्फ़ गिराएँगे ही नहीं, बल्कि उन्हें सबक भी सिखाएँगे; वे ख़राब आर्थिक नीतियों से हमारे देश को बर्बाद कर रहे हैं।

खड़गे ने कहा कि सोमवार को सभी सांसद दिल्ली में चुनाव आयोग जाएँगे और आयोग से अपील करेंगे। हमने भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) गठबंधन के नेताओं की एक बैठक बुलाई है। हम सभी को एकजुट होना चाहिए, वरना प्रधानमंत्री मोदी ऐसे ही सत्ता में आ जाते। भारत छोड़ो आंदोलन के दौरान महात्मा गांधी के प्रसिद्ध भाषण को याद करते हुए, खड़गे ने कहा, संविधान की रक्षा के लिए करो या मरो। कांग्रेस नेता ने कहा, उस समय उन्होंने 9 अगस्त को भारत छोड़ो आंदोलन किया था। उसी तरह, हम भी संविधान की रक्षा के लिए करो या मरो का रास्ता अपनाएँगे। मैं राहुल गांधी का धन्यवाद करता हूँ। वह लोगों में जागरूकता पैदा करने के लिए काम कर रहे हैं। वह किसी भी चीज़ के लिए तैयार हैं। भले ही उनके ख़िलाफ़ 40-50 मामले दर्ज हों, फिर भी वह अपना अच्छा काम जारी रखे हुए हैं।

# राहुल की डिनर मीटिंग में उद्धव को मिली अंतिम पंक्ति में जगह, भाजपा ने पूछा- कहां गया आत्मसम्मान?

**मुंबई, एजेंसी।**
महाराष्ट्र की राजनीति में एक बार फिर सियासी बयानबाज़ी तेज हो गई है। बीजेपी और शिवसेना (उद्धव बालासाहेब ठाकरे) आमने-सामने हैं। वजह है हाल ही में राहुल गांधी द्वारा आयोजित डिनर मीटिंग में उद्धव ठाकरे का पिछली पंक्ति में बैठना। बैठक के दौरान उद्धव ठाकरे, उनके बेटे आदित्य ठाकरे और राज्यसभा सांसद संजय राउत को अंतिम पंक्ति में बैठे देखा गया। इस समय लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी चुनाव आयोग पर कथित मतदाता धोखाधड़ी का प्रेजेंटेशन दे रहे थे।



महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने तंज कसते हुए कहा कि जब शिवसेना (एकीकृत) एनडीए का हिस्सा थी, तब उद्धव हमेशा पहली पंक्ति में बैठते थे। उन्होंने कहा, हमारे लिए उनका सम्मान हमेशा हमारे सम्मान से ऊपर था। अब हमें पता चला कि इंडिया ब्लॉक में उन्हें कैसा सम्मान मिलता है। उन्होंने यह भी कहा कि उद्धव ठाकरे पहले कहा करते थे कि वे दिल्ली के आगे नहीं झुकेंगे।

फडणवीस ने तंज कसते हुए कहा, देखिए आज हालात कैसे हैं, जबकि वे सत्ता में भी नहीं हैं। जब वो हमारे साथ थे, तब हमेशा फ्रंट रो में बैठते थे। वहीं, महाराष्ट्र बीजेपी ने बैठक की एक तस्वीर सोशल मीडिया पर डालते हुए लिखा, इस तस्वीर में आत्मसम्मान खोजिए!

महाराष्ट्र के डिप्टी सीएम एकनाथ शिंदे ने भी चुटकी ली। उन्होंने कहा, जिन्होंने आत्मसम्मान गिरवी रखकर बाल ठाकरे की विचारधारा छोड़ी, उन्हें इस अपमान से फर्क नहीं पड़ेगा। कांग्रेस ने उन्हें उनकी औकात दिखा दी। राज्यसभा सांसद संजय राउत ने बीजेपी के आरोपों को खारिज करते हुए कहा, हम पहले पंक्ति में बैठे थे, लेकिन टीवी स्क्रीन पास होने से आंखों में तकलीफ हो रही थी, इसलिए पीछे चले गए। राहुल गांधी और सोनिया गांधी ने उद्धव जी और उनके परिवार का घर जैसा स्वागत किया।

राउत ने तंज कसते हुए कहा, बीजेपी बेकार की बातों में उलझी है कि कौन कहां बैठा था।

# ट्रंप के टैरिफ वार के बीच रूस में डोभाल की मैराथन बैठक, टॉप-3 नेताओं से मिले

**रूस , एजेंसी।** राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजित डोभाल ने शुक्रवार को मास्को में रूस के उप प्रधानमंत्री डेनिस मांतुरोव से मुलाकात की। यह दो दिनों में उनकी तीसरी उच्चस्तरीय बैठक थी। गुरुवार को डोभाल ने रूसी सुरक्षा परिषद सचिव सर्गेई शोइगू से बातचीत की और राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन से भी भेंट की थी।

रूसी सरकार के बयान के मुताबिक, डोभाल और मांतुरोव ने सैन्य-तकनीकी सहयोग के साथ-साथ नागरिक विमानन और रासायनिक उद्योग जैसे अन्य रणनीतिक क्षेत्रों में संयुक्त परियोजनाओं के क्रियान्वयन पर चर्चा की। मांतुरोव ने नवंबर 2024 में मुंबई में हुई पिछली भारत-रूस की बैठक में सह-अध्यक्षता की थी। डोभाल की यह यात्रा ऐसे समय हुई है जब भारत-अमेरिका संबंधों में तनाव तेज हो गया है। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने भारत की रूस से तेल खरीद जारी रखने के कारण भारतीय आयात पर अतिरिक्त 25त्न शुल्क लगा दिया है, जो पहले से लागू 25प्रतिशत टैरिफ के साथ मिलकर कुल 50प्रतिशत हो गया है।

### पुतिन की भारत यात्रा पर भी चर्चा

डोभाल और रूसी नेताओं के बीच बातचीत में इस साल के अंत में होने वाले वार्षिक भारत-रूस शिखर सम्मेलन के लिए पुतिन की नई दिल्ली यात्रा भी एजेंडे में रही।

गुरुवार को डोभाल ने कहा था कि ये वार्षिक बैठकें हमेशा मील का पत्थर साबित हुई हैं और रिश्तों को नई दिशा देती रही हैं। शुक्रवार को पुतिन ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से फोन पर बात की, जिसमें उन्होंने यूक्रेन संघर्ष के समाधान के प्रयासों की जानकारी दी। पीएम मोदी ने एक्स पर लिखा, हमने द्विपक्षीय एजेंडे की प्रगति की समीक्षा की और भारत-रूस विशेष और विशेषाधिकार प्राप्त रणनीतिक साझेदारी को और गहरा करने की प्रतिबद्धता दोहराई। पुतिन के इस साल के अंत में नई दिल्ली आने की उम्मीद है, जहां वे वार्षिक शिखर सम्मेलन में प्रधानमंत्री मोदी से मुलाकात करेंगे।



### 8 घायल, 1500 लोगों को रेस्क्यू किया



**कराची , एजेंसी।** पाकिस्तान के कराची में लांढी के एक्सपोर्ट प्रोसेसिंग क्षेत्र में गुरुवार सुबह एक कपड़ा फैक्ट्री में भीषण आग लग गई। इस हादसे में 8 लोग घायल हो गए और इमारत पूरी तरह ढह गई। पाकिस्तानी मीडिया के अनुसार, आग सुबह लगी और करीब चार घंटे से अधिक समय तक बेकाबू रही। आग बुझाने के लिए 12 फायर टेंडर तैनात किए गए, लेकिन आग तेजी से फैल गई। पास की चार अन्य फैक्ट्रियों तक भी आग पहुंच गई। फैक्ट्री में पुराने कपड़ों की रीसाइकलिंग होती थी और वहां केमिकल भी रखे थे, जिससे आग और तेज हो गई। रेस्क्यू अधिकारी आबिद जिलाल ने बताया कि आग लगने के समय फैक्ट्री में 1,200 से 1,500 लोग मौजूद थे। सभी मजदूरों को सुरक्षित रेस्क्यू किया गया और आसपास की इमारतों को भी खाली कराया गया। सिंध के मुख्यमंत्री सैयद मुराद अली शाह ने घटना का संज्ञान लिया और बचाव कार्यों में लगे। मुख्य अग्निशमन अधिकारी मुहम्मद हुमायूं ने बताया कि आग पहली मंजिल से शुरू हुई और तेजी से फैल गई। आग का कारण अभी पता नहीं चल सका है। मलबा हटाने में तीन से चार दिन लग सकते हैं। उन्होंने यह भी कहा कि क्षेत्र की फैक्ट्रियों को सुरक्षा सर्वे फॉर्म भेजे गए थे, लेकिन कोई जवाब नहीं मिला। जियो न्यूज के अनुसार, जून में लांढी में एक दूसरी फैक्ट्री में आग लगने से पांच कर्मी घायल हुए थे।

### हबल अंतरिक्ष दूरबीन ने दूसरे सौरमंडल से आए धूमकेतु की सबसे साफ तस्वीर ली

**वाशिंगटन, डीसी, एजेंसी।**
हबल अंतरिक्ष दूरबीन ने एक ऐसे धूमकेतु की अब तक की सबसे साफ तस्वीर खींची है, जो हमारे सौरमंडल के बाहर के किसी तारे से आ रहा है। यह धूमकेतु बहुत तेजी से यात्रा कर रहा है। यह तस्वीरें नासा और यूरोपीय अंतरिक्ष एजेंसी ने बृहस्पतिवार को साझा कीं। इस धूमकेतु का नाम 3आई-एटलस है। इसे पिछले महीने चिली में एक जमीन पर लगी दूरबीन से खोजा गया था। यह अब तक पाया गया तीसरा ऐसा अंतरतारकीय (दूसरे तारे से आया हुआ) पिंड है, जो हमारे सौरमंडल से होकर गुजरेगा। अच्छी बात यह है कि इससे पृथ्वी को कोई खतरा नहीं है। शुरुआत में वैज्ञानिकों ने सोचा था कि इसके बीच का बर्फीला हिस्सा (जिसे नाभिक कहते हैं) बहुत बड़ा होगा। लेकिन हबल की ली गई तस्वीरों से पता चला कि इसका आकार ज्यादा से ज्यादा 5.6 किलोमीटर है, और हो सकता है कि यह सिर्फ 320 मीटर ही हो। यह धूमकेतु करीब 2 लाख 9 हजार किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से हमारी दिशा में आ रहा है। लेकिन यह पृथ्वी के बजाय मंगल ग्रह के ज्यादा पास से गुजरेगा, इसलिए इससे हमें कोई खतरा नहीं है।नासा के अंतरिम प्रशासक सीन डफी ने 2030 तक चंद्रमा की सतह पर एक परमाणु रिएक्टर स्थापित करने की योजना की घोषणा की है।

# 11000 की जनसंख्या वाले देश पर मंडरा रहा है डूबने का खतरा

### ऑस्ट्रेलिया ने खोले दरवाजे

**तुवालु, एजेंसी।**
समुद्र का जलस्तर तेजी से बढ़ रहा है, जिसके कारण दुनिया के कई देश डूबने की कगार पर हैं। प्रशांत महासागर में मौजूद तुवालु भी इन्हीं में से एक है। वायर्ड की रिपोर्ट के अनुसार, तुवालु अगले 25 साल में डूब जाएगा। ऐसे में तुवालु के लोगों ने अभी से पलायन करना शुरू कर दिया है।

9 कोरल आईलैंड और अटॉल्स से बने तुवालु देश की जनसंख्या महज 11,000 है। यह द्वीप समुद्रतल से महज 2 मीटर ऊंचा है। ऐसे में तुवालु से लोगों का पलायन दुनिया का पहला योजनाबद्ध प्रवास माना जा रहा है।

समुद्रतल से कम ऊंचाई के कारण तुलावु में अक्सर बाढ़ और समुद्री तूफान जैसे खतरे बने रहते हैं। रिपोर्ट्स के अनुसार, तुवालु के 9 में से 2 आईलैंड पहले ही डूब चुके हैं और बाकी आईलैंड भी डूबने की कगार पर हैं। 15 सालें की तुलना में 2023 में तुवालु के आसपास का समुद्रीस्तर 15 सेंटीमीटर बढ़ गया था। ऐसे में संभावना है कि अगले 25 सालों यानी 2050 तक तुवालु पूरी तरह से डूब जाए। 2023 में तुवालु और ऑस्ट्रेलिया ने फॉलेपिली समझौते पर हस्ताक्षर किए थे। इसके तहत हर साल 280 तुवालु नागरिकों को ऑस्ट्रेलिया की स्थायी नागरिकता प्रदान की जाएगी। 16 जुलाई से 18 जुलाई के बीच आवेदन का पहला फेज देखने को मिला।

ऑस्ट्रेलियन हाई कमिशन के अनुसार, 8,750 लोगों ने आवेदन किया था। जिनमें से बैलट के जरिए 280 लोगों का चयन किया गया है।



स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक, संपादक देवन प्रसाद द्वारा आर.डी. प्रिंटर एंड पब्लिशर्स प्राइवेट लिमिटेड, ए-24, सेक्टर-8, नोएडा, उत्तर प्रदेश से मुद्रित एवं - बी-126, मायापुरी इंडस्ट्रीयल एरिया, फेस-1, नई दिल्ली-110064 से प्रकाशित। सह संपादक: रंजीत राय फोन नं-011-45795464 (नोट: प्रकाशित सभी लेखों आदि से संपादक का सहमत होना आवश्यक नहीं और किसी भी कानूनी वाद-विवाद का निपटारा दिल्ली उच्च न्यायालय में ही किया जाएगा।) RNI. No. DELHIN/2010/32488, Email: news@pratahkiran.com, मो. 9212228045, 8130691216, 9971557129